@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 26 सितंम्बर 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 323 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# अमित शाह ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया शुभारंभ



**एजेंसी**
**नोएडा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) के चौथे संस्करण का शुक्रवार को शुभारंभ किया। इस मौके पर उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राकेश सचान सहित कई मंत्री, अधिकारी शामिल रहे। इस ट्रेड शो में पहली बार आस्ट्रिया, जापान, रूस, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम साझेदार देश के तौर पर सहभागिता कर रहे हैं। इन देशों की भागीदारी से व्यापार साझेदारी, तकनीकी सहयोग, सोर्सिंग, निवेश और नए बाजारों तक प्रदेश के उत्पादों की पहुंच के अवसर बढ़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदारों की बीटूबी बैठक, सेक्टोरल नीति सत्र से प्रदेश में निवेश की नई संभावनाएं तैयार की जाएंगी। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले यूपीआईटीएस में 2,400 से अधिक प्रदर्शकों, 1.5 लाख से अधिक बीटूबी खरीदारों एवं आगंतुकों, 4.5 लाख से अधिक सामान्य आगंतुकों तथा 85 देशों के 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के शामिल होने की उम्मीद है।

## • यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अमित शाह बोले-
## तमंचों की फैक्ट्री की जगह बन रही ब्रह्मोस

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुक्रवार से शुरू हुए चौथे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का इंजन बनकर उभर रहा है और प्रदेश में निवेश तथा उत्पादन का माहौल तेजी से मजबूत हुआ है। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर भारत को उत्पादन और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश ने अपनी विकास दर को बनाए रखा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और माफिया का प्रभाव था। उनके अनुसार, 2017 के बाद प्रदेश में अपराध और माफिया के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया। उन्होंने कहा, ''तमंचों की फैक्ट्री की जगह ब्रह्मोस बन रही है। जिन स्थानों पर पहले वाहन चोरी की घटनाएं होती थीं, वहां अब वाहन निर्माण हो रहा है और चेन स्नैचिंग जैसे अपराधों के लिए बदनाम इलाकों में मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी औद्योगिक परियोजनाएं विकसित हो रही हैं।''

# 'यूपी के उत्पादों पर बढ़ा दुनिया का भरोसा'
## • निर्यात दो लाख करोड़ के पार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**
**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के परंपरागत हुनर से लेकर आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग तक की ताकत शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में दुनिया के सामने दिखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। इस बार 90 देशों से 600 से अधिक विदेशी खरीदार पहुंचे हैं, जबकि 2,400 से अधिक एग्जीबिटर्स अपने उत्पादों के साथ ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों की गुणवत्ता, मजबूत सप्लाई चेन और यहां के उद्यमियों की विश्वसनीयता पर आज पूरी दुनिया को भरोसा है। आज प्रदेश दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार वर्षों में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश में तैयार होने वाले उत्पादों को दुनिया के सामने रखने का बड़ा मंच बन गया है। पिछले वर्ष 72 देशों के 550 बायर्स इसमें शामिल हुए थे। इस बार 90 देशों से 600 से अधिक बायर्स पहुंचे हैं और करीब डेढ़



लाख बी2बी विजिटर्स के आयोजन में शामिल होने की संभावना है। यह बढ़ती भागीदारी उत्तर प्रदेश के कारीगरों के हुनर, युवाओं के इनोवेशन, एमएसएमई सेक्टर और अन्नदाता किसानों की मेहनत के प्रति बढ़ते वैश्विक भरोसे को दिखाती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अपनी जड़ों से जुड़कर दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है, दुनिया उसे फॉलो करती है।

# आंध्र से बंगाल तक बारिश का कहर
## सिक्किम में लैंडस्लाइड, 20 घर बहे • यूपी के 50 शहरों में 24 घंटे से बारिश
### • चक्रवात से ओडिशा में भारी बारिश, 10 हजार लोग शिफ्ट



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी से उठा अर्नब चक्रवात अब कमजोर पड़ गया है। इसके कारण यूपी के 50 शहरों में 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। लखनऊ में शुक्रवार सुबह से अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीण इलाकों में आंधी जैसी तेज हवाओं के कारण फसलें गिर गई हैं। खेतों में पानी भर गया है।

सिक्किम के ग्यालशिंग जिले के रिंबी गांव में लगातार बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इसमें 20 से ज्यादा घर और सरकारी क्वार्टर बह गए। हालांकि, अभी तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। चक्रवात से ओडिशा में भारी बारिश के साथ अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी इलाकों में निचले और लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले करीब 10 हजार लोगों को 200 राहत केंद्रों में भेजा गया है। चक्रवात से 9 राज्य प्रभावित हैं। अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इन इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज-चमक भी हो सकती है।



### बारिश से ट्रेन और सड़क सेवाओं पर कितना असर पड़ा?

ओडिशा में मालिगुड़ा और छत्रीपुट स्टेशनों के बीच भूस्खलन से रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। एहतियात के तौर पर चार ट्रेनें रद्द की गईं, जबकि कुछ ट्रेनों को बीच के स्टेशनों से ही समाप्त या वहीं से शुरू किया गया। आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश से सड़कें और खेत पानी में डूब गए।
अनकापल्ली और चोडावरम को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ। पार्वतीपुरम मान्यम जिले में लगातार बारिश से तालाब, नहरें और छोटी नदियां उफान पर आ गईं।

### मौसम तंत्र अब किस दिशा में बढ़ रहा है?

मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश के तट से गुजरने वाला गहरा दबाव क्षेत्र अब कमजोर होकर डिप्रेशन बन चुका है। शुक्रवार सुबह यह ओडिशा के नुआपाड़ा के पास दक्षिणी आंतरिक ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित था। इसके अगले कुछ घंटों तक उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने और फिर धीरे-धीरे कमजोर होकर कम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की संभावना जताई गई है।

# 'न कांग्रेस में लौटूंगा, न सीएम की दौड़ में हूं'
## कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तोड़ी चुप्पी, विस चुनाव से पहले एलान



**एजेंसी**
**चंढीगड़** । पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लंबे समय बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस में लौटने की संभावना से साफ इन्कार किया है। वहीं उन्होंने ये भी साफ किया कि भाजपा में रहकर उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ है और वह खुद को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर मानते हैं।

कैप्टन अमरिंदर का यह बयान विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह 2021 में नवजोत सिद्धू से विवादों के चलते कांग्रेस से अलग हो गए थे। उनके बाद चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। कांग्रेस छोड़ने के बाद उन्होंने अपनी एक नई पार्टी बनाई थी। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया था। अब उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी कांग्रेस में जाने की कोई योजना नहीं है। हालांकि, भाजपा में अपने भविष्य को लेकर उन्होंने निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्हें कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिली है।

# पश्चिम बंगाल के 'एंटी गुंडा बिल' पर राष्ट्रपति की आपत्ति
### • केंद्र के साथ कानूनी टकराव के बाद लौटाया गया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल सरकार के प्रस्तावित 'एंटी गुंडा बिल' को लेकर राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'पश्चिम बंगाल पब्लिक सेफ्टी एंड कंट्रोल ऑफ एंटी-सोशल एक्टिविटीज बिल, 2026' को पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया है। केंद्र सरकार ने इस विधेयक के कुछ प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी। खास तौर पर नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों और निवारक हिरासत के प्रावधानों को लेकर केंद्रीय कानून के साथ संभावित टकराव का मुद्दा उठाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी से पहले अपने नोट में विधेयक के उस प्रावधान पर सवाल उठाया, जिसमें 'गुंडा' की परिभाषा के दायरे में NDPS एक्ट, 1985 के तहत अपराध करने, उसका प्रयास करने, उसे बढ़ावा देने, वित्तीय मदद करने या उसमें सहयोग करने वाले व्यक्ति को भी शामिल किया गया है। केंद्र का तर्क है कि यह प्रावधान नशीली दवाओं की अवैध तस्करी से जुड़े मामलों में पहले से मौजूद केंद्रीय कानून के समानांतर निवारक हिरासत की व्यवस्था तैयार कर सकता है। विशेष रूप से PITNDPS एक्ट, 1988 के तहत मौजूद व्यवस्था के साथ इसके ओवरलैप की आशंका जताई गई है। केंद्र के अनुसार, ऐसी स्थिति संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्रीय और राज्य कानूनों के बीच टकराव का सवाल खड़ा कर सकती है। इसी वजह से NDPS एक्ट के तहत अपराधों से जुड़े उल्लेख को संबंधित धारा से हटाने का सुझाव दिया गया है।

### संशोधन के बाद फिर विधानसभा में आएगा बिल

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बिल को वापस किया जाना सरकार के लिए झटका है, क्योंकि इसे जल्द लागू करने की तैयारी थी। हालांकि, सरकार के पास प्रस्तावित कानून में आवश्यक बदलाव करने के बाद इसे दोबारा विधानसभा में पेश करने का रास्ता मौजूद है। संशोधन के बाद विधेयक को विधानसभा से दोबारा पारित कराकर राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जा सकता है। यानी मौजूदा घटनाक्रम से बिल की प्रक्रिया समाप्त नहीं हुई है, बल्कि अब सरकार को केंद्रीय कानूनों के साथ संभावित टकराव वाले प्रावधानों पर दोबारा विचार करना होगा।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल
### • एसआईटी जांच और कार्रवाई की मांग

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल की गई है। यह याचिका मीडिया रिपोर्टों को आधार बनाकर दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से जुड़े कई अहम फैसले अन्य दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए थे। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि ऐसे सभी फैसलों को गैरकानूनी घोषित किया जाए और मूल फॉर्म-6 को फिर से लागू किया जाए। याचिका में यह भी मांग की गई है कि इस बात की एसआईटी जांच कराई जाए कि आखिर 13 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कैसे हटाए गए। याचिकाकर्ता का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में नाम हटना सामान्य बात नहीं है



और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।जनहित याचिका में आरपी एक्ट के तहत ड्यूटी के दौरान किए गए उल्लंघनों के लिए कई अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की भी मांग की गई है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ-साथ मनीष गर्ग, आईएएस एवं डिप्टी ईसी और ईसीआई की आईटी हेड सीमा खन्ना के नाम शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि इन अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इसी बीच चंडीगढ़ में सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। भारी सुरक्षा के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। पुलिस ने कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया।

# किसानों को बिजली सब्सिडी, युवाओं को हर साल एक लाख नौकरी का वादा
### • पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी का ऐलान

**एजेंसी**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को किसानों और युवाओं के लिए कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि राज्य के करीब चार लाख किसानों को बिजली पर 2 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली सहायता राशि 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये करने की बात कही।



पूर्व बर्धमान जिले में आयोजित प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उपज खरीदने और उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि किसान जितना धान बेचना चाहेंगे, सरकार उतना धान खरीदेगी। इसके लिए 2,700 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) सुनिश्चित किया जाएगा।

### किसानों को बिजली सब्सिडी और धान का उचित मूल्य देने का वादा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के करीब चार लाख किसानों को बिजली पर 2 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जाएगी। इसके साथ ही, पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को सालाना मिलने वाली सहायता राशि 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों से उनकी जरूरत के मुताबिक धान खरीदेगी और उन्हें 2,700 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाएगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि धान की खरीद प्रक्रिया में बिचौलियों और एजेंटों की कोई भूमिका नहीं होगी।

# बृजभूषण सिंह के खिलाफ केस में नया मोड़
### महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को चुनौती दी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । महिला पहलवानों ने पूर्व बीजेपी सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न मामले में उन्हें बरी किए जाने के फैसले को दिल्ली की सेशन कोर्ट में चुनौती दी है।

पहलवानों ने अपनी याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट के फैसले में पीड़ित महिला से जुड़े एक तय मानक यानी 'आदर्श पीड़िता' की सोच को आधार बनाया गया। याचिका में कहा गया है कि फैसले में इस बात को लेकर शिकायतकर्ताओं पर सवाल उठाए गए कि उन्होंने एक पीड़ित महिला की तरह व्यवहार क्यों नहीं



किया। याचिका के मुताबिक, शिकायतकर्ताओं की बातों पर इसलिए भरोसा नहीं किया गया क्योंकि उन्हें घटनाओं की सही तारीखें याद नहीं थी।

# एसओआई का बड़ा कदम, बैंक हड़ताल अवधि में 28 से 30 सितंबर तक नहीं लगेगा एटीएम लेनदेन पर शुल्क

**एजेंसी**
**मुंबई** । बैंक कर्मचारियों की हड़ताल को ध्यान में रखते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 28-30 सितंबर तक की अवधि में सभी एटीएम लेनदेन को निःशुल्क कर दिया है। बैंक ने यह कदम ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया है, जिससे हड़ताल की अवधि में लेनदेन करने में कोई परेशानी न हो। एसबीआई की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की गई पोस्ट में बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल के दौरान भी आपकी बैंकिंग जरूरतों के लिए एसबीआई की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। पोस्ट में बताया कि बैंकिंग सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए एसबीआई प्रतिबद्ध है। इसके तहत 28 से 30 सितंबर, 2026 तक एटीएम शुल्क माफ रहेगा। ग्राहकों द्वारा किसी भी बैंक के एटीएम के माध्यम से लेनदेन करने पर कोई शुल्क नहीं लेगा। बैंक ने आगे कहा कि हड़ताल के चलते ग्राहकों की सुविधाओं के लिए सभी ब्रांच रविवार को




भी खुली रहेंगी। इसके अलावा, हड़ताल की अवधि में यूपीआई, आईएमपीएस, आटीजीएस और एनईएफटी भुगतान जैसी ऑनलाइन भुगतान की सुविधाएं यथावत जारी रहेंगी।

# ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे तो 2 अक्टूबर से शुरू करेंगे देशव्यापी आंदोलन : अभिजीत दिपके

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'अगर ज्ञानेश कुमार कल तक इस्तीफा नहीं देते हैं, तो सीजेपी 2 अक्टूबर से मुंबई से अपना देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी और इसे देश के कई शहरों तक ले जाएगी। इस गांधी जयंती पर आइए लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लें।' इससे पहले गुरुवार को अभिजीत दिपके ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त को 48 घंटे की समयसीमा दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर 48 घंटे के भीतर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तो उनकी पार्टी देशभर में आंदोलन शुरू करेगी और जब तक इस्तीफा नहीं होता, पीछे नहीं हटेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया था।

# गृहमंत्री शाह से मिले यूपी के डिप्टी सीएम, आगामी चुनाव को लेकर की चर्चा

## -डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे

**लखनऊ, एजेंसी।**
यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव, संगठन की तैयारियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के बाद केशव मौर्य ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के संकल्प को लेकर अमित शाह के साथ विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ।
उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रदेशभर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आम लोगों तथा गरीब परिवारों को मिले लाभ की जानकारी प्रत्येक नागरिक



तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को लेकर भी लोगों के बीच सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों के साथ संगठन को भी और ज्यादा सक्रिय किया जाएगा। कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा।
उन्होंने विपक्ष के लंबे शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 सालों में ऐसे कई कार्य हुए हैं, जो विपक्ष अपने लंबे शासनकाल में नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और देश के विकास और विश्व पटल पर भारत की भूमिका मजबूत करने के लिए पीएम मोदी का नेतृत्व जरूरी है।
उन्होंने अमित शाह के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री का सांगठनिक अनुभव और मार्गदर्शन संगठन तथा सरकार को नई दिशा देने में अहम है। उन्होंने कहा कि शाह के सुझावों से आगे की रणनीति तय करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार के बीच समन्वय के साथ जनसंपर्क अभियान को और मजबूत किया जाएगा और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाया जाएगा।

# कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तोड़ी चुप्पी, विस चुनाव से पहले ऐलान, न कांग्रेस में लौटूंगा, न सीएम की दौड़ में हूं

चंडीगढ़ (एजेंसी) पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लंबे समय बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस में लौटने की संभावना से साफ इन्कार किया है। वहीं उन्होंने ये भी साफ किया कि भाजपा में रहकर उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ है और वह खुद को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर मानते हैं। कैप्टन अमरिंदर का यह बयान विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह 2021 में नवजोत सिद्धू से विवादों के चलते कांग्रेस से अलग हो गए थे। उनके बाद चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। कांग्रेस छोड़ने के बाद उन्होंने अपनी एक नई पार्टी बनाई थी। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया था। अब उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी कांग्रेस में जाने की कोई योजना नहीं है। हालांकि, भाजपा में अपने भविष्य को लेकर उन्होंने निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्हें कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिली है। अमरिंदर सिंह ने खुद को मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर बताया है। उन्होंने कांग्रेस में वापसी की अटकलों को भी सिरे से खारिज कर दिया है। यह बयान आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर सकता है।



# पंजाब में पराली जलाने की 27 घटनाएं, 10 की पुष्टि; 35 हजार का जुर्माना

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण की कवायद के बीच पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) ने अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) जारी की है। 24 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार पूरे राज्य में कुल 27 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें से 10 खेतों में मौके पर निरीक्षण के बाद इसकी पुष्टि भी हुई है। ये आंकड़े इसरो के मानक प्रोटोकॉल के तहत सैटेलाइट निगरानी पर आधारित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पीपीसीबी ने कुल 21 खेतों का निरीक्षण किया और 10 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई। इन मामलों में कुल 7 जगह पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाया गया, जिससे 35,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। हालांकि, इसमें से अब तक केवल 10,000 रुपए ही वसूले जा सके हैं। जिलेवार आंकड़ों में अमृतसर में सर्वाधिक 13 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें से 4 की पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का जुर्माना लगाकर वसूल भी लिया गया। फिरोजपुर में 4 मामलों में से 3 की पुष्टि हुई, जहां 15,000 रुपए का जुर्माना लगा, जिसमें से 5,000 रुपए वसूले गए। यहां तीन फार्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री और चार वार्निंग नोटिस भी जारी किए गए। पटियाला में एक मामला सामने आया जिसकी पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में वसूली गई राशि शून्य है और न ही कोई एफआईआर दर्ज हुई है या अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई है। तरनतारन में 5 में से 1, होशियारपुर में दर्ज एकमात्र मामले में पुष्टि हुई। गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह नगर में भी मामले दर्ज हुए हैं। जबकि बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट सहित कई जिलों में इस अवधि में पराली जलाने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# कतर्नियाघाट में तेंदुए ने ली महिला की जान; ग्रामीणों में दहशत

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुए के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना उस समय हुई जब महिला अपने घर के पीछे बाड़ी में सब्जी तोड़ने गई थी, तभी घात लगाए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। इस दुखद घटना के बाद इलाके के ग्रामीणों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला अपने घर के पीछे सब्जी तोड़ रही थी, उसी दौरान तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन विभाग क्षेत्र में ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पिछले दो-तीन दिनों से गांव-गांव में जन-जागरूकता गोष्ठियां आयोजित कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा था। साथ ही, वन्यजीवों की निगरानी और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावित क्षेत्र में प्रशिक्षित हाथियों के जरिए लगातार तीन दिनों से गश्त भी कराई जा रही थी। डीएफओ ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीमों को और अधिक सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या झाड़ियों वाले इलाकों के आसपास अकेले न जाएं और सावधानी बरतें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# काशी में एयर शो से पहले घाटों पर सफाई युद्धस्तर पर

वाराणसी (एजेंसी)। गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान से नीचे आने के बाद अब काशी के घाटों को साफ-सुथरा बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। आगामी 22, 23 और 25 अक्टूबर को नमो घाट पर प्रस्तावित भव्य एयर शो के मद्देनजर वाराणसी नगर निगम ने कमर कस ली है। बाढ़ का पानी उतरने से पक्के घाटों की सीढ़ियों और तटवर्ती इलाकों में भारी मात्रा में सिल्ट व कीचड़ जमा हो गई थी। इसे हटाने के लिए निगम के स्वच्छता अमले ने नमो घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर विशेष अभियान छेड़ दिया है। पानी की बौछार से सीढ़ियों को धोने और गाद हटाने का काम तेजी से चल रहा है। अतिरिक्त सफाई कर्मियों और जेटिंग मशीनों की मदद से घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, सुगम और सुरक्षित बनाया जा रहा है, ताकि एयर शो देखने आने वाले शहरवासियों और पर्यटकों को कोई असुविधा न हो।

# मध्य प्रदेश में मिले 70 फर्जी पासपोर्ट, एसटीएफ ने 6 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश एसटीएफ ने संगठित फर्जी पासपोर्ट रैकेट की जांच में करीब 70 फर्जी पासपोर्ट का पता लगाया है। ये पासपोर्ट राज्य में अलग-अलग पतों का इस्तेमाल करके बनवाए गए थे। अब जांच में बड़े नेटवर्क और अधिकारियों की मिलीभगत की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसटीएफ के डीआईजी ने शुक्रवार को बताया कि अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और फर्जी पासपोर्ट बनाने और हासिल करने के पीछे पूरे नेटवर्क का पता लगाने की जांच जारी है। डीआईजी ने कहा कि यह एक बहुस्तरीय मामला है और जांच अभी भी चल रही है। अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो दिन पहले की गई ताजा गिरफ्तारी भी शामिल हैं। 23 सितंबर को गयाप्रसाद गौतम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 25 अगस्त से 18 सितंबर के बीच रियाल चौधरी उर्फ भंते मेतानंद, विप्लब अधिकारी, प्रियन रॉय, जॉय चौधरी और नसीम अख्तर को गिरफ्तार किया था।

# बृजभूषण की मुश्किलें बढ़ीं: पहलवानों ने यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के फैसले को चुनौती दी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें फिर बढ़ी हैं। उन्हें यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को महिला पहलवानों ने सेशन कोर्ट में चुनौती दे दी है। बीते 3 अगस्त को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण को इन आरोपों से बरी किया था। अब चार महिला पहलवानों ने फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है, साथ ही



सह-आरोपी विनोद तोमर की रिहाई को चुनौती दी है। महिला पहलवानों की अपील पर राउज एवेन्यू कोर्ट शनिवार को सुनवाई कर सकती है। याचिका में दावा किया है कि निचली अदालत का आदेश कानून की दृष्टि में मान्य नहीं है और उसमें सबूतों का गलत व चुनिंदा आकलन हुआ। अपील में आरोप है कि फैसला अनुमान और अटकलों पर आधारित था, जिसमें स्थापित कानूनी सिद्धांतों को सही ढंग से लागू नहीं किया गया। पहलवानों का कहना है कि आदेश में पीड़िता के व्यवहार को लेकर पुरानी रूढ़िवादी सोच को आधार बनाया गया। यह चुनौती बृजभूषण शरण सिंह की राजनीतिक और कानूनी मुश्किलें फिर से बढ़ा सकती है। राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने के बाद सिंह ने अपने लिए बड़ी राहत बताया था। उन्होंने कहा था कि यह फैसला उन सभी लोगों को बल देगा, जिन पर झूठे आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि इस मामले में ओलंपिक पदक विजेताओं और विपक्षी दलों सहित कई बड़े लोग शामिल थे। बृजभूषण ने हमेशा खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह विवाद देश के सबसे चर्चित खेल और कानूनी मामलों में से एक रहा है, जिसकी शुरुआत 2023 में हुई थी, जब कई महिला पहलवानों ने 2016 से 2022 के बीच विभिन्न स्थानों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

# अखिलेश का रुख साफ कहा- जो जीत पाएं वो सीटें ले ले कांग्रेस

## - कांग्रेस के गढ़ में सपा ने तय कर दी गठबंधन की शर्त

**रायबरेली, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा क्षेत्र रायबरेली से अपने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान का जोरदार आगाज किया है। उन्होंने गठबंधन की शर्तों को स्पष्ट करते हुए कहा, गठबंधन भी होगा, गठबंधन के साथ चुनौती भी होगी। हमारे लिए बात सीट की नहीं, जीतने वाली सीट की होगी। जो जीते, वह सीट ले ले। अखिलेश ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी ने भाजपा को हराया था और अब 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए काम किया जाएगा।
अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अपनी पार्टी की प्राथमिकता को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण जीतने की संभावना होगी, और जो उम्मीदवार या पार्टी किसी सीट पर जीत हासिल कर सकती है, उस सीट पर उसी का दावा होना चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में मिलकर चुनाव लड़ा था, जिससे दोनों दलों के प्रदर्शन में 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी सुधार हुआ था, जब वे अलग-अलग लड़े थे। अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को भाजपा और समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक गठजोड़ के बीच मुकाबले के तौर पर पेश किया। उन्होंने 'ए' के दायरे को और व्यापक करने की कोशिश करते हुए इसमें महिलाओं (आधी आबादी) को भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने गाजीपुर में विश्वकर्मा परिवार से जुड़े कथित मामले और एक बिंद युवक का भी जिक्र किया, और कहा कि समाजवादी पार्टी विश्वकर्मा, लोध और पासी समेत इन समुदायों के लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करेगी।
सपा अध्यक्ष ने भाजपा की 'बुलडोजर राजनीति' पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए से जुड़े समुदायों को प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि सत्ता से जुड़े समुदायों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। अखिलेश ने कहा कि असमानता के खिलाफ संघर्ष जारी है और पीडीए के मतदाता अब अपनी राजनीतिक ताकत को समझ चुके हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि 'बुलडोजर राजनीति' करने वाले लोग पीडीए आंदोलन से बच नहीं पाएंगे, और इस बार चुनावी फैसला केवल ऐसी राजनीति को हराएगा नहीं, बल्कि उसे खत्म करेगा।



रायबरेली में सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने भी पार्टी के दावे को मजबूती से रखा और रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ बताए जाने पर सवाल उठाया। भारती ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जिले की चार सीटें जीती थीं, और दो सीटों पर पार्टी बेहद कम अंतर से हारी थी। उन्होंने दावा किया कि अगर ये सीटें भी सपा के खाते में आतीं तो जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करती।

# जमुई छेड़छाड़ : माता-पिता ने सीएम से की सख्त कार्रवाई की गुहार

पटना(एजेंसी)। जमुई में छेड़छाड़ की शिकार हुई एक नाबालिग लड़की के माता-पिता ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर अपनी बेटी को परेशान करने वाले दरिंदों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री चौधरी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी की सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री चौधरी से अपील कर कहा कि अपराधियों को भी उसी डर और तकलीफ का सामना करना चाहिए, जो उन्होंने उनकी मासूम बेटी को दी है। उन्होंने भावुक होकर कहा, मेरी बेटी गिड़गिड़ा रही थी, अब उन दोषियों को भी गिड़गिड़ाना चाहिए। हालांकि, मां ने बिहार सरकार और पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 24-48 घंटों के भीतर पहले तीन आरोपियों को पकड़ा गया और फिर एक मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को दबोच गया। मुख्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनकी बेटी उनकी अपनी बेटी जैसी है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

# अभिजीत का दावा- ज्ञानेश ने कई भाजपा नेताओं को हराया

## 48 घंटे में सीईसी ने इस्तीफा दें नहीं तो आंदोलन होगा-सीजेपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से 48 घंटे के भीतर इस्तीफे की मांग की है और ऐसा न होने पर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी के अभिजीत दीपके ने यह चौंकाने वाला दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं के हालिया चुनावों में हारने की वजह ज्ञानेश कुमार हैं, हालांकि उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया। हाल ही में एक खोजी मीडिया रिपोर्ट के बाद सीईसी विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं, जिस पर सीजेपी ने भी अपनी आवाज बुलंद की है।
दीपके ने इस सवाल के जवाब में कि क्या विपक्ष को इस बार चुनाव से मना कर देना चाहिए, कहा कि अगर फ्री एंड फेयर चुनाव नहीं होता है तो कोई भी चुनाव न लड़े। भाजपा के नेता भी जो हारे इलेक्शंस उनको भी मैं कहना चाहता हूं सर आप भी



जीत सकते थे लेकिन आपको ज्ञानेश कुमार ने हराया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव से दूरी बनाने के सवाल पर कहा कि जिसको बात माननी है वो माने जिसको ना माननी है वो ना माने वो उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। ज्ञानेश कुमार के 48 घंटे में इस्तीफा न देने पर सीजेपी ने पूरे देश में आंदोलन की घोषणा की है। दीपके ने बताया कि हम हर राज्य जाएंगे, हम हर शहर जाएंगे और लोगों को जगाने की कोशिश करेंगे। जैसे एक हमने जंतरमंतर पर आंदोलन करने से पहले हम देश भर में गए थे। वैसे ही हम ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी देश भर में जाएंगे।
सीजेपी ने कई प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा, एसआईआर प्रक्रिया की पूरी स्वतंत्र जांच, एसआईआर को रोकना और पहले की मतदाता सूची को बहाल करना शामिल है। इसके अलावा, सभी संबंधित एसआईआर रिकॉर्ड और फाइलों को उच्चतम न्यायालय या स्वतंत्र न्यायिक निगरानी वाली जांच को सौंपना, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार और उन अधिकारियों की पहचान करना भी शामिल है, जिन्होंने विवादित बदलावों और निर्देशों को मंजूरी दी थी। दीपके ने चुनाव से छेड़छाड़ और वोट की चोरी को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि लोगों में गुस्सा पहले ही बहुत है। अच्छा होगा अगर ज्ञानेश कुमार 48 घंटों के अंदर इस्तीफा दे दें, नहीं तो ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन होगा।

# प्रियंका गांधी का तीखा वार: चुनावी धांधली से आया है उनका ओवरकॉन्फिडेंस

**वायनाड, एजेंसी।**
चुनाव आयोग में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतभेद की मीडिया रिपोर्टों के बाद सियासी गर्मागर्मी के बीच, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में धांधली करके अति आत्मविश्वासी हो गई है।
प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा के तर्क को घटिया बहाना बताया कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तब चुनाव की वैधता पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही पुरानी और कमजोर कहानी है। तथ्य और सबूत पूरे देश के सामने हैं, जैसा कि मेरे भाई राहुल गांधी ने कई




प्रेसवार्ता में दिखाया है। यह बिल्कुल साफ है कि 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाए गए हैं। प्रियंका ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा चुनावों में गड़बड़ी कर रही है और चुनाव आयोग से यह काम करा रही है, तब यह देशद्रोह का काम है और उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर चुनावों में धांधली कर ओवरकॉन्फिडेंट होने का आरोप दोहराया। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाकर कहा कि यदि वे ऐसा कर रहे हैं, तब वे इस स्वीकार क्यों नहीं करते? वे किस बात से डरते हैं? उन्होंने कहा कि वर्षों से चुनावों में हो रही कथित धांधली ही उनके हर समय के ओवरकॉन्फिडेंस का स्वाभाविक कारण है।
यह हमला नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा वार किया था। राहुल ने ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा देकर वोट चोरी के मामले में सरकारी गवाह बनने की बात कही थी और उनके कृत्यों को देशद्रोह के समान बताया था।

# भारत न केवल अपनी जरूरतों बल्कि दुनिया के लिए भी तैयार कर रहा उत्पाद

## -पीयूष गोयल ने कहा- 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया

**नई दिल्ली,, एजेंसी।**
'मेक इन इंडिया' की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत न केवल अपनी जरूरतों के लिए विनिर्माण कर रहा है, बल्कि दुनिया के लिए भी उत्पाद तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल इस सरल विश्वास पर आधारित एक दृष्टिकोण है कि भारत दुनिया के लिए विनिर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है। यह हमें याद दिलाती है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है और सरकार निरंतर सुधारों और ठोस कदमों के जरिए उस विश्वास को मजबूती देती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।
गोयल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि 2014 को पीछे मुड़कर देखें तो भारत की विनिर्माण क्षमता को लेकर होने वाली बहसें याद आ सकती हैं। उस समय भारत में इस्तेमाल होने वाले कई उत्पाद आयात किए जाते थे। पीएम मोदी ने इसे हमारी नियति मानने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद गर्व से 'मेड इन इंडिया' का टैग लगाएंगे और अपनी गुणवत्ता के लिए पहचाने जाएंगे।
उन्होंने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया है और अनुपालन का बोझ कम किया है। वहीं, प्रमुख क्षेत्रों में किए गए सुधारों ने निवेश और विनिर्माण के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। पीएलआई योजनाओं ने इसमें और गति दी है। 31 मार्च 2026 तक इन योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश हुआ, 23.8 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन/बिक्री दर्ज की गई और 15.2 लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ। साथ ही, 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उस आत्मविश्वास की कहानी है, जो इस पहल ने पैदा किया है। हमारे स्टार्टअप संस्थापकों, उद्यमियों, निर्माताओं, नवोन्मेषकों, निर्यातकों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हमारे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि भारत बना सकता है, भारत नवाचार कर सकता है और भारत दुनिया से प्रतिस्पर्धा कर सकता है।' गोयल ने जोर देकर कहा कि मेक इन इंडिया की यात्रा जारी है और अब इसका लक्ष्य और भी बड़ा है जिसमें भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनाना शामिल है, जो 2047 तक विकसित भारत के हमारे विजन को भी मजबूत करेगा।



# हड़ताल से बिगड़ी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा निगम

गुरुग्राम। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान प्रभावित हुई शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) ने कार्रवाई तेज कर दी है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट (जीवीपी) और सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट से नियमित कचरा उठाने के साथ सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सामान्य स्थिति में लाया जाए। सड़कों, गलियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के साथ जीवीपी और सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। निगमायुक्त ने कहा कि त्योहार के दौरान बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में बाजारों, प्रमुख सड़कों और गलियों में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कचरा फेंकने वालों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान करने को कहा गया। सफाई से संबंधित जन शिकायतों को लेकर भी निगमायुक्त ने अधिकारियों को गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और शिकायत मिलते ही संबंधित टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में शहर की सड़कों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग अधिकारियों को बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की पहचान कर जल्द मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर गड्ढे या अन्य क्षति हुई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

## प्राथमिक स्कूल का भवन तोड़ते समय बीम गिरा, शिक्षामित्र की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव कुबरे गौटिया स्थित प्राथमिक विद्यालय की पुरानी इमारत तोड़ते समय सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। इमारत का बीम अचानक गिरने से वहां खड़े शिक्षामित्र सुखपाल (50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए बरेली ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का काम चल रहा था। सुबह करीब साढ़े 10 बजे सुखपाल विद्यालय परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान इमारत का एक बीम अचानक भरभराकर उनके ऊपर जा गिरा। बीम की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन सुखपाल को इलाज के लिए बरेली ले गए। वहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सुखपाल की मौत की खबर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद विद्यालय भवन को तोड़ने के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

## ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। सिहानी गेट पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर उनसे दो ई-रिक्शा, ई-रिक्शा की दो बैटरी और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ चोरी के कई मुकदमे पहले भी दर्ज हैं। कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि हाल ही में ई-रिक्शा चोरी की कई घटनाएं हुईं थीं। इनके खुलासे के लिए पुलिस टीम लगातार काम कर रही थी। मुखबिर और मोबाइल सर्विलांस के जरिये पुलिस टीम को इनपुट मिला तो मेरठ रोड पर दबिश देकर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने ई-रिक्शा चोरी की बात कबूली। उनकी पहचान रिंकू व दीपक निवासी नंदग्राम, आसिफ निवासी मलिकनगर मुरादनगर व अनस निवासी जस्सीपुरा कोतवाली के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि रिंकू ई-रिक्शा चोरी करता था। दीपक उसका इस काम में सहयोग करता था और आसिफ ई-रिक्शों को स्क्रैप बनाने व अनस ई-रिक्शों की बैटरी को खरीदने में शामिल रहा। रिंकू, दीपक और आसिफ पर ई-रिक्शा चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

## प्रतिबंधित पशु का किया था वध, तीन-तीन लाख का जुर्माना भी लगा

मुरादाबाद। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-3 सुरेंद्र कुमार की अदालत ने सुनवाई के बाद डिलारी थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशु के वध के मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषियों को सात-सात साल के कारावास और तीन-तीन लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया है। डिलारी थाना क्षेत्र में 26 अक्तूबर 2022 को दरोगा मोहित कुमार काजला को सूचना मिली थी कि सुमालखेड़ा के जंगल में पिराई वाले कुंडे के पास प्रतिबंधित पशु का कुछ लोग वध कर रहे हैं। पुलिस ने मौके से फुरकान और वाजिद को हिरासत में ले लिया, लेकिन खालिक और राहत अली उर्फ लल्ला मौके से भाग निकले।

# करोड़ों की चोरी का खुलासा, पूर्व कर्मचारी ने ही रची साजिश; सात किलो सोना और 11 लाख रुपये बरामद

मथुरा। मथुरा के कोसीकलां में सराफा बाजार स्थित ज्वेलर के शोरूम में हुई करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस एक शोरूम के कर्मचारियों को पकड़ लिया। पूर्व में शोरूम में काम कर चुके कर्मचारी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। कर्मचारी ने शोरूम से करीब 10 किलो स्वर्ण आभूषण और 15 लाख की नकदी कर्मचारी पप्पू ने चोरी की थी। उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने पप्पू को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से करीब सात किलोग्राम के स्वर्ण आभूषण बरामद किए है। हालांकि इस मामले में पुलिस शाम तक घटना का पर्दाफाश कर सकती है। अमर उजाला के 15 सितंबर के अंक में करोड़ों की चोरी के मामले में कर्मचारियों पर शक की सुई शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जो कि सही साबित हुई। पुलिस ने मामले में एक पूर्व कर्मचारी को स्वर्ण आभूषण समेत पकड़ लिया। बता दें बल्देवगंज निवासी वरुण अग्रवाल का सराफा बाजार में ज्वैलरी का शोरूम है। पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि रविवार शाम को रोज की तरह शोरूम बंद करके गए थे। सोमवार सुबह शोरूम पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अंदर के गेट का ताला टूटा मिला। संदेह होने पर उन्होंने स्ट्रांग रूम चेक किया तो उसमें से करीब 10 किलो सोने के आभूषण (कीमत करीब 13 करोड़ रुपये) व 15 लाख रुपये गायब मिले। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया। चोर सात घंटे तक शोरूम के अंदर रहा। मुंह ढककर आते-जाते समय उसका चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया। चोर रविवार की रात 10 बजे छत के रास्ते से चोर शोरूम तक पहुंचा। इसके बाद शोरूम के अंदर वाले दरवाजे का मिनी गैस कटर से ताला तोड़ा और शोरूम में दाखिल हुआ। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक चोर सुबह पांच बजे गेट से निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि सात घंटे तक एक ही चोर ने दुकान में रहकर वारदात को अंजाम दिया। डीआईजी शैलेश पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार, सीओ भूषण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह घटना के खुलासे में जुट गई। पुलिस की 11 टीमों ने रात भर तलाश की। पुलिस ने रामनगर निवासी पप्पू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।पुलिस ने पप्पू से करीब 7 किलोग्राम के स्वर्ण आभूषण और 11 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है।

## पिता ने दो बेटों के साथ मिलकर तीसरे को पीटकर मार डाला

फरीदाबाद। आदर्श नगर थाना क्षेत्र के हरी विहार में धनीराम हलवाई ने अपने दो बेटों सुदामा और सूरज के साथ मिलकर तीसरे बेटे कृष्ण की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे से लटकाकर पुलिस को आत्महत्या की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद बीके अस्पताल में रखवा दिया। वहीं, जांच के दौरान पड़ोसियों ने बताया कि पिता और दोनों भाइयों ने ही युवक की हत्या की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी तुषाकांत शर्मा ने बताया कि धनीराम के तीनों बेटे मेहनत मजदूरी करते हैं। इनमें से कृष्ण शराब का आदी था। 15 सितंबर को कृष्ण ने शराब पी रखी थी। इसी बात का लेकर पिता धनीराम और दोनों बेटे सुदामा और सूरज ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान कृष्ण की मौत हो गई। पुलिस ने बचने के लिए तीनों ने मिलकर उसे फंदे पर लटका दिया। फिर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्महत्या का मामला समझकर 17 सितंबर को शव का पोस्टमार्टम करवाया।

## युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

नई दिल्ली। कालकाजी थाना इलाके में बृहस्पतिवार सुबह युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही खुदकुशी के कारणों का पता लगा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि कालकाजी थाना पुलिस को 18 सितंबर को सुबह लगभग 7.31 बजे पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि डीडीए जनता फ्लैट, कालकाजी में एक लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को ग्राम हरोई, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश निवासी आशी ठाकुर (24) फंदे पर लटकी मिली। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि युवती वीएम विद्युत इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन, नोएडा की लेखा शाखा में नौकरी कर रही थी। वह 1 सितंबर से डीडीए फ्लैट में अकेले किराये पर रह रही थी।

## चार पहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

गाजियाबाद। क्राइम ब्रांच और थाना लिंक रोड पुलिस की संयुक्त टीम ने चार पहिया वाहन चोरी करने और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार कारें और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। एसीपी अपराध अमित सक्सेना ने बताया कि क्राइम ब्रांच व थाना लिंक रोड पुलिस की संयुक्त टीम ने गाजियाबाद, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय गिरोह के दो सदस्यों धीरज कुमार उर्फ राहुल अरोड़ा (27) निवासी राजवंशीनगर, शास्त्रीनगर, पटना (बिहार) और प्रिन्स कुमार(24) निवासी ग्राम सरसना महुआ, वैशाली (बिहार) को थाना लिंक रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चार पहिया वाहनों की चोरी करता था। चोरी की गई गाड़ियों को अच्छे दाम पर बेच दिया जाता था। गिरोह में पटना निवासी गुड्डू कुमार और दिल्ली निवासी कुनाल उर्फ ताऊ उर्फ राहुल सक्रिय सदस्य बताए गए हैं। चोरी से होने वाले मुनाफे को गिरोह के सदस्य आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से गाजियाबाद व दिल्ली से चोरी की गई चार कारें तथा फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश और बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। एसीपी अपराध के मुताबिक, इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों के खिलाफ पहले से कार्रवाई हो चुकी है।

# हनी ट्रैप की साजिश रचने वालों पर मुकदमा

मसूरी। थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने अपने बेटे के खिलाफ फर्जी तरीके से दुष्कर्म का केस दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उनके बेटे के खिलाफ साजिश करने वाले आरोपी हनी ट्रैप गिरोह चलाते हैं। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि 65 वर्षीय महिला ने अपने ही गांव के नजीर, करीम व नौशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

बताया कि उनका बेटा बी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि आरोपी हनी ट्रैप में लोगों को फंसाने का कार्य करते हैं। आरोपियों ने उनके बेटे को भी इसी तरह फंसाकर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि जिस मकान में दुष्कर्म किए जाने की बात बताई गई है, उस मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। वहां निर्माण कार्य करने वाले लोगों ने इस प्रकार की किसी भी घटना के होने से इन्कार किया है। इतना ही नहीं जिस समय की घटना बताई गई है, उस दौरान उनका बेटा एक सीसीटीवी फुटेज में महज तीन मिनट के लिए दिखाई दिया है और उनके पीछे आरोपी एक लड़की के साथ जाते दिखाई दे रहे हैं। एसीपी ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


**NAME CHANGE**

I KRITI KHANNA W/O SHIKHAR GOEL R/O E-16 RATTAN PARK, RAMESH NAGAR DELHI 110015 have changed my name to KRITI GOEL Permanently for all future purposes

**NAME CHANGE**

I SHALU KANVARIA W/O LALIT KANVARIA R/O ,540 BLOCK A-4 ,2nd FLOOR PASCHIM VIHAR DELHI 110063 have changed my name to SHALU BOKOLIA Permanently for all future purposes

**NAME CHANGE**

I SURESH & SURESH KUMAR CHAUHAN S/O RAM SWAROOP R/O 410, JUNGPURA ROAD, BHOGAL, DELHI-110014 have changed my name to SURESH KUMAR Permanently for all Future purpose.

**NAME CHANGE**

I NADEEM, NADIM & NAADEEM S/O CHAND MIYA R/O PLOT NO- 81/1 & 58/1, KH. NO-132, STREET NO-9, VILLAGE WAZIRABAD, DELHI-110084 have changed my name to NADEEM KHAN Permanently for all Future purpose.

**NAME CHANGE**

I ANWER KHAN S/O BABOO KHAN R/O I-24, INDRAPRASTHA APARTMENTS, PLOT NO-114, I.P EXTENSION, PATPARGANJ DELHI-110092. have changed my name to ANWAR KHAN for all purposes.

**NAME CHANGE**

I, SAPNA RANI W/O GAURAV GOYAL R/O H NO-Z-129/2/7, GALI NO-9, NEAR SAI MANDIR, EAST GURU ANGAD NAGAR, DELHI-110092 have changed my name to SAPNA GOYAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SHANMUKHA NOOKA VEERA HANUMA PRASADA SANTHOSH NETI S/o Neti Srinivasa Rao R/o B-19, 3rd Floor, Kakateeya Apartments, Plot No.86, IP Extn., Delhi-110092, have changed my name to NETI S N V H PRASADA SANTHOSH for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large on behalf of my client **Mrs. Mamta W/o Mr. Aashish Kumar** in respect of **Entire Property Bearing no. 127 area measuring 100 Sq. Yds., Situated in the Old Lal Dora abadi of (1908-09) village Sahipur, Shalimar Bagh, Delhi-110088.,** claiming to have undisputed ownership. Now my client intends to avail the loan facility in which **Bajaj Housing Finance Limited** will provide the financial assistance If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within Seven days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan & Khaitan**
Plot No. 100 ,1st floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I, DIPENDER S/O VIRENDER KUMAR SINGH R/O P-78 PANDAV NAGAR MAYUR VIHAR PHASE-1 PATPARGANJ DELHI-110091 have changed my name to DIPENDER KUMAR SINGH for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I SHARDA AROAR W/O SHIV SWAROOP R/O B-18/8 , 2ND FLOOR DOUBLE STOREY NEAR RAJA GARDEN RAMESH NAGAR DELHI 110015 have changed my minor son name RAM PRAKASH TO RAM PRAKASH ARORA Permanently for all future purposes

**NAME CHANGE**

I SHALU W/O LALIT GULATI R/O B-225A FIRST FLOOR FRONT SINDE NEAR RAMA PARK ROAD MOHAN GARDEN UTTAM NAGAR DELHI-110059 have changed my name to RAJNI GULATI Permanently for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, IRFAN S/O ASHFAK HUSSAIN R/O 20/375 TRILOKPURI DELHI-110091 have changed my name to MOHD IRFAN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, ASHFAK R/O 20/375 TRILOKPURI DELHI-110091 have changed my name to ASHFAK HUSSAIN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I MUNEEJA W/O ASHFAK HUSSAIN R/O 20/375 TRILOKPURI DELHI-110091 have changed my name to MUNISHA BANO for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I RACHANA JAIN W/O ABHIJEET JAIN R/O ,B-205 NARWANA APARTMENT I P EXTN. PATPARGANJ SHAKAR PUR DELHI - 110092 have changed my name to RACHNA JAIN Permanently for all future Purposes

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राम दत्त पाण्डेय पुत्र श्री मनदेव पाण्डेय और अनीता पाण्डेय पत्नी रामदत्त पाण्डेय निवासी मकान नंबर B-1316, गली नंबर 37, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली-110084, ने अपने बेटे दिनेश चंद्र पाण्डेय, बहु रुचि पाण्डेय, पोता भावेश पाण्डेय एवं पोतियाँ साक्षी पाण्डेय तथा गरिमा पाण्डेय को आज्ञा पालन न करने अपनी मनमर्जी व दुर्व्यहार करने, अशांति का माहौल पैदा करने तथा नियंत्रण से बाहर होने के कारण उनसे अपने सब संबंध विच्छेद कर लिए है। तथा उनको अपनी समस्त चल व् अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी तरह के गैर जिम्मेदाराना कार्यों व् कृत्यों के लिए वो स्वम जिम्मेदार होंगे। कोई भी उपरोक्त = दिनेश चंद्र पाण्डेय, बहु रुचि पाण्डेय, पोता भावेश पाण्डेय एवं पोतियाँ साक्षी पाण्डेय तथा गरिमा पाण्डेय से किसी भी तरह का लेन-देन या व्यवहार करते है तो उसके लिए वह स्वम जिम्मेदार होंगे। मेरे मुवक्किल रामदत्त पाण्डेय एवम अनीता पाण्डेय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**Gourav Koundal**
(ADVOCATE)
Lawyer Chambers No. K-93, Tis Hazari Courts, Delhi

**NAME CHANGE**

I Mahak Gulati W/O Ankit Naval R/O House No-42 Second Floor, Block B-3, Paschim Vihar, VTC: Paschim Vihar,PO: Paschim Vihar, Sub District: Punjabi Bagh, District: West Delhi, State: Delhi - 110063 I Have Changed My Name To Mehak Gulati.

**NAME CHANGE**

I Mehak Gulati Naval W/O Ankit Naval R/O House No-42 Second Floor, Block B-3, Paschim Vihar, VTC: Paschim Vihar, PO: Paschim Vihar, Sub District: Punjabi Bagh, District: West Delhi, State: Delhi - 110063 I Have Changed My Name To Mehak Gulati.

**NAME CHANGE**

I, SYED SULTAN HASAN S/o SYED WALI HASAN R/o H NO-728, GALI SAUDAGRAN, BALLIMARAN, DELHI-110006 have changed my minor daughter name from HAFSA HASAN to HAFSAH HASAN for all future purposes.AP

**NAME CHANGE**

I Pawan Kumar Maurya S/o Jaysingh Morya R/o 10 -A, Shastri Mohalla, VTC, Patpar Ganj, East Delhi, Delhi-110091 That in my daughter's education document name of mine and my wife has been wrongly written as Pawan Kumar & Kalawati instead of Pawan Kumar Maurya & Kalawati Maurya which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I Jagdeshwar Singh S/o Shree Jagmal R/o 1663, Prasadi Gali, Kotla Mubarakpur, Lodhi Road, Central Delhi, Delhi-110003 have changed my name to Jagdish Kumar for all future purposes

**(BEDAKHAL)**

I, NAR SINGH KHATRI S/O BHIM SINGH declare as under that I disowned my son DIVYANSHU KHATRI from my all movable/immovable/Patrick properties/assets for his wrong behaviour. I shall not be held responsible for any kind of acts done by him in money or transactions and police cases and criminal activity illegal/legal and property purposes in the future. That he debarred from entering my premises situated at 132, GALI NO-2, EAST KRISHNA VIHAR, NAJAFGARH, DELHI-110043.

**PUBLIC NOTICE**

Information is hereby given to the general public that our client Mrs. Kiran W/o Late Mr. Jugal Kishore is the owner and in possession of a Freehold Residential Built-up Third Floor without roof rights, RHS Back Side Portion area measuring 40 Sq. Yds., part of property No 6, out of Khasra No. 19/11, Situated in the Layout Plan of Rashid Market in the area of Village Khureji Khas Shahdara Delhi-51. Our client acquired the said property by virtue of a Relinquishment Deed dated 07.03.2008 Vide Doc No. 2668, Book No. 1, Vol No. 3280, Page No. 167 to 169, at SR- VIII, New Delhi/Delhi., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Death Certificate & SMC of Late Mr. Jugal Kishore., Therefore, our client hereby declares that except him, no other person has any right, title, interest, claim or objection in respect of the above-mentioned property., and same Property sold to be Mohd Abbas and the said property to be financed/ mortgaged with Piramal Finance Ltd., Branch: Pitampura Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3,
Vaishali, Ghaziabad,
Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**

I Atul kumar Yadav S/o Inder Singh Yadav R/o WZ -245 Street No 3 Sri Nagar Shakur Basti Delhi -110034 have changed my name to Atul Yadav for all future purpose

**NAME CHANGE**

I, Narayan S/o Sevaram, R/o Village-Shankra Tila, Bahadur Garh, Bahadurgarh, Ghaziabad, Uttar Pradesh-245208, have changed the name of my minor son Tridev Singh aged 14 years and he shall hereafter be known as Abhishek.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Mithlesh Devi W/o Shyam Lal Jha R/o House No.69, Sai Enclave-3, Near Indian child school, Chipyana Buzurg, Chhipyana, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201009 have changed my name and shall hereafter be known as Methlash Jha.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, Manvendra S/o Ravindra Nath Singh R/o T-32-1801, Nirala Estate, Phase-2, Plot No. GH-04, Tech Zone-IV, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201306 declare that the name of my minor daughter, namely Vaishnavi, aged 14 years, has been wrongly recorded as Singh Vaishnavi Manvendra in her school records. The actual and correct name of my minor daughter is Vaishnavi.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Rekha W/o Rajkumar R/o 00, Richhpal Pal Gadi, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301 have changed my name and shall hereafter be known as Rekha Kumari.

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT MR. RAJESH TAYAL IS OWNER AND IN POSSESSION OF "GROUND FLOOR FRONT SIDE PORTION, WITHOUT ROOF RIGHTS, ADMEASURING 60 SQ. YDS., BUILT ON PLOT NO.1, ADMEASURING 200 SQ. YDS. (83.61 SQ. MTRS.), CARVED OUT OF KHASRA NO.102/23, 24, 105/3/1, SITUATED IN THE REVENUE ESTATE OF VILLAGE PALAM, COLONY KNOWN AS OLD RAJA PURI, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059; (HEREINAFTER CALLED THE "SAID PROPERTY")" AND ACQUIRED THE SAID PROPERTY VIDE NOTARIZED GENERAL POWER OF ATTORNEY, AGREEMENT TO SELL & WILL DATED 29.04.2026 EXECUTED BY MRS. SUNITA RANI IN FAVOUR OF MR. RAJESH TAYAL. NOW MS. GARIMA IS GOING TO PURCHASE THE SAID PROPERTY, FROM OWNER / SELLER MR. RAJESH TAYAL, WHICH WILL BE MORTGAGED WITH TRU HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY. PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER AND RELEVANT DOCUMENTS TO UNDERSIGNED IF ANYONE HAS AN OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION.

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, 1ST & 2ND FLOOR, E-BLOCK, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032.
MOBILE NO. 9999042521 / 9958996685.

**NAME CHANGE**

I, SUMIT KUMAR S/O GUROO PRASAD R/O D-2, HOUSE NO 190, SECTOR-4, MADAN GIRI DEVLI VILLAGE, NEW DELHI declare That my son name is mentioned in his school record as YESH VARMA instead of YASH VERMA. That I have to update/enter my son's name in his school record i.e. YASH VERMA.

**NAME CHANGE**

I SAIYYAD JAHID ALI S/O SABIR ALI R/O Y- 1271 MANGOL PURI DELHI 110083 have Changed my name to ZAHID ALI Permanently for all future Purposes

**NAME CHANGE**

I, PROMOD KUMAR MANDAL father of JC-392591H Rank–NB SUB Name – PARITOSH KUMAR R/o VILL-MASANJOR, PO-KAIRABANI, P.S-MASALIYA, GUNDALIA, DUMKA, GUMRO, JHARKHAND-814166, have changed my name from PROMOD KUMAR MANDAL to PRAMOD KUMAR MANDAL for all future purposes vide Affidavit dated 25/09/2026 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SANJEEV GARG R/O H NO, NEW BASTI KANDHALA ROAD, BUDHANA, MUZAFFARNAGAR,UTTAR PRADESH-251309. HAVE CHANGED MY NAME TO SANJEEV KUMAR.

**NAME CHANGE**

I, SIRAJU DIN S/o NASIRUDDIN R/o 343, F/F, Near Idgah Road, Bhola Nath Nagar, Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to SIRAJUDDIN.

**PUBLIC NOTICE**
**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

I, Preeti Chadha W/o Shri Viviek Chadha D/o Late Sh. Sudarshan Kumar Batra, R/o Attiya Talab, Aashiq Chauraha, Jhansi, UP-284001, declare that I am the absolute owner of properties: (1) RZ-216-C, Gali 9, Sadh Nagar-1, Palam Colony, New Delhi-110045 and (2) WZ-343, Gali 6, Sadh Nagar, Palam Colorry, New Delhi-110045, acquired via registered Relinquishment Deeds following my parents' demise (Late Sh. Sudarshan Kumar Batra & Late Smt. Veena Batra). Due to their abusive and violent conduct, I completely disown my brother Sourabh Batra, his wife Shikha Batra, and their child, severing all family ties. They are debarred from claiming any rights in my movable/immovable properties.
Sourabh Batra is occupying RZ-216-C merely as a "permissive licensee," which is hereby revoked immediately.
Furthermore, I CANCEL and REVOKE the General Power of Attorney (GPA) dated 17/09/2021 (Reg. No. 802, Book 4, Vol 2038, Pages 187-192, SR-IX, New Delhi) executed in Sourabh Batra's favor regarding the Third Floor (Front Side) flat of property RZ-216-C.
1, my family, and my properties shall not be liable for their past, present, or future loans, debts, or any matrimonial/civil/criminal disputes. They are NOT authorized to make any financial deals, collect money, or represent us. Any such acts are illegal, invalid, and their sole responsibility. Any third party, bank, or institution dealing with them shall do so strictly at their own risk and consequences.

**Rahul**
**(Advocates and Legal Consultants)**
Jurisuit Law Firm
Shop No. 88, Ground Floor,
Market Defence Colony,
New Delhi-110024

**NAME CHANGE**

I, AYESHA/AYSHA R/O 6917, FIRST FLOOR, CHOWK KAUN, BERI WALA BAGH, AZAD MARKET, DELHI,-110006 HAVE CHANGED MY NAME TO AYSHA KHANAM.

**NAME CHANGE**

I, MOHAMMAD ANSAR R/O 6917, FIRST FLOOR, CHOWK KAUN, BERI WALA BAGH, AZAD MARKET, DELHI,-110006 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD ANSAR.

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mohd. Adnan S/o Mohd. Ilyas is the owner of Freehold Residential Built-on Property No. P-27, Plot No. B-9, area measuring 100 Sq. Yds., i.e., 83.61 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 317, Situated in the area of Village Chandrawali Alias Shahdara, in the Abadi of Bhola Nath Nagar, Now Known as Gali No. 02, Bihari Colony Extension, Illaqa Shahdara, Delhi 110032. by virtue of Regd. GPA, Notarized ATS & Will dated 12.02.2026, now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and First Floor, without roof rights sold to be Mr. Yaqub and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar New Delhi.
If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3,
Vaishali, Ghaziabad,
Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as MUNNI W/O SANTOSH R/O 19, SURHERA VILLAGE, NAJAFGARH, DIST: SOUTH WEST DELHI, DELHI-110043, have changed my name and shall hereafter be known as MUNNI DEVI.

**NAME CHANGE**

I, RAJ KUMAR S/O GAYA PRASAD MAURYA R/O HOUSE NO. U-76, VAISHNAV ENCLAVE, DHUMASPUR, BHONDSI,GURGAON,HARYANA-122102 , , HAVE CHANGED MY NAME TO RAJ KUMAR MAURYA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT ORIGINAL SALE DEED DT. 16.03.2013 EXECUTED BY MRS. SEEMA DEVI IN FAVOUR OF MR. MAHESH CHAND BHATI IN RESPECT OF PLOT OF LAND AREA MEASURING 100 SQ. YARDS OUT OF KHET NO. 360 SITUATED IN VILLAGE KHERLI HAFIZPUR, PARGANA SIKANDRABAD, TEHSIL & DISTRICT GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. HAS BEEN LOST BY THE OWNER MR. MAHESH CHAND BHATI NOW MR. ROHIT KUMAR IS GOING TO PURCHASE THE SAID PROPERTY, FROM OWNER / SELLER MR. MAHESH CHAND BHATI, WHICH WILL BE MORTGAGED WITH TRU HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY. PLEASE SUBMIT THE SAID ORIGINAL SALE DEED IF FIND BY ANY PERSON. ALSO PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER WITH RELEVANT DOCUMENTS WITH UNDERSIGNED IF HAVING ANY OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/SALE DEED WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION. ITS USE BY ANYONE IS ILLEGAL.

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, MANSAROVAR PARK,
SHAHDARA, DELHI-110032
MOBILE NO. 9999042521

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती कांता, निम्नलिखित दो संपत्तियों की स्वामिनी हैं, (1) प्लॉट नं. 160/E, क्षेत्रफल 138 वर्ग गज, खसरा नं. 68, किला नं. 9/2, 12/1 का भाग, स्थित नवलू कॉलोनी, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा, जिसे श्री कुलबीर सिंह द्वारा निष्पादित दिनांक 07.04.2025 की विक्रय विलेख (Sale Deed), दस्तावेज संख्या 236, बही संख्या 1, दिनांक 07.04.2025, उप-पंजीयक, बल्लभगढ़ के समक्ष पंजीकृत, के माध्यम से अधिग्रहित किया गया, उक्त संपत्ति के संबंध में, प्रारंभ में श्री रामप्रसाद ने वर्ष 2006-2007 की जमाबंदी के माध्यम से संपूर्ण संपत्ति अर्जित की। तत्पश्चात, दिनांक 02.12.2008 का अवार्ड श्री संजीव मित्तल के पक्ष में जारी हुआ। इसके पश्चात, दिनांक 25.07.2022 को श्री संजीव मित्तल द्वारा श्रीमती नेहा मित्तल के पक्ष में ट्रांसफर डीड निष्पादित की गई, जो दस्तावेज संख्या 3013 है। तत्पश्चात, दिनांक 24.03.2023 की विक्रय विलेख द्वारा श्रीमती नेहा मित्तल ने उक्त संपत्ति श्री कुलबीर सिंह के पक्ष में विक्रय की, जो दस्तावेज संख्या 9403 है, (2) प्लॉट नं. 160/F, क्षेत्रफल 171 वर्ग गज, खसरा नं. 68, किला नं. 9/2, 12/1 का भाग, स्थित नवलू कॉलोनी, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा, जिसे श्री कुलबीर सिंह द्वारा निष्पादित दिनांक 10.02.2025 की विक्रय विलेख (Sale Deed), दस्तावेज संख्या 8425, बही संख्या 1, दिनांक 10.02.2025, उप-पंजीयक, बल्लभगढ़ के समक्ष पंजीकृत, के माध्यम से अधिग्रहित किया गया, उक्त संपत्ति के संबंध में, प्रारंभ में श्री सोहन लाल ने वर्ष 1996-1997 की जमाबंदी के माध्यम से संपूर्ण संपत्ति अर्जित की। तत्पश्चात, दिनांक 27.09.2002 की विक्रय विलेख द्वारा श्री सोहन लाल ने उक्त संपत्ति श्री राजीव कुमार मित्तल के पक्ष में हस्तांतरित की, जो दस्तावेज संख्या 2780 है। इसके पश्चात, दिनांक 15.01.2020 को श्री राजीव कुमार मित्तल द्वारा श्री संजीव मित्तल के पक्ष में ट्रांसफर डीड निष्पादित की गई, जो दस्तावेज संख्या 9121 है। तत्पश्चात, दिनांक 28.07.2023 की विक्रय विलेख द्वारा श्री संजीव मित्तल ने उक्त संपत्ति श्री कुलबीर सिंह के पक्ष में विक्रय की, जो दस्तावेज संख्या 3052 है, उक्त दोनों संपत्तियों की दस्तावेजी श्रृंखला में निम्नलिखित मूल दस्तावेज खो गए हैं, मूल ट्रांसफर डीड दिनांक 25.07.2022, श्री संजीव मित्तल द्वारा श्रीमती नेहा मित्तल के पक्ष में निष्पादित, दस्तावेज संख्या 3013, संपत्ति नं. 160/श्व; तथा मूल ट्रांसफर डीड दिनांक 15.01.2020, श्री राजीव कुमार मित्तल द्वारा श्री संजीव मित्तल के पक्ष में निष्पादित, दस्तावेज संख्या 9121, संपत्ति नं. 160/स्न, संबंधित जमाबंदी अभिलेख भी उपलब्ध नहीं हैं, उक्त मूल दस्तावेजों के गुम होने के संबंध में ऑनलाइन FIR / Lost Report दर्ज कराई गई है, जिसका LR No. 660125/2026 है, मेरे मुवक्किल वर्तमान में उक्त संपत्तियों के शांतिपूर्ण एवं वास्तविक भौतिक कब्जे में हैं, मेरे समक्ष परीक्षण हेतु प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों तथा मुझे उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर, उपर्युक्त संपत्तियां प्रथम दृष्टया सभी प्रकार के भार, ऋणभार, ग्रहणाधिकार (Lien), प्रभार (Charge), बंधक (Mortgage), कुर्की (Attachment), अधिग्रहण (Acquisition), वाद-विवाद (Litigation) तथा किसी भी प्रकार के तृतीय-पक्ष दावे या हित से मुक्त प्रतीत होती हैं, उक्त संपत्तियों की प्रस्तावित खरीद हेतु वित्तीय सहायता RBL Bank Limited, Branch – Gurgaon द्वारा प्रदान की जानी है। यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति, दावा, अधिकार, हित या अन्य कोई शिकायत हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता/सकती है। उक्त आपत्ति अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से तथा ई-मेल द्वारा भेजी जा सकती है, sdsनिर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर, उक्त संपत्ति के संबंध में उपर्युक्त किसी भी दावे/आपत्ति को निरस्त एवं शून्य माना जाएगा तथा उसके पश्चात किसी भी व्यक्ति द्वारा किए गए दावे के संबंध में प्रस्तावित लेन-देन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल= kumarw®wvashwani@gmail.com

**NAME CHANGE**

I, Suman W/O Anil Kumar, C-185 First Floor, Pushpanjli Enclave Pitampura, PO: Saraswati Vihar Dist :North West Delhi Pin:110034 Have Changed My Name To Suman Garg For All The Future Purposes.

**NAME CHANGE**

I, Gaurav S/O Gyan Chand, C-185 First Floor, Pushpanjli Enclave Pitampura, PO: Saraswati Vihar Dist :North West Delhi Pin:110034 Have Changed My Name To Gaurav Gupta For All The Future Purposes.

**NAME CHANGE**

I, Neetu Gupta W/O Gaurav Gupta, C-185 First Floor, Pushpanjli Enclave Pitampura, PO: Saraswati Vihar Dist :North West Delhi Pin:110034 Have Changed My Name To Nitu Rani For All The Future Purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि 1. श्री प्यारे लाल रैना (स्वर्गीय श्री जिया लाल रैना के पुत्र) और 2. श्रीमती राजदुलारी रैना (स्वर्गीय श्री शूज लाल रेना की पत्नी) प्लॉट नंबर (क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 12) की पूरी संपति के मालिक हैं। यह मालिकाना हक निम्नलिखित दस्तावेजों के आधार पर है= 31.08.2000 की रजिस्टर्ड GPA (रजिस्ट्रेशन नंबर 35411), ATS और वसीयत (जो श्री पवन कुमार, पुत्र श्री माम बंद द्वारा निष्पादित की गई थी); ओर 06.10.2005 की नोटरीकृत GPA, ATS व वसीयत (जो श्री प्यारे लाल रेना, पुत्र स्वर्गीय श्री जिया लाल रेना द्वारा श्रीमती राजदुलारी रेना, पत्नी स्वर्गीय श्री सूज लाल रैना के पक्ष में निष्पादित की गई थी। इसके बाद, 14.09.2017 को श्रीमती राजदुलारी रैना का निधन हो गया। चूंकि श्रीमती राजदुलारी रैना का स्स्ष्ट (देथ सर्टिफिकेट) उपलब्ध नहीं है, इसलिए 27.02.2025 को एक रिलिनक्विशमेंट रिलीज दीड (अधिकार त्याग/रिहाई विलेख) निष्पादित किया गया। यह विलेख 1. श्रीमती नीणा रानी जलाली (पुत्री स्वर्गीय श्री बृज लाल रेना), 2. श्री राम नाथ रैना और 3. श्री सुदेश रेना (दोनों पुत्र स्वर्गीय श्री बृज लाल रैना) द्वारा श्री इंदरजीत रैना (पुत्र स्वर्गीय श्री बृज लाल रैना) के पक्ष में निष्पादित और विधिवत रजिस्टर्ड किया गया। दस्तावेज संख्या 2025/15/1/3355 के अनुसार, यह बताया और पुष्टि की जाती है कि स्वर्गीय श्रीमती राजदुलारी के कानूनी उत्तराधिकारी केवल निम्नलिखित व्यक्ति हैं और उनके अलावा कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं है= श्रीमती वीणा रानी जलाली (स्वर्गीय श्री बृज लाल रैना की बेटी), और श्री राज नाथ रैना, श्री सुदेश रेना व श्री इंद्रजीत रैना (सभी स्वर्गीय श्री बृज लाल रैना के बेटे)। ये सभी प्लॉट नंबर 1 (क्षेत्रपाल 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 12, गांव हैदरपुर, आबादी क्षेत्र शालीमार गांव, दिल्ली 110088) की पूरी/उक्त संपत्ति के मालिक है। इस संपत्ति के लिए शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से फाइनेंस लिया जा रहा है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का भी उक्त संपत्ति पर कोई दावा हित/अधिकार है या कोई विवाद है. तो कृपया इस सूचना के 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिक्षित रूप में सूचित करें।.

**Rahul Raj, Advocate,**
SGRR Associates LLP
B-01, Plot no. 20, Koushambhi near HDFC Bank, U.P. E-MAIL: sgrrassociatesllp@gmail.com
Ph: 8130309204



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## घरौंडा में आज जनसुनवाई कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सुनेंगे लोगों की समस्याएं

एजेंसी

**करनाल।** घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 26 सितंबर को सुबह 10 बजे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सीधे सुनेंगे और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रवासी अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के साथ-साथ विकास कार्यों से जुड़ी मांगें और सुझाव भी विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रख सकेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में समस्याओं के समाधान की दिशा में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की ओर से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनके समाधान के लिए लगभग प्रत्येक सप्ताह जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. ऋषि पाल मथाना के पिता और सत्यप्रकाश गर्ग की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह डॉ. ऋषि पाल मथाना के पिता और समाजसेवी सत्य प्रकाश गर्ग की पत्नी के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह डॉ. ऋषि पाल मथाना के निवास पर पहुंचकर डॉ. मथाना के पिता श्री ज्ञान चंद के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और ईश्वर से परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना की। इससे पहले, मुख्यमंत्री कुरूक्षेत्र के सेक्टर 13 में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान एवं समाज सेवी सत्यप्रकाश गर्ग के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी कमला रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## जनसेवा योजनाओं से नागरिकों के जीवन में आ रही सकारात्मक बदलाव की तस्वीर

**फरीदाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों के अनुभव सामने आ रहे हैं। अभियान के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी सफलता की कहानियों को समाज के सामने लाने का कार्य किया जा रहा है।इसी कड़ी में सेक्टर-3 फरीदाबाद निवासी आमना खान के परिवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि सेक्टर-4 फरीदाबाद में आयोजित कैंप में पहुंचकर उनकी माताजी की वृद्धावस्था पेंशन बनवाई गई। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से पेंशन बनवाने की प्रक्रिया उनके लिए काफी सुविधाजनक रही और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता मिली। आमना खान ने अपनी माताजी को पेंशन योजना का लाभ मिलने पर सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।इसी प्रकार फरीदाबाद निवासी आनंद कुमार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ मिलने का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तख्त सचखंड श्री हुजूर साहिब नांदेड की यात्रा पर जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

## सेवा सेतू शिविरों का जरूरतमंद लोगों को रहा है सीधा लाभ : घनश्याम सर्राफ

**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए लगाए जा रहे सेवा सेतु शिविरों का जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत अयोजित सेवा सेतु कैंप एवं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न विभागों द्वारा एक ही छत के नीचे योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी देकर पात्र व्यक्तियों का आवेदन करवा कर लाभ दिया जा रहा है। नागरिक इन शिविरों का लाभ उठाएं। विधायक श्री सर्राफ नगर परिषद परिसर भिवानी में सेवा सेतु कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का निरीक्षण के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोडने का कार्य कर रही है। सेवा संकल्प अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों तक सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को सीधे पहुंचाने का संकल्प है।

# आमजन की सुविधा के लिए शहरी क्षेत्रों में 1646 वार्ड कमेटियां गठित की : सीएम

### घर-घर कचरा संग्रहण के लिए रूट मैपिंग के निर्देश दिए

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आमजन की सुविधा व शिकायतों के समाधान के लिए प्रदेश के सभी शहरी निकायों में 1646 वार्ड समितियों का गठन किया गया है। कोई भी व्यक्ति स्वच्छता व कचरा संग्रहण के संबंध में इन वार्ड समितियों के व्हाटसएप नंबर पर शिकायत दर्ज करवा सकता है जिसका समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

इसी प्रकार घर-घर कचरा उठाने वाले वाहनों की निगरानी के लिए 87 में से 83 शहरी स्थानीय निकायों में 4जी व 5जी नेटवर्क वाली जीपीएस प्रणाली के वाहन चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को शेष चार शहरी स्थानीय निकायों में भी इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश



दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के शहरी निकायों में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रूट मैपिंग, मशीनरी की उपलब्धता, पोर्टल के माध्यम से भुगतान, वार्ड समितियों के गठन, स्वच्छता पखवाड़ा कलैंडर, बल्क वेस्ट जनरेटर्स की पहचान व पंजीकरण तथा एनजीओ मैपिंग एंड एमओयू सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। बैठक में पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों तथा सीएमजीजीए की अनुशंसाओं पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए रूट मैपिंग की स्थिति की भी समीक्षा की। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने बताया कि जून में जहां प्रदेश के 87 में से केवल 28 शहरी स्थानीय निकायों में 100 रूट मैपिंग का कार्य पूरा हुआ था, वहीं 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़कर 66 हो गई है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड के रूट मैपिंग में संबंधित कचरा संग्रहण वाहन, उसका समय और चालक का संपर्क नंबर शामिल किया जाए। यह जानकारी संबंधित वार्ड कमेटी के व्हाट्सएप समूह में साझा की जाए, ताकि घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था की प्रभावी निगरानी हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सेवा प्रदाता एजेंसियों को भुगतान केवल सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट पोर्टल के माध्यम से किया जाए। भुगतान में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा आवश्यकतानुसार दंड का प्रावधान किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि सितंबर तक 87 में से 86 शहरी स्थानीय निकायों में 1,646 वार्ड कमेटियां गठित की जा चुकी हैं जो पूरी तरह से सक्रिय हैं। वार्ड कमेटियों के सदस्यों को पहचान पत्र भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वार्ड कमेटियों को स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी, स्थानीय समस्याओं की पहचान और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्ड कमेटियों के बीच स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली वार्ड कमेटियों को जिला स्तर पर पुरस्कृत करने की व्यवस्था की जाए। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए हरियाणा स्वच्छ लीग के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक और रैंकिंग आधारित स्वच्छता व्यवस्था विकसित की जा रही है।

# कष्ट निवारण समिति की बैठक

### कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बैठक में 8 मामलों का मौके पर किया निपटारा

एजेंसी

**करनाल।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष गांव बसताड़ा निवासी प्रार्थी अंकित ने ग्राम पंचायत कुंजपुरा के विरुद्ध विकास कार्यों की पेमेंट न दिलवाने व फर्जी बिलों से दूसरे ठेकेदार को धोखा बाजी करके पेमेंट दिए जाने को लेकर शिकायत रखी। इस शिकायत पर मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत निवारण के दौरान दूध का दूध, पानी का पानी करें और जनता को न्याय दिलाएं। इससे प्रशासन और सरकार के प्रति जनता का विश्वास बढ़ता है। उन्होंने शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस कमेटी में समिति का एक गैर सरकारी सदस्य भी शामिल रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे



थे। मंत्री ने बैठक में 13 परिवादों में से 8 का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष 5 परिवादों की उच्च अधिकारियों को पुनः: जांच सौंपी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का ध्येय आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी शिकायतों की गंभीरता को समझें और उनका जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने नीलोखेड़ी ब्लॉक के गांव बीड़ बड़ालवा निवासी दिव्यांग भजनलाल शर्मा ने मकान के ऊपर से गुजरने वाले 11 हजार वाट की तारों को हटवाने को लेकर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय में आवेदन किया था। इस पर निगम ने उन्हें अनुमानित लागत 70 हजार 571 रुपये की राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। फरियादी ने मंत्री के समक्ष कहा कि मैं यह राशि जमा करवाने में असमर्थ हूं। इस पर मंत्री ने दरियादिली दिखाते हुए दिव्यांग भजनलाल शर्मा को ऐच्छिक कोष से 71 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की और बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसकी शिकायत का जल्द निवारण किया जाए। इस प्रकार से कष्ट निवारण समिति की बैठक भजनलाल शर्मा के लिए एक वरदान साबित हुई। इसी प्रकार से गांव घोलपुरा निवासी अंकित की शिकायत पोल्ट्री फार्म के लिए बिजली का कनेक्शन लेने के लिए बिजली निगम को आवेदन किया लेकिन निगम द्वारा एनओसी के नाम पर बार-बार परेशान किया गया।

## ग्राम सभाओं में जिम्मेदारी के साथ हो आय सत्यापन का कार्य : डीसी

एजेंसी

**झज्जर।** जिलाभर की सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से ग्राम सभाएं आयोजित करते हुए परिवार पहचान पत्र से संबंधित आय एवं परिवार संरचना के डेटा का सत्यापन जिम्मेदारी के साथ किया जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने शुक्रवार को मुख्य सचिव हरियाणा श्री अनुराग रस्तोगी के साथ वीसी उपरांत सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

डीसी ने कहा कि पीपीपी आधारित डेटा की सटीकता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी जाए। सत्यापन का उद्देश्य वास्तविक रूप से गरीब एवं पात्र परिवारों की पहचान करना है, ताकि कोई जरूरतमंद परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ न उठा सके। उन्होंने कहा कि जिला के गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना है, जिनमें आगामी 2 अक्टूबर को सामान्य ग्राम सभाएं करवाई जाएं। सत्यापन कार्य को केवल औपचारिकता न मानते हुए




वास्तविक स्थिति को डेटाबेस में दर्ज किया जाए। डेटा पंचिंग का कार्य केवल विभागीय कर्मियों की निगरानी एवं जिम्मेदारी में ही करवाया जाए क्योंकि इसी डेटा के आधार पर पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना है। इस अवसर एडीसी जगनिवास, डीडीपीओ निशा तंवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अग्निवीर भर्तीः शारीरिक परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी, 21 अक्टूबर को अंबाला में होगी परीक्षा

### परीक्षा पास उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा का आयोजन, एडमिट कार्ड साथ लाना अनिवार्य

एजेंसी

**सिरसा।** सेना भर्ती कार्यालय, हिसार की ओर से अग्निवीर श्रेणी (जनरल ड्यूटी, टेक्निकल एवं ट्रेड्समैन) में सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) पास कर चुके उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। वहीं, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी में परीक्षा पास उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा 21 अक्टूबर, 2026 को खरगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, अंबाला कैंट में आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा में केवल वही उम्मीदवार भाग ले सकेंगे, जिन्होंने सामान्य प्रवेश परीक्षा पास की है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी अधिसूचना में दी गई है। उम्मीदवार https://www.joinindianarmy.nic.in/ अथवा संबंधित सेना भर्ती कार्यालय से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण के लिए चयनित किया जाएगा।

भर्ती निदेशक ने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने एक या एक से अधिक श्रेणियों में पंजीकरण किया है और सीईई पास की है, उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में केवल एक बार दौड़ में भाग लेने की अनुमति होगी। ऐसे उम्मीदवारों को एक ही एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा, जिसमें उनके द्वारा आवेदन की गई सभी पदों/श्रेणियों का विवरण दर्ज होगा। परीक्षा के दौरान एडमिट कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के अनुसार, ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र साथ लाने होंगे। इनमें 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, जाति प्रमाण-पत्र, डोमिसाइल प्रमाण-पत्र, ऑनलाइन चरित्र प्रमाण-पत्र (पुलिस वेरिफिकेशन), एनसीसी प्रमाण-पत्र, खेल प्रमाण-पत्र तथा सेना से संबंधित प्रमाण-पत्र शामिल हैं।

## पीएमएफएमई योजना से बदला जीवनः सुनील कुमार ने डेयरी प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर बनाई नई पहचान

### *दूध व्यवसाय को आधुनिक डेयरी उद्योग में बदला*

एजेंसी

**सिरसा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) ग्रामीण युवाओं और उद्यमियों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। इस योजना का लाभ उठाकर सिरसा जिले के गांव लक्खुआना के पशुपालक सुनील कुमार ने अपने पारंपरिक दूध व्यवसाय को आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई में बदलकर सफलता की नई कहानी लिखी है। आज उनका उद्यम न केवल आय का मजबूत माध्यम बन चुका है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और पशुपालकों के लिए बाजार भी उपलब्ध करा रहा है।

सुनील कुमार ने वर्ष 2021 में केंद्र सरकार की पीएमएफएमई योजना के तहत आवेदन किया था। योजना के अंतर्गत उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिस पर सरकार की ओर से 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ मिला। इस वित्तीय सहायता से उन्होंने दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा विभिन्न डेयरी उत्पाद तैयार करने के लिए आधुनिक मशीनरी स्थापित की। इससे उनके पारंपरिक व्यवसाय को नया स्वरूप मिला और उत्पादन तथा प्रसंस्करण की क्षमता में भी वृद्धि हुई। आज सुनील कुमार की डेयरी प्रसंस्करण इकाई 'सहमत मिल्क' में प्रतिदिन करीब 1500 से 2000 लीटर दूध का प्रसंस्करण किया जा रहा है। इकाई में पैक्ड दूध के अलावा घी, दही, लस्सी और मिठाई सहित विभिन्न डेयरी उत्पाद तैयार किए जाते हैं।'सहमत मिल्क' के उत्पाद आसपास के करीब 45 गांवों में पहुंच रहे हैं। इस उद्यम से लगभग 30 से 40 लाख रुपये का वार्षिक कारोबार हो रहा है। साथ ही, इकाई में करीब 9 से 10 लोगों को स्थायी रोजगार भी मिल रहा है। सुनील कुमार का उद्यम केवल उनके अपने व्यवसाय तक सीमित नहीं है। वर्तमान में उनके पास 150 से अधिक मवेशी हैं। इसके अलावा क्षेत्र के 5 से 7 अन्य पशुपालक और किसान भी उनके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जो दूध की आपूर्ति करते हैं। इससे स्थानीय पशु पालकों को अपने दूध के लिए नियमित बाजार उपलब्ध हो रहा है।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधा सरकार की प्राथमिकता : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

### सिविल अस्पताल बरवाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों व चिकित्सकों को गंभीरता से कार्य करने की दी हिदायत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार के सिविल अस्पताल बरवाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने मेडिकल स्टॉफ व अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों के उपचार में कोताही और लापरवाही स्वीकार योग्य नहीं है। अस्पताल को केवल रेफरल अस्पताल न बनाकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का हर संभव लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दिन-रात विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहने चाहिए। उपचार का केवल जिम्मा



पैरामेडिकल स्टाफ पर न छोड़ा जाए। प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार एवं सम्मानजनक व्यवहार मिलना चाहिए। निरीक्षण के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मीडिया से संवाद किया।

उन्होंने प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्वस्थ समाज की मजबूत नींव हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उसके नजदीक ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों तथा स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाया जाए।

## औद्योगिक ईकाइयों को करनी होगी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2026 के नियमों की पालनाः डीसी साहिल गुप्ता

### नियमों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के अस्थायी तौर पर कट सकते हैं बिजली-पानी के कनेक्शन

एजेंसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बल्क यानि बड़े स्तर पर कचरा जनरेट करने वाले औद्योगिक ईकाइयों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2026 के नियमों की पालना करनी होगी। इसके लिए अधिकारी 15 दिन के अंदर-अंदर 20 हजार स्क्वेयर मीटर के दायरे या 40 हजार पानी प्रतिदिन की खपत वाले मैरिज होम, हॉस्पिटल, ढाबों और गत्ता फैक्ट्री आदि औद्योगिक इकाईयों की पहचान कर उनको नोटिस जारी करना और संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2026 के नियमों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के अस्थायी तौर पर बिजली-पानी के कनेक्शन काटे जा सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ठोस



कचरा प्रबंधन नियमों आदेशों के अनुपालना सुनिश्चित करने को लेकर डीआरडीए हॉल में आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने निर्देश दिए कि शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग अपने-अपने अधीन क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की पहचान करें जो बल्क में कचरा जनरेट करते हैं। शहरी क्षेत्र में जिला नगर आयुक्त और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद / जिला विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा ऐसे संस्थानों की पहचान कर नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन सही न होने के कारण पर्यावरण प्रदुषित होता है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए कचरा प्रबंधन जरूरी है। डीसी ने निर्देश दिए कि ऐसे संस्थानों के संचालकों को ठोस कचरा प्रबंधन-2026 के निमयानुसार ठोस कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाए और ठोस कचरा प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। ठोस कचरा प्रबंधन-2026 के तहत चार चरण होते हैं, इनमें नियमों के क्रियान्वयन की समय-सीमा, वैज्ञानिक लैंडफिल के मानक, कचरा प्रसंस्करण एवं उपचार के मानक तथा कचरा डंप साइटों पर आग की रोकथाम एवं प्रबंधन से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे संस्थानों में जागरूकता लाने के साथ-साथ नियमित रूप से निगरानी की जाए। इसके साथ-साथ डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों को ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करें। इसके लिए शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

## उज्जवला योजना ने जिला में 92 हजार 199 महिलाओं को दिलवाया धुएं से छुटकारा

एजेंसी

**भिवानी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जिला में उज्जवला योजना के तहत 92 हजार 199 पात्र महिलाओं को योजना का लाभ लिया है, यानि इन महिलाओं को चूल्हे के धुंए से छुटकारा मिला है। महिलाओं के लिए खाना बनाना आसान हो गया है। लाभार्थी महिलाओं के अनुसार गैस चूल्हे पर बिना धुंए के एक साथ दो-दो काम हो रहे हैं। इससे उनका समय बच रहा है, जो बच्चों की पढ़ाई व घर के अन्य जरूरी कार्यों में दे रही हैं। घर को लकड़ियों से फैलने वाले धुंए के आवरण से निजात मिली है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों की महिलाओं के लिए एक मई 2016 को उज्जवला योजना शुरु की गई थी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को पारंपरिक चूल्हे के धुएं और लकड़ी जैसे ईंधन से होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना है। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण भी योजना का उद्देश्य है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाता है। कनेक्शन के साथ पहला भरा हुआ गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा भी निःशुल्क दिया जाता है। उसके बाद मात्र 500 रुपए में गैस सिलेंडर रिफेल होता है। गांव गारनपुरा निवासी रीना ने बताया कि पहले लकड़ी से चूल्हे पर खाना बनाते समय काफी धुआं होता था। इसके कारण उन्हें खांसी, तथा सांस संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन मिलने के बाद चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी से उन्हें राहत मिली है। घर में गैस चूल्हा आने से रसाई भी साफ-सुथरी हो गई है। पहले लकड़ियां इक्कठा करने में भी बहुत परेशानी थी।

## बीमा क्षेत्र की ग्रोथ में हिस्सेदारी का मौका, डीएसपी ने लॉन्च किया इंश्योरेंस

**नए फंड ऑफर की सदस्यता 24 सितंबर को शुरू हुई और यह 28 सितंबर को बंद होगा**

मुंबई ।

देश के तेजी से बढ़ते बीमा क्षेत्र की अपार संभावनाओं में निवेश करने की तलाश में जुटे निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर सामने आया है।

डीएसपी म्युचुअल फंड ने डीएसपी बीएसई इंश्योरेंस ईटीएफ लॉन्च किया है, जो इस सेक्टर की दिग्गज कंपनियों में पैसिव निवेश का विकल्प प्रदान करता है। यह ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) सीधे बीएसई इंश्योरेंस इंडेक्स में शामिल कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जिसका प्राथमिक लक्ष्य लंबी अवधि में निवेशकों के लिए पूंजी वृद्धि करना है। इस नए फंड ऑफर की सदस्यता 24 सितंबर को शुरू हुई थी और यह 28 सितंबर को बंद होगा।

इसके बाद निवेशक 7 अक्टूबर से इस स्कीम में दोबारा खरीद-बिक्री कर सकेंगे। निवेशक इस ईटीएफ में न्यूनतम 5,000 रुपये से शुरुआत कर सकते हैं, जिसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में निवेश की सुविधा है। इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और इसका एक्सपेंस रेशियो 0.30 फीसदी तक निर्धारित किया गया है। भारतीय बीमा क्षेत्र को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी वजह इसकी अपार विकास क्षमता है। वर्तमान में, भारत में जीडीपी में प्रीमियम का हिस्सा मात्र 3.7 फीसदी है, जबकि वैश्विक औसत लगभग 7.30 फीसदी है, जो इस क्षेत्र में वृद्धि की व्यापक गुंजाइश को दर्शाता है। प्रति व्यक्ति बीमा पर खर्च वैश्विक स्तर से काफी कम है, और नॉन-लाइफ इंश्योरेंस सेगमेंट सालाना 14.5 फीसदी की दर से बढ़ने के बावजूद अभी भी बड़े पैमाने पर अनछुआ है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और आयुष्मान भारत जैसी सरकारी योजनाएं जागरूकता बढ़ा रही हैं, वहीं व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर 0 फीसदी जीएसटी जैसी अनुकूल नीतियां इस सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। डीएसपी बीएसई इंश्योरेंस ईटीएफ एक पैसिव इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी अपनाएगा, जिसका अर्थ है कि यह बीएसई इंश्योरेंस इंडेक्स में शामिल शेयरों में उसी अनुपात में निवेश करेगा जिस अनुपात में वे इंडेक्स में हैं। फंड का मुख्य उद्देश्य ट्रैकिंग एरर को कम रखते हुए अपने बेंचमार्क इंडेक्स के प्रदर्शन को दोहराना है।

## पीबी फिनटेक के शेयर 36 फीसदी टूटकर 18 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली ।

पॉलिसीबाजार की पैरेंट कंपनी पीबी` फिनटेक के शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई। भारतीय बीमा नियामक आईआरडीएआई द्वारा बीमा वितरण कमीशन और खर्च से जुड़े नियमों में व्यापक बदलाव के प्रस्ताव के बाद स्टॉक करीब 36 फीसदी टूटकर 18 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट ने निवेशकों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। आईआरडीएआई ने बीमा डिस्ट्रीब्यूटर्स के कमीशन स्ट्रक्चर पर सीमा लगाने का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित बदलावों में हेल्थ इंश्योरेंस में कमीशन को 15-20 फीसदी और टर्म लाइफ इंश्योरेंस में इसे 25 फीसदी तक सीमित करने की बात कही गई है।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि ये सीमाएं सीधे तौर पर पीबी` फिनटेक के कारोबार की कमाई और मुनाफे पर नकारात्मक असर डालेंगी।

## केंद्र ने आंध्र प्रदेश में 2025-26 सत्र के लिए अतिरिक्त तंबाकू बिक्री को दी मंजूरी

नई दिल्ली ।

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के तंबाकू किसानों को बड़ी राहत दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने 2025-26 के फसल सत्र के लिए फ्लू-क्योर वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू की बिक्री के नियमों में ढील दी है। अब पंजीकृत और गैर-पंजीकृत दोनों प्रकार के उत्पादक अपनी अतिरिक्त उपज को तंबाकू बोर्ड के अधिकृत नीलामी मंचों पर बेच सकेंगे।

फ्लू-क्योर तंबाकू वह होता है जिसे धातु के पाइपों के जरिए पहुंचाई गई गर्मी से विशेष, धुआं-मुक्त भट्ठियों में सुखाया जाता है। यह निर्णय वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव के नेतृत्व में एक दल द्वारा जुलाई में आंध्र प्रदेश के बाजार हालातों की समीक्षा के बाद लिया गया है। बीते 24 सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्र ने तंबाकू बोर्ड अधिनियम के एक प्रावधान के क्रियान्वयन में ढील दी है, जिससे अनाधिकृत फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू की बिक्री को भी अनुमति मिल गई है। यह कदम किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में सहायक होगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 315, निफ्टी 77 अंक उछला**

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ था पर अंतिम कारोबारी दिन इसमें तेजी आई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 315.20 अंक करीब 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ ही 73,895.74 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.40 अंक तकरीब 0.34 फीसदी की तेजी दर्ज करते हुए 23,140.50 के स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त गुरुवार को हुई भारी बिकवाली के बाद बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत है, जो दिखाता है कि निवेशकों का भरोसा पूरी तरह से डगमगाया नहीं है। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स में शामिल 30 प्रमुख शेयरों में से 20 शेयरों ने बढ़त के साथ कारोबार समाप्त किया, जबकि बाकी के 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के टॉप गेनर में एक्सिस बैंक सबसे आगे रहा, जिसमें 2.82 फीसदी की उछाल दर्ज की गई। वहीं, ट्रेंट 1.41 फीसदी की गिरावट के साथ सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले शेयरों में शामिल रहा। निफ्टी के टॉप गेनर्स की बात करें तो एक्सिस बैंक (3.03फीसदी),



एशियन पेंट्स (2.14फीसदी), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.75फीसदी), बजाज फाइनेंस (1.52फीसदी) और पावरग्रिड (1.16फीसदी) ने निवेशकों को मुनाफा दिया।

दूसरी ओर, निफ्टी के टॉप लूजर्स में मैक्स हेल्थकेयर (3.06फीसदी), टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (1.54फीसदी), इन्फोसिस (1.41फीसदी), ओएनजीसी (1.31फीसदी) और ट्रेंट (1.14फीसदी) शामिल रहे, जिन्होंने गिरावट दर्ज की। शेयर बाजार में आई इस अप्रत्याशित गिरावट के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारक जिम्मेदार थे।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई ।





अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ ही 95.83 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.85 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू आयातकों, विशेषकर तेल कंपनियों की ओर से डॉलर की लगातार मांग, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख के चलते डॉलर सूचकांक में व्यापक मजबूती घरेलू मुद्रा पर दबाव बना रही है। हालांकि, कारोबारियों का कहना है कि मुद्रा बाजार में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को थामने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हस्तक्षेप कर सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.92 पर खुला। इसके बाद इसमें कुछ सुधार देखा गया और यह 95.85 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे टूटकर 95.99 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 101.28 पर था।

## भारत का नया निवेश संधि मॉडल कैबिनेट मंजूरी के करीब

**वित्त मंत्रालय ने कैबिनेट सचिवालय को भेजा मसौदा नोट**

नई दिल्ली ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत का नया मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) ढांचा तैयार हो चुका है और इसे जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की संभावना है। वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए मसौदा नोट कैबिनेट सचिवालय को भेज दिया है। यह संशोधित मॉडल भारत की वार्ता प्रक्रियाओं को आसान बनाएगा और निवेशकों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। 2015 के मौजूदा मॉडल की जगह लेने वाले इस नए ढांचे में कुछ लक्ष्मण रेखाएं तय की गई हैं। इनमें कर से संबंधित कोई प्रावधान शामिल नहीं होगा, ताकि भारत अपनी कराधान संप्रभुता पर कोई समझौता न करे। इसके साथ ही स्थानीय कानूनी प्रावधानों को भी बीआईटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जिससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनी रहे। नया मॉडल विदेश में निवेश करने वाले भारतीय कंपनियों को भी पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है। मौजूदा ढांचे में विदेशी निवेशकों के लिए संधि-आधारित मध्यस्थता शुरू करने से पहले पांच साल तक इंतजार करना अनिवार्य है, जिसे अब और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने की मांग की जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में भी मौजूदा मॉडल में बदलाव का प्रस्ताव रखा था। भारत इस समय कनाडा और ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ नई संधियों पर बातचीत कर रहा है।

# भारत-अमेरिका ने रूस-ईरान प्रतिबंधों पर चर्चा की

**भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस प्रतिबंध कानून पर भारत की चिंताएं दोहराईं**

न्यूयॉर्क ।

अमेरिका और भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के इतर उन देशों पर लगाए जा सकने वाले संभावित प्रतिबंधों पर गहन चर्चा की, जो रूस और ईरान से आर्थिक रूप से जुड़े हैं। इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और क्षेत्रीय साझेदारों की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने में मदद करने का आश्वासन दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, रुबियो और जयशंकर ने पश्चिम एशिया और उससे आगे के घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। रुबियो ने जोर देकर कहा कि अमेरिका क्षेत्रीय साझेदारों की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने में बेहतर स्थिति में है। जयशंकर ने रूस प्रतिबंध कानून को लेकर भारत के हितों और चिंताओं को दोहराया। दोनों राजनयिकों ने सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका की भी पुष्टि की। जयशंकर ने एक्स पर इस मुलाकात को अच्छा बताया और खाड़ी तथा यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। इसी बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन महासभा के इतर कई अन्य महत्वपूर्ण बैठकें भी कीं। उन्होंने भारत-कैरिकॉम विदेश मंत्रियों की



बैठक में कैरेबियाई देशों के साथ आर्थिक, डिजिटल और आवागमन के क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन व वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने का अनुरोध किया। एक सकारात्मक घटनाक्रम के रूप में, भारत को प्रशांत द्वीप समूह फोरम (पीआईएफ) में रणनीतिक साझेदार श्रेणी में शामिल किया गया, जिसे जयशंकर ने इस क्षेत्र के साथ भारत के सहयोग को और मजबूत करने वाला बताया।

# आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी बेचने वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन जारी

**प्रेम वत्स समर्थित फेयरफैक्स और दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी की संशोधित बोलियां विचाराधीन**

नई दिल्ली ।

सरकार आईडीबीआई बैंक में अपनी रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने के लिए प्राप्त वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन कर रही है।

सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यह विनिवेश प्रक्रिया स्थिर गति से आगे बढ़ रही है, जिसमें बैंक की 60.72 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, अरबपति निवेशक प्रेम वत्स समर्थित फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स और दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी ने जुलाई में आईडीबीआई बैंक में यह हिस्सेदारी खरीदने के लिए अपनी संशोधित बोलियां जमा की थीं। प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, दोनों बोलीदाताओं को गृह मंत्रालय (एमएचए) से सुरक्षा मंजूरी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से उपयुक्त एवं उचित (fit and proper) होने का मूल्यांकन पहले ही मिल चुका है। दोनों बोलीदाताओं के पास भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का अनुभव है; एमिरेट्स एनबीडी ने इस साल की शुरुआत में आरबीएल बैंक में बहुमत हिस्सेदारी हासिल की थी, जबकि फेयरफैक्स फाइनेंशियल के पास निजी क्षेत्र के सीएसबी बैंक में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह दूसरा मौका है जब इच्छुक





बोलीदाताओं ने आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी खरीदने के लिए वित्तीय बोलियां लगाई हैं। सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मिलकर यह हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

## डाबर-सेसा केयर विलय को एनसीएलटी की हरी झंडी

**आयुर्वेदिक हेयर केयर ब्रांड से डाबर का पोर्टफोलियो मजबूत होगा**

नई दिल्ली ।

एफएमसीजी प्रमुख डाबर इंडिया को अपने आयुर्वेदिक हेयर केयर ब्रांड 'सेसा केयर' के विलय के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से शुक्रवार को मंजूरी मिल गई। इस विलय से डाबर का मौजूदा हेयर केयर पोर्टफोलियो और मजबूत होगा, साथ ही वृद्धि के नए अवसरों का भी लाभ मिलेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सेसा केयर का एकीकरण डाबर की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है।

डाबर ने अक्टूबर 2024 में सेसा केयर में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था, जिसके बाद मई 2025 में इसके निदेशक मंडल ने पूर्ण विलय योजना को मंजूरी दी थी। कंपनी अधिनियम के तहत किसी भी विलय योजना के प्रभावी होने के लिए एनसीएलटी की मंजूरी अनिवार्य है।

डाबर के एक वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा` कि सेसा केयर का एकीकरण हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करने और वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। इस कदम से डाबर को बालों की देखभाल के क्षेत्र में अपनी स्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# आईआरडीएआई सुधारों से लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को होगा बड़ा वित्तीय लाभ

**क्रेडिट-लाइफ कारोबार वाली कंपनियां रहेंगी फायदे में**

नई दिल्ली।

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बीमा एजेंटों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के कमीशन में कटौती के लिए नए नियम प्रस्तावित किए हैं, जिससे लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को एक बड़ा वित्तीय लाभ मिलने की उम्मीद है। सेंट्रम की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन कंपनियों का क्रेडिट-लाइफ बिज़नेस ज़्यादा है, उन्हें इन बदलावों से विशेष रूप से फ़ायदा होगा क्योंकि कमीशन दरों में भारी कमी आने की संभावना है। सेंट्रम की रिपोर्ट के मुताबिक आईआरडीएआई के प्रस्तावित नियम पूरे लाइफ इंश्योरेंस उद्योग में कमीशन के भुगतान को कम करेंगे और कंपनियों को खर्चों पर अधिक सख्ती से नियंत्रण करने में मदद करेंगे।

इससे लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा, खासकर उन कंपनियों को फायदा होगा जिनके एनुअलाइज़्ड प्रीमियम इक्विवेलेंट में क्रेडिट-लाइफ बिज़नेस का हिस्सा अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट-लाइफ प्रोडक्ट्स के लिए कमीशन दरें घटाकर 2 प्रतिशत तक की जा सकती हैं, जिससे इन कंपनियों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। प्रस्तावित नियमों के तहत, लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के लिए एक्सपेंस ऑफ़ मैनेजमेंट की सीमा को` वित्त वर्ष 28 से शुरू होने वाले दो वर्षों के भीतर ग्रॉस डायरेक्ट प्रीमियम इनकम के 15 प्रतिशत तक सीमित कर दिया जाएगा, जिसे बाद में पांच वर्षों के भीतर 12.5 प्रतिशत तक घटाया जाएगा। सेंट्रम का अनुमान है कि बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंपनियां अपने खर्च के स्तर को लगभग 10 प्रतिशत तक ला सकती हैं।

## भारत में रिकॉर्ड एफडीआई प्रवाह, 2025-26 में 94.53 अरब डॉलर

**पीएलआई योजनाएं बनीं आर्थिक इंजन, लाखों रोजगार सृजित**

नई दिल्ली ।

भारत ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को घोषणा की कि इस अवधि में देश को 94.53 अरब डॉलर का रिकॉर्ड एफडीआई प्राप्त हुआ, जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक प्रवाह है। उन्होंने यह भी बताया कि 2014-15 से 2025-26 तक कुल संचयी एफडीआई प्रवाह 843 अरब डॉलर रहा है। मंत्री गोयल ने उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं की सफलता पर भी प्रकाश डाला। 31 मार्च तक, इन योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ, जबकि 23.8 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन/बिक्री और 15.2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया गया। इन योजनाओं ने 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, दवा, चिकित्सा उपकरण, वाहन, आईटी हार्डवेयर और विशेष इस्पात जैसे प्रमुख क्षेत्रों को पीएलआई से उल्लेखनीय लाभ मिला है। मेक इन इंडिया अभियान की 12वीं वर्षगांठ पर सोशल मीडिया पोस्ट में गोयल ने इन आंकड़ों को उत्साहजनक तस्वीर बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत देश भर में नए औद्योगिक स्मार्ट शहर स्थापित किए जा रहे हैं।

## सरकार ने 27 सितंबर को सभी बैंक खुले रखने का किया ऐलान

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार को सामान्य रूप से कार्य करेंगे**





नई दिल्ली।

बैंक संघों के संयुक्त मंच (यूएफबीयू) द्वारा 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के मद्देनजर सरकार ने नागरिकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किए हैं। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि 26 और 27 सितंबर के सप्ताहांत से जुड़ी इस हड़ताल के प्रभाव को कम करने के लिए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार, 27 सितंबर को सामान्य रूप से कार्य करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम से जुड़ी शाखाओं और करेंसी चेस्ट को 27 सितंबर को पूरी तरह से चालू रखने की मंजूरी दे दी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ग्राहकों का कल्याण और सुविधा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार और बैंक प्रबंधन ने यूनियनों से प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने की अपील की है। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स ने उप मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष हुई सुलह बैठक में कोई नतीजा न निकलने के कारण हड़ताल का फैसला बरकरार रखा है। उनकी मुख्य मांगें पांच दिन की बैंकिंग समेत अन्य लंबित मुद्दे हैं। विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक ने पुष्टि की है कि उसकी सभी शाखाएं रविवार, 27 सितंबर को खुली रहेंगी और सामान्य रूप से कामकाज करेंगी, ताकि ग्राहक अपनी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

## भारतीय टेक सेक्टर में निवेश 10.3 अरब डॉलर पहुंचा, बड़े सौदों पर बढ़ा जोर

नई दिल्ली ।

भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने जनवरी-सितंबर 2026 की अवधि में कुल 10.3 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 7 प्रतिशत अधिक है।

हालांकि, आंकड़ा विश्लेषण मंच ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान निवेश सौदों की संख्या में 38 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो अब बड़े आकार के, केंद्रित सौदों की ओर बदलते रुझान को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में इसी अवधि में 9.7 अरब डॉलर और 2024 में 10 अरब डॉलर का निवेश आया था।

इस वर्ष सौदों की संख्या 1,838 से घटकर 1,134 रह गई। वैश्विक स्तर पर, 10.3 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वित्तपोषण प्राप्त करने वाला पांचवां सबसे बड़ा देश बना हुआ है, अमेरिका (444 अरब डॉलर) इस सूची में सबसे ऊपर है, जिसके बाद चीन, ब्रिटेन और सिंगापुर हैं।

निवेश के विभिन्न चरणों में, शुरुआती चरण का वित्तपोषण 27 प्रतिशत बढ़कर 4.2 अरब डॉलर और बाद के चरण का वित्तपोषण 4 प्रतिशत बढ़कर 5.4 अरब डॉलर हो गया।

वहीं, एकदम शुरुआती (सीड) चरण का वित्तपोषण 37 प्रतिशत घटकर 69.8 करोड़ डॉलर रह गया।

पहली बार वित्तपोषित होने वाली कंपनियों और सूनिकॉर्न (यूनिकॉर्न बनने की कगार पर) की संख्या में भी क्रमशः 30 फीसदी और 53 फीसदी की कमी आई।

जनवरी-सितंबर की अवधि में 10 करोड़ डॉलर या उससे अधिक के 18 बड़े वित्तपोषण सौदे हुए, जिनमें नेक्स्ट्रा का 1 अरब डॉलर और नैसा का 60 करोड़ डॉलर का निवेश प्रमुख रहा।

क्षेत्रवार, उद्यम बुनियादी ढांचा निवेश लगभग पांच गुना बढ़कर 1.6 अरब डॉलर हुआ, जबकि उद्यम अनुप्रयोग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी क्रमशः 49 फीसदी और 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

# स्वस्थ पर्यावरण तो स्वस्थ मानव, यही स्वस्थ पृथ्वी का संकल्प



ललित गर्ग

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए-स्वास्थ्य मंत्रालय अकेले स्वस्थ समाज नहीं बना सकता और पर्यावरण मंत्रालय अकेले स्वस्थ पृथ्वी नहीं बचा सकता। दोनों को एक साथ चलना होगा। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, संतुलित जलवायु और समृद्ध जैव-विविधता-ये पर्यावरण के विषय भर नहीं, मानव जीवन के मौलिक अधिकार हैं।**

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का संदेश है- 'पर्यावरण स्वास्थ्य-समुदायों की रक्षा के लिए विज्ञान के साथ खड़े होना।' यह थीम केवल पर्यावरण की रक्षा का आह्वान नहीं है, बल्कि विज्ञान, प्रमाण और सामूहिक जिम्मेदारी को मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा से जोड़ती है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यही समझने की है कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दो अलग-अलग विषय नहीं हैं। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को पीते हैं, जिस मिट्टी में अन्न उगता है, जिस तापमान में हमारा शरीर जीता है और जिस जैव-विविधता के बीच हमारा जीवन चलता है, ये सभी हमारे स्वास्थ्य के अदृश्य आधार हैं। पर्यावरण बीमार होगा तो मनुष्य स्वस्थ नहीं रह सकता और मनुष्य का अस्वस्थ जीवन पर्यावरण को और अधिक बीमार करेगा। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है और जल-संकट अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 3.6 अरब लोग वर्ष में कम-से-कम एक महीने अपर्याप्त जल उपलब्धता का सामना करते हैं। वर्ष 2000 के बाद बाढ़ से जुड़ी आपदाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की संख्या व अवधि में 29 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि पानी कम हो रहा है, इसका अर्थ यह भी है कि बीमारियां, विस्थापन, खाद्य-असुरक्षा और मानसिक तनाव बढ़ने की जमीन तैयार हो रही है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे कठोर चेहरा आज मानव शरीर पर दिखाई दे रहा है। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार 2000-2004 की तुलना में 2017-2021 के दौरान 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गर्मी से संबंधित मृत्यु-दर लगभग 85 प्रतिशत बढ़ी। गर्मी केवल असुविधा नहीं है, यह हृदय, श्वसन, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य बीमारियों को गंभीर बना सकती है। इसीलिए जलवायु नीति को स्वास्थ्य नीति से अलग देखने का समय समाप्त हो चुका है। वास्तव में पर्यावरणीय जोखिम आज वैश्विक स्वास्थ्य का मौन संकट बन चुके हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार पर्यावरण से जुड़े जोखिमों को कम करके दुनिया में होने वाली लगभग 24 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है। वायु प्रदूषण अकेले हर वर्ष लाखों समयपूर्व मौतों से जुड़ा है। इसलिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाना ही स्वास्थ्य व्यवस्था का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकता। यदि हवा प्रदूषित है, पानी असुरक्षित है, मिट्टी जहरीली है और शहरों में गर्मी बढ़ रही है, तो बीमारी के कारणों को छोड़े रखकर केवल इलाज की व्यवस्था बढ़ाना अधूरा प्रयास होगा।



आज दुनिया को 'इलाज आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था' से 'रोकथाम आधारित पर्यावरणीय स्वास्थ्य व्यवस्था' की ओर बढ़ना होगा। अस्पताल बीमारी आने के बाद काम करता है, लेकिन स्वच्छ हवा बीमारी आने से पहले ही उसकी संभावना कम कर देती है। सुरक्षित पेयजल अस्पतालों पर बोझ घटाता है। हरित क्षेत्र मानसिक स्वास्थ्य को सहारा देते हैं। स्वच्छ ऊर्जा श्वसन रोगों का जोखिम घटाती है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को कम कर सकता है। यही पर्यावरण और स्वास्थ्य का वास्तविक सहजीवन है। इसलिए विकास की परिभाषा पर भी पुनर्विचार जरूरी है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, अधिक उपभोग और अधिक उत्पादन अपने आप में विकास नहीं हैं। विकास वह है जिसमें मनुष्य के साथ नदी, जंगल, मिट्टी, पशु-पक्षी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का भी स्थान हो। यूएनईपी के नवीनतम ग्लोबल इनवारमेंट आउटलुक-7 ने भी रेखांकित किया है कि स्थिर जलवायु, स्वस्थ प्रकृति, बेहतर भूमि-प्रबंधन और प्रदूषण-मुक्त वातावरण में निवेश से आने वाले दशकों में अर्थव्यवस्था को बड़े लाभ मिल सकते हैं, जबकि वर्तमान विनाशकारी रास्ता जलवायु, जैव-विविधता, भूमि और स्वास्थ्य पर भारी कीमत डाल सकता है।

यहां भारत के लिए भी एक बड़ी संभावना छिपी है। जल-संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-आंदोलन बनाना होगा। वर्षाजल संचयन, तालाबों और झीलों का पुनर्जीवन, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह की रक्षा, भूजल का वैज्ञानिक प्रबंधन, जल-अपव्यय पर नियंत्रण और कृषि में कम पानी वाली तकनीकों का विस्तार-ये सब पर्यावरण नीति के साथ-साथ स्वास्थ्य नीति भी हैं। हर पुनर्जीवित तालाब केवल पानी नहीं बचाता, वह भविष्य की बीमारी, विस्थापन और खाद्य-संकट को भी कम करने में योगदान देता है। इसी प्रकार जंगलों और जैव-विविधता की रक्षा को भी स्वास्थ्य के केंद्र में लाना होगा। मनुष्य ने जब जंगलों को काटा, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को नष्ट किया और प्रकृति के संतुलन को तोड़ा, तो उसका प्रभाव केवल पेड़-पौधों तक सीमित नहीं रहा। डब्ल्यू.एच.ओ. आज पर्यावरण, पशु और मानव स्वास्थ्य को एक साथ देखने वाले ह्लवन हैल्थह्व दृष्टिकोण पर बल देता है। इसका संदेश स्पष्ट है-मानव स्वास्थ्य को पृथक द्वीप की तरह सुरक्षित नहीं किया जा सकता, स्वस्थ मनुष्य के लिए स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है।

नई दिशा यह होनी चाहिए कि प्रत्येक शहर अपना 'पर्यावरण स्वास्थ्य बजट' बनाए। इसमें केवल सड़क और भवन नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र, स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी, वृक्ष आवरण, जल-संचयन, कचरा प्रबंधन, गर्मी से सुरक्षा और जैव-विविधता जैसे मानकों को भी शामिल किया जाए। प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को केवल पर्यावरण दिवस पर पौधा लगाने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र की नदी, तालाब, जलस्तर, वायु गुणवत्ता और जैव-विविधता का स्थानीय संरक्षक बनाया जाए। अस्पतालों को भी ऊर्जा-कुशल, कम-कार्बन और जल-संरक्षण आधारित बनाया जाए। विज्ञान इस अभियान का मार्गदर्शक बने और संवेदना उसका आधार। आंकड़े हमें संकट का आकार बताते हैं, लेकिन संवेदना हमें कार्रवाई के लिए प्रेरित करती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे हम बचा रहे हैं, हम स्वयं प्रकृति का हिस्सा हैं। नदी को बचाना अपने रक्त में बहते जल को बचाना है, जंगल को बचाना अपनी सांस को बचाना है, मिट्टी को बचाना अपने भोजन को बचाना है और जलवायु को बचाना अपने भविष्य को बचाना है। आज आवश्यकता पर्यावरण बनाम विकास की बहस की नहीं, बल्कि पर्यावरण-सम्मत विकास की है। विज्ञान हमें रास्ता दिखा रहा है और प्रकृति हमें उसकी कीमत का संकेत दे रही है। अब निर्णय मनुष्य को करना है कि वह संसाधनों का स्वामी बनकर उन्हें समाप्त करेगा या संरक्षक बनकर उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएगा।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए-स्वास्थ्य मंत्रालय अकेले स्वस्थ समाज नहीं बना सकता और पर्यावरण मंत्रालय अकेले स्वस्थ पृथ्वी नहीं बचा सकता। दोनों को एक साथ चलना होगा। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, संतुलित जलवायु और समृद्ध जैव-विविधता-ये पर्यावरण के विषय भर नहीं, मानव जीवन के मौलिक अधिकार हैं। अंततः हमें ऐसी दुनिया बनानी है जहां अस्पताल कम और स्वस्थ जीवन अधिक दिखाई दे, जहां बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी नहीं, सुरक्षित प्राकृतिक जल सामान्य जीवन का हिस्सा हो। जहां वृक्ष सजावट नहीं, जीवन-सहचर माने जाएं, जहां नदी संसाधन नहीं, जीवंत धरोहर समझी जाए। पर्यावरण को स्वस्थ करना ही मानव स्वास्थ्य को स्वस्थ करना है और मानव जीवन को स्वस्थ बनाना ही पर्यावरण की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यही सोच स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ मनुष्य और स्वस्थ विश्व की नई त्रिवेणी बना सकती है। यही विज्ञान के साथ खड़े होने का वास्तविक अर्थ है और यही विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की सार्थकता भी।

## संपादकीय

### चुनाव आयोग की जवाबदेही

हाल के वर्षों में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर देश का विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। हालांकि, चुनाव हारने पर विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला पुराना है। लेकिन पिछले कुछ सालों में भारत का चुनाव आयोग विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा नहीं उतर पा रहा है। जिसकी तपिश भारतीय लोकतंत्र की साख पर भी पड़ती है। निस्संदेह, चुनाव आयोग का दायित्व लोकतंत्र में पारदर्शी चुनाव कराना और नागरिकों के वोट देने के महत्वपूर्ण अधिकार की रक्षा करना होता है। लेकिन पिछले कुछ समय से इस संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को विवादित ह्यस्पेशल इंटेंसिव रिविजनह्न यानी एसआईआर से जुड़ी विसंगतियों ने भारी ठेस पहुंचायी है। हाल ही में दिल्ली के एक अंग्रेजी अखबार की पड़ताल में पता चला है कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने अक्तूबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच कम से कम चौदह बार उन फैसलों पर आपत्ति जताई, जो उनकी जानकारी में लाए बगैर लिये गए थे। सूत्रों के मुताबिक इन दो चुनाव आयुक्तों की चिंताओं में फॉर्म-6 में बदलाव, वोटर लिस्ट डेटाबेस का सेंट्रलाइजेशन, फील्ड अधिकारियों की इस तक सीमित पहुंच और वोटरों के नाम हटाने की प्रक्रिया शामिल थी। निस्संदेह, इस प्रकरण से मुख्य चुनाव आयुक्त की स्थिति असहज हो गई है। इसके बाद अक्सर चुनाव आयोग पर हमलावर रहा, कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष और ज्यादा हमलावर हो गया है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग कर रहा है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया का संचालन करने वाली संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्तों के बीच उजागर हुए इस मतभेद को प्रशासनिक छोटी-मोटी बात कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ये प्रकरण चुनाव की विश्वसनीयता और जवाबदेही के मूल मुद्दे से जुड़ा है। वोटर रजिस्ट्रेशन को आसान बनाने के लिये बने फॉर्म-6 में, रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स-1960 में कानूनी रूप से सही तरीके से संशोधन किए बिना बदलाव कर दिए गए। इन बदलावों के चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। विडंबना यह है कि जो फॉर्म-6 वोटर रजिस्ट्रेशन को आसान बनाने के लिये बना था, उसे बेहद जटिल बना दिया गया। जिसमें यह जानकारी देनी अनिवार्य कर दी गई कि क्या वोटर के माता-पिता का नाम पिछली एसआईआर सूची में शामिल था। उल्लेखनीय है कि एसआईआर की जटिलता को महसूस करते हुए पिछले बार की प्रक्रिया की जिम्मेदारी चुनाव आयोग के कर्मचारियों ने निभायी थी। लेकिन इस बार यह जवाबदेही वोटरों के सिर पर डाल दी गई। एक सामान्य मतदाता कैसे याद रखे कि करीब चौथाई सदी पहले उसने या उसके माता-पिता ने किस बूथ पर वोट डाला था। इस संबंध में जानकारी जुटाने के लिये लोग दर-दर की ठोकरें खाते रहे हैं। इस जानकारी से मैपिंग न हो पाने के कारण पूरे देश में करोड़ों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से निकाल दिए गए। पश्चिम बंगाल में, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटाने पर नागरिकों व विपक्ष ने कड़ा प्रतिरोध किया।

## चिंतन-मनन

### ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है। पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय



सौरभ वार्ष्णेय

चुनाव आयोग के फैसलों पर 14 बार लिखित आपत्ति की अनदेखी का मतलब है कि केंद्रीय चुनाव आयोग में सब कुछ सही नहीं चल रहा है। लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की प्रक्रिया का नाम नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती इस बात से तय होती है कि चुनाव कितने पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय तरीके से कराए जाते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के भीतर उठने वाली किसी भी असहमति को महज प्रशासनिक प्रक्रिया मानकर नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। मतदाता सूची से जुड़े फैसलों पर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की ओर से बार-बार यानी 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज किए जाने की खबर ने इसी कारण गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजनीतिज्ञों को भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि इसका हल कैसे निकाले ? वहीं ऐसी बातों से मतदाताओं के बीच भी लोकतंत्र की इस संवैधानिक संस्था के प्रति सोचना पड़ता है। यह ऐसे संस्था है कि जहां कुछ भी हो तुरंत प्रभावी कार्य हो जिससे पारदर्शिता सबके सामने आये।

देश के प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित एक रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद देश में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले करीब दस महीनों में आयोग के विभिन्न फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं। बताया गया है कि इन आपत्तियों का संबंध केवल तकनीकी या प्रक्रियागत विषयों तक सीमित नहीं था, बल्कि मतदाता सूची में नाम जोडे और हटाने, फॉर्म-6 में बदलाव, मतदाता डेटा के केंद्रीकरण तथा चुनावी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली तक अधिकारियों की पहुंच जैसे संवेदनशील मुद्दों से था। यहां मूल चिंता यह नहीं है कि किसी संवैधानिक संस्था में अलग-अलग राय क्यों सामने आईं। लोकतांत्रिक संस्थाओं में असहमति अपने आप में कोई कमजोरी नहीं है। बल्कि स्वस्थ संस्थागत व्यवस्था में अलग राय रखना और उसे रिकॉर्ड पर दर्ज करना एक आवश्यक प्रक्रिया मानी जाती है। चिंता तब पैदा होती है जब यह सवाल उठे कि क्या उन आपत्तियों पर पर्याप्त विचार किया गया और क्या निर्णय प्रक्रिया वास्तव में सभी संबंधित सदस्यों की भागीदारी से आगे बढ़ी?

चुनाव आयोग तीन सदस्यीय संवैधानिक संस्था है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी इसके सदस्य हैं। यदि दो सदस्यों की ओर से महत्वपूर्ण मामलों में बार-बार लिखित आपत्तियां दर्ज की गई हैं, तो इन आपत्तियों की प्रकृति, उनका निस्तारण और अंतिम निर्णय तक पहुंचने की प्रक्रिया सार्वजनिक विमर्श का विषय बनना स्वाभाविक है। विशेष रूप से मतदाता सूची का मामला अत्यंत संवेदनशील है। मतदाता सूची केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं होती। यही वह आधार है जो तय करती है कि चुनाव के दिन कौन नागरिक अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेगा। इसलिए मतदाता सूची में किसी नाम का जुड ?ा, हटना या बहाल होना सीधे तौर पर नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार से जुड़ा प्रश्न है।

फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर सामने आई आपत्ति इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। फॉर्म-6 नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वैधानिक फॉर्म है। रिपोर्ट के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान इसमें ऐसा घोषणा-पत्र जोड़ा गया, जिसमें आवेदक से यह बताने को कहा गया कि उसका या उसके माता-पिता अथवा दादा-दादी का नाम पिछली मतदाता सूची में था या नहीं। यदि किसी प्रक्रिया में इस तरह का महत्वपूर्ण बदलाव किया जा रहा हो और उससे पहले आयोग के ही दो सदस्यों की आपत्ति सामने आई हो, तो यह जानना जरूरी हो जाता है कि उस आपत्ति पर क्या विचार हुआ और बदलाव का अंतिम आधार क्या था।


मामला केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं है। मतदाता सूची के डिजिटल प्रबंधन को लेकर भी सवाल उठे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ राज्यों में स्थानीय स्तर के निर्वाचन अधिकारियों की मतदाता डेटा से जुड़े फैसलों को सिस्टम में दर्ज करने की क्षमता प्रभावित हुई। पश्चिम बंगाल में कुछ ऐसे मामलों का भी उल्लेख है, जहां दस्तावेजों की जांच के बाद लोग पात्र पाए गए, लेकिन सॉफ्टवेयर में उनके नाम जोडे की प्रक्रिया को लेकर तकनीकी बाधाएं सामने आईं। गोवा में 97 पात्र मतदाताओं का मामला भी इसी तरह की तकनीकी समस्या से जुड़ा बताया गया है।

यह स्थिति एक बुनियादी सवाल खड़ा करती है कि चुनावी प्रक्रिया में अंतिम निर्णय किसका होगा, मैदानी स्तर पर काम कर रहा निर्वाचन अधिकारी या केंद्रीकृत डिजिटल सिस्टम ? तकनीक चुनावी प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने का माध्यम हो सकती है, लेकिन वह लोकतांत्रिक निर्णय का विकल्प नहीं बन सकती। किसी तकनीकी प्रणाली में हुई त्रुटि के कारण यदि पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं हो पाता, तो इसका सीधा असर उसके मताधिकार पर पड़ सकता है। हालांकि, इस पूरे विवाद का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग ने रिपोर्ट में बताए गए कथित आंतरिक मतभेद के निष्कर्ष को खारिज किया है। आयोग का कहना है कि सदस्यों की ओर से नोटिंग, टिप्पणियां, सुझाव और अलग-अलग राय देना सामान्य संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग के अनुसार, अनुच्छेद 324, वैधानिक नियमों और स्थापित प्रक्रियाओं के तहत विचार-विमर्श के बाद अंतिम फैसले लिए जाते हैं और एसआईआर सहित महत्वपूर्ण निर्णय तीनों आयुक्तों की मंजूरी से हुए हैं। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि लिखित आपत्तियां अपने आप में आयोग के भीतर किसी निर्णायक विभाजन का प्रमाण हैं। लेकिन यह भी उतना ही सही है कि ऐसी आपत्तियों को पूरी तरह सामान्य प्रशासनिक टिप्पणी कहकर सार्वजनिक चिंता को समाप्त नहीं किया जा सकता। यदि 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज हुई हैं, तो लोकतांत्रिक पारदर्शिता की मांग यही होगी कि कम से कम यह स्पष्ट किया जाए कि किन मुद्दों पर असहमति थी, उन पर क्या विचार हुआ और अंतिम निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया।

विपक्ष ने इन घटनाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है, जबकि राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई और विशेष गहन पुनरीक्षण रोकने की मांग उठाई है। राहुल गांधी ने भी मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे को लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान से जोड़ा है। इन राजनीतिक दावों की अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि है, इसलिए इनका मूल्यांकन स्वतंत्र तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। असल चुनौती किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि चुनावी संस्थाओं पर जनता के भरोसे की है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियादी पूंजी है। इसलिए आयोग के भीतर असहमति सामने आए तो उसका समाधान अधिक पारदर्शिता, स्पष्ट जवाबदेही और सार्वजनिक स्पष्टीकरण से होना चाहिए, न कि केवल विवाद को खारिज कर देने से।

जरूरत इस बात की है कि मतदाता सूची से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बदलावों का स्पष्ट ऑडिट ट्रेल उपलब्ध हो। किस अधिकारी ने क्या निर्णय लिया, किस आधार पर लिया, किस स्तर पर उसे बदला गया और तकनीकी प्रणाली ने उस निर्णय को कैसे दर्ज किया। इन सवालों के जवाब लोकतांत्रिक व्यवस्था में अस्पष्ट नहीं रहने चाहिए। साथ ही, आयोग के भीतर दर्ज असहमति और उसके निस्तारण की संस्थागत प्रक्रिया भी स्पष्ट होनी चाहिए। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव तभी बन सकता है, जब हर पात्र नागरिक को यह भरोसा हो कि उसका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित है और चुनावी प्रक्रिया किसी अदृश्य तकनीकी या प्रशासनिक हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं होगी। चुनाव आयोग के दो सदस्यों की 14 लिखित आपत्तियों का मामला इसी भरोसे की कसौटी है।

# छात्रों की आत्महत्या के असल जिम्मेदार कौन?



डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव

आईआईटी मुंबई में एक छात्र की आत्महत्या ने फिर से कई पुराने सवाल खड़े कर दिये हैं लेकिन हम हैं कि असल मुद्दे छोड़कर लेकर पीटने में मशगूल हैं। जैसे नीट पेपर लीक में मंत्री के इस्तीफे को सारी समस्या का इलाज समझ लिया गया था वैसे ही इस प्रकरण में प्रोफेसर के इस्तीफे की माँग की जा रही है। एससी/एसटी एक्ट के अतार्किक लेकिन डरावने प्रावधानों के तहत प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर दी गयी है। समर्थन और विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं और सोशल मीडिया भी अच्छी बुरी प्रतिक्रियाओं से सराबोर है। गम्भीर सामाजिक समस्या को राजनीतिक रंग देकर भीड़तंत्र के हवाले कर देना आज के दौर में एक परम्परा हो गया है। यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम बार बार असल समस्या को नजरअंदाज करके शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर छिपाये हुये हैं।

ऑन परपज नाम का पॉडकास्ट चलाने वाले विश्वप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर जय शेट्टी अपनी बेस्टसेलर किताब थिंक लाइक अ मॉन्क में लिखते हैं कि आम तौर पर बच्चों को दो तरह के झूठ सुनना पड़ता है। या तो यह कि; तुम जीवन में कुछ नहीं बन सकते या फिर यह कि; तुम जीवन में जो चाहो बन सकते हो। जबकि वास्तविकता यह है कि कोई भी वह नहीं बन सकता जो वो चाहता है लेकिन वह जरूर बन सकता है जो वो है। ये झूठ भारतीय समाज के अधिकांश परिवारों पर पूरी तरह फिट बैठते हैं और अक्सर बच्चों से उनकी क्षमता से बहुत ज्यादा उम्मीद की जाती है। उपभोक्तावाद से ग्रस्त समाज में यह समझा जाता है कि महंगी कोचिंग के दम पर बच्चा जो चाहे वह बन सकता है। इस त्रासदी का एक दुखद पहलू यह भी है कि विरले मातापिता ही बच्चों को नैतिकता, नागरिक जिम्मेदारी, समाजसेवा, देशप्रेम तथा परोपकार की शिक्षा देते हैं। अधिकांश मातापिता की महत्वाकांक्षा बच्चे के आईआईटी अथवा मेडीकल कॉलेज में दाखिले की होती है क्योंकि इन दो व्यवसायों से प्रतिष्ठा और पैसा दोनों ही हासिल होते हैं।

भारतीय सिस्टम में करियर चुनाव के लिये कोई स्थापित प्रक्रिया नहीं है इसलिये अक्सर मातापिता की महत्वाकांक्षा और समाज की तत्कालीन अपेक्षा ही करियर निर्धारित करती है। जबकि वास्तव में किसी भी बच्चे का करियर तीन बुनियादी प्रश्नों से तय किया जाना चाहिये। पहला; वह क्या बनना चाहता है, दूसरा; वह क्या बन सकता है और तीसरा; वह क्या बनने के काबिल है? चूंकि हमारे समाज बच्चों में मौलिक सोच विकसित होने की गुंजाइश कम होती है इसलिए वह आसानी से बाहरी दुनिया से प्रभावित हो जाता है। नतीजा यह कि अक्सर पहले प्रश्न के पीछे साथियों का सोच और तत्कालीन सामाजिक धारा का प्रभाव होता है और दूसरे प्रश्न के पीछे माता पिता की महत्वाकांक्षा। तीसरे प्रश्न का उत्तर किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व की बनावट और उसकी बौद्धिक क्षमता में मौजूद होता है लेकिन इन दोनों का सही आकलन न होने से सामाजिक दबाव और माता पिता की महत्वाकांक्षा ही ज्यादा असरदार साबित होते हैं। इसीलिये अधिकांश मातापिता द्वारा बच्चों को उनकी इच्छा के विपरीत और क्षमता के बाहर की पढ़ाई करने का दबाव डाला जाता है। और यह समस्या तब और भी गम्भीर हो जाती है जब बच्चों को महंगी कोचिंग क्लास में भेजा जाता है। पहले दसवीं कक्षा के बाद कोचिंग का फैशन था लेकिन भीषण प्रतिस्पर्धा के चलते अब कई कोचिंग संस्थान आठवीं कक्षा के बाद ही नीट या जेईई की तैयारी शुरू करवा देते हैं। इस कोचिंग कोर्स का लाखों खर्च के कारण मातापिता बच्चों को बीच बीच में याद दिलाते रहते हैं कि उन्हें हर हाल में सफल होना है। मातापिता भले ही इसे प्रेरणा समझें लेकिन यह बच्चों को और अधिक तनाव में डाल देता है।

कोचिंग क्लास की कठिन दिनचर्या कुछ इस तरह है कि छात्र को परम्परागत स्कूल छोड़ना पड़ता है और उनका प्रवेश ऐसे डमी स्कूलों में करवा दिया जाता है जहां सिर्फ उनकी हाजिरी दिखाई जाती है। चूंकि छात्र स्कूल के वातावरण से वंचित रहते हैं इसलिये उन्हें किशोरावस्था में सामंजस्य, समझौता, सहयोग, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सीखने का अवसर ही नहीं मिलता। इसके बजाय वे कोचिंग के तनावपूर्ण माहौल में एक दूसरे से आगे निकलने के हुनर सीखते रहते है। इससे छात्रों का मानसिक और भावनात्मक विकास नहीं हो पाता और भावी जीवन में किसी भी कठिनाई और असफलता से छात्र टूट जाते हैं और कमजोर क्षणों में आत्मघात जैसे कठोर कदम भी उठा लेते हैं।

उपभोक्तावाद से प्रेरित समाज की सोच मातापिता की महत्वाकांक्षा तक पहुँच कर रुक गयी है। इसी का नतीजा है कि देश भर के नामी इंजीनियरिंग और मेडीकल संस्थानों में दाखिले के बावजूद बच्चे दबाव और तनाव में रहते हैं। कोचिंग के गलाकाट प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में सालों साल कोशिश करते रहने के परिणामस्वरूप ऐसे कई छात्रों की मानसिक स्थिति बेहद नाजुक और कमजोर हो जाती है और नामी संस्थानों में पढ़ाई का दबाव उन्हें निराशा और अवसाद में धकेल देता है। नतीजा यह कि आत्महत्या की घटनाएं निरन्तर जारी हैं। लेकिन हम हैं कि समस्या को अजीबोगरीब रंग देकर अगली दुर्घटना का इंतजार करने लगते हैं। इस लीपापोती के मूल में यह भय है कि असलियत सामने आते ही उसे स्वीकार करना मुश्किल होगा। और असलियत यही है कि इन आत्महत्याओं के वास्तविक जिम्मेदार महत्वाकांक्षी मातापिता और दिग्भ्रमित समाज हैं। हर आत्महत्या पर किसी को बलि का बकरा बना देने से आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी। शिक्षाशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों और योजनाकारों को पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करना पड़ेगा तब हम आत्महत्याएं रोक पायेंगे।

संक्षिप्त समाचार

## 63 डिग्री तापमान में मिला जिंदा अमीबा, बढ़ा रहा है आबादी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के लासेन वोल्केनिक नेशनल पार्क के खौलते झरनों में वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अमीबा खोजा है, जो 63 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी जीवित रहने के साथ अपनी संख्या बढ़ा रहा है। नए जीव का नाम इंसेंडियामीबा कैस्केडेंसिस रखा गया है, जिसका अर्थ कैस्केड्स का फायर अमीबा है। अब तक माना जाता था कि जटिल कोशिकाओं वाले जीव 60 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में जीवित नहीं रह सकते।

## इस्राइल के राजदूत का बेटा वेस्ट बैंक में रामिंग हमले में गंभीर रूप से घायल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** इस्राइल के अमेरिका में राजदूत येचियल लाइटर के बेटे नेरिया लाइटर वेस्ट बैंक में बुधवार को एक रामिंग हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। नेरिया इजरायल की सेना में आरक्षित सैन्यकर्मी हैं। राजदूत येचियल लाइटर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, उनके बेटे को 'चमत्कार की जरूरत है।' सेना के अनुसार, एक फिलिस्तीनी व्यक्ति ने बेत होरोन बस्ती के पास सुरक्षा चौकी पर कार से टक्कर मारी। हमले में एक अधिकारी गंभीर घायल हो गया। इस्राइली सेना ने भागने की कोशिश कर रहे हमलावर को गोली मारकर मार दिया। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने संदिग्ध की पहचान महमूद सुलेमान बताई। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने लाइटर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राजदूत लाइटर के बड़े बेटे मोशे येदिद्या लाइटर की 7 अक्तूबर, 2023 के हमास हमले के बाद गाजा में मौत हो गई थी। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में हिंसक घटनाओं में वृद्धि हुई है।

## ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में कैरिबियन और बरमूडा के स्थानीय शब्द शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी ने बरमूडा और कैरिबियन में इस्तेमाल होने वाले एक दर्जन से अधिक शब्दों को आधिकारिक मान्यता दी। बुधवार को जिन शब्दों को मान्यता दी गई इनमें 'बिमपर्ट' (मूर्ख व्यक्ति) और 'हॉर्नरमैन' (बेवफा पुरुष) जैसे शब्द प्रमुख हैं। लियोनार्ड अलेक्जेंडर ने 'हॉर्नरमैन' के शामिल होने पर खुशी जताई। 'वेक्स मनी' वह पैसा है जो महिलाएं आपात स्थिति के लिए सुरक्षित रखती हैं। 'जाब्लेस' एक दुष्ट महिला आत्मा है, जबकि 'डौएन' बपतिस्मा से पहले मरे बच्चे की आत्मा है। एवियोन जॉर्ज ने कहा कि यह मान्यता युवा पीढ़ियों के लिए परंपरा बचाती है। 'शेडिश ', 'शुगर केक ', 'पीनट पंच' जैसे खाद्य-संबंधी शब्द भी जोड़े गए। 'नाना ', 'नानी' (मातृ दादा-दादी) और 'हम्मा' (दोस्त) जैसे शब्द भी सूची में हैं। 'ट्रिनबैगोनियन' और 'कैनबौले' (दास मुक्ति का कार्निवल उत्सव) अंतिम कैरिबियन शब्द हैं। शेरविन विलियम्स ने कहा कि इससे दुनिया उनके त्रिनिदादियन मूल को समझेगी।

## कीव में रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में दो की मौत, जेलेंस्की बोले- दबाव बिना युद्ध खत्म नहीं करेगा रूस

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि दबाव के ब?िना रूस युद्ध खत्म नहीं करेगा। रूस ने बुधवार रात कीव पर फ?िर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। जेलेंस?की ने बताया कि यह हमला ठीक उस समय हुआ, जब हम अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। हमले में अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर हमले की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, ''जब हम अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे और लिंडसे ग्राहम कानून तथा पाबंदियों को और कड़ा करने की जरूरत पर चर्चा कर रहे थे, उसी समय रूस ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। दबाव के बिना रूस इस युद्ध को खत्म नहीं करेगा।'' जेलेंस्की ने बताया, जब लोग सो रहे थे, तब धमाकों की चमक से आसमान रोशन हो गया। एक बार फिर हमले में मुख्य रूप से कीव और आम नागरिकों से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रिहायशी इमारतों, एक मैटरनिटी अस्पताल, ऊर्जा से जुड़े ढांचे और लॉजिस्टिक्स ठिकानों पर भी हमला हुआ। उन?होंने बताया अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। उनके परिवार और करीबियों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की

## कहा- ड्रोन हमलों का जवाब दिया, तालिबान ने पहले चौकियों पर गोलाबारी की



**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने गुरुवार तड़के अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान का कहना है कि इन ठिकानों से एक दिन पहले उसके खिलाफ ड्रोन हमले किए गए थे। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर गोलाबारी की थी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि सीमा पार घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद यह कार्रवाई की गई। अफगानिस्तान ने इन ताजा हमलों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**पाकिस्तान ने 8 ड्रोन मार गिराने का दावा :** पाकिस्तान ने बुधवार को दावा किया कि उसकी सुरक्षा बलों ने 8 ड्रोन मार गिराए। अधिकारियों के मुताबिक, ये ड्रोन अफगान तालिबान ने भेजे थे और कोहाट व तोर्खम में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सभी ड्रोन सीमा के पास ही गिरा दिए गए। पाकिस्तान के मुताबिक, इनसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दूसरी तरफ अफगानिस्तान ने इन हमलों से इनकार किया था। अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को कहा था कि हमारे सुरक्षा बलों ने कोई हमला नहीं किया।

**पाक का आरोप- टीटीपी के आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की :** पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों ने पक्तिया और नंगरहार से पाकिस्तान में घुसने की कोशिश की। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इसे नाकाम कर दिया। इसके बाद अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर मोर्टार और भारी हथियारों से गोलाबारी की। जवाब में पाकिस्तान ने तालिबान की चौकियों और मोर्टार ठिकानों पर तोपों से हमला किया। पाकिस्तान टीटीपी को 'फितना-उल-खवारिज' कहता है। टीटीपी और अफगान तालिबान अलग संगठन हैं। हालांकि, दोनों के बीच गठजोड़ बताया जाता है।

**पाकिस्तान और टीटीपी में लड़ाई क्यों :** 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे ञ्ञ्ञक्क नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए।

**3 दिन पहले भी हुई थी एयरस्ट्राइक :** सोमवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने दावा किया था कि इसमें 28 आतंकी मारे गए। वहीं, अफगान अधिकारियों ने कहा था कि हमले में कम से कम 3 नागरिकों की मौत हुई और 4 घायल हुए।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला क्यों किया :** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 10 जगहों को निशाना बनाया है। इससे एक दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया था कि अफगान तालिबान की ओर से आठ ड्रोन भेजे गए थे। पाकिस्तान के मुताबिक इन ड्रोन को कोहाट शहर और तोरखम सीमा क्षेत्र तक पहुंचने से पहले ही मार गिराया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए और उनसे कोई नुकसान नहीं हुआ। पाकिस्तान का कहना है कि उसकी सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को भी नाकाम किया था।

**अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के आरोपों पर क्या कहा :** अफगान तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के इन आरोपों को खारिज किया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को कहा था कि अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तान पर कोई हमला नहीं किया। पाकिस्तान के ताजा हवाई हमलों पर काबुल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इससे पहले भी पाकिस्तान ने पूर्वी अफगानिस्तान में लड़ाकों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। पाकिस्तान ने उस कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ अभियान बताया था, जबकि अफगान अधिकारियों ने हमले में नागरिकों के मारे जाने की बात कही थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, अफगानिस्तान की तरफ से कथित घुसपैठ की कोशिश के बाद तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर मोर्टार और भारी हथियारों से हमला किया।

# जेलेंस्की बोले- रूस भारतीयों को बहला-फुसलाकर जंग में भेज रहा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा में कहा कि रूस 47 देशों के नागरिकों को बहला-फुसलाकर अपनी सेना में भर्ती कर रहा है। इनमें भारत के लोग भी शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इन देशों के नागरिकों को धोखे से रूस लाया गया और बाद में युद्ध के मैदान में भेज दिया। भारत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, रूसी सेना में 227 भारतीय नागरिक भर्ती हुए थे। इनमें से 139 को रूसी सेना से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 51 की मौत हुई है। भारत सरकार बाकी नागरिकों की वापसी के लिए रूस से बातचीत कर रही है।

**जेलेंस्की बोले- पुतिन ज्यादा जमीन कब्जाना चाहते हैं :** जेलेंस्की ने कहा कि रूस ज्यादा से ज्यादा लोगों को युद्ध में उतारकर यूक्रेन में अपनी पकड़ बढ़ाना चाहता है। उन्होंने दूसरे देशों से रूस पर दबाव बढ़ाने और उसकी युद्ध क्षमता कम करने की अपील की। जेलेंस्की ने रूस की कमाई पर रोक लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि युद्ध रोकने के लिए रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करना होगा। उन्होंने भारत, चीन और तुर्किये से रूस के साथ ऊर्जा कारोबार कम करने की अपील की। उनके मुताबिक, अगर ये देश रूस से ऊर्जा खरीद कम करते हैं तो मॉस्को पर युद्ध रोकने का दबाव बढ़ेगा।

**उत्तर कोरिया पर रूस की मदद करने का आरोप :** जेलेंस्की ने उत्तर कोरिया पर भी रूस की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। जेलेंस्की का दावा है कि इसके बदले उत्तर कोरिया को आधुनिक सैन्य तकनीक मिल रही है। इसमें बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन तकनीक से जुड़ी मदद भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन ने दो उत्तर कोरियाई युद्धबंदियों को दक्षिण कोरिया भेजा है। उनके मुताबिक, दोनों सैनिकों को जिंदा पकड़ना आसान नहीं था।

**सर्दियों में रूस की ऊर्जा सुविधाओं पर हमले की चेतावनी :** जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि अगर रूस यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले जारी रखता है तो यूक्रेन भी रूस की हीटिंग और ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बना सकता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा सुविधाओं पर हमले रोकने को लेकर समझौता कराने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा है कि अमेरिका ऐसे हमले रोकने के लिए समझौते की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि संबंधित देशों को अपने नागरिकों को इस युद्ध में और आगे जाने से रोकना चाहिए। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी देश को उन्हें अपने नागरिकों को युद्ध में घसीटने नहीं देना चाहिए।

## अमेरिकी विमानवाहक पोत 'यूएसएस अब्राहम लिंकन पर 8 नाविकों ने की आत्महत्या की कोशिश: पेंटागन के पत्र से खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मध्य पूर्व में रिकॉर्ड समय तक तैनात रहे अमेरिकी नौसेना के विशालकाय विमानवाहक पोत 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' और उसके स्ट्राइक ग्रुप के कम से कम आठ नाविकों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इस चौंकाने वाले तथ्य की पुष्टि अमेरिकी नौसेना के कार्यकारी सचिव हांग काओ द्वारा लिखे गए एक आधिकारिक पत्र से हुई है। यह पत्र सीबीएस न्यूज़ और सीएनएन के ज़रिए सार्वजनिक हुआ है, जो न्यूयॉर्क की डेमोक्रेटिक सीनेटर कर्स्टन गिलिब्रैंड द्वारा युद्धपोत पर रहने की विषम परिस्थितियों और कर्मियों के मानसिक तनाव को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में भेजा गया था।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के मद्देनजर 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' और उसके स्ट्राइक ग्रुप को करीब 10 महीने पहले मध्य पूर्व के संवेदनशील जलक्षेत्र में तैनात किया गया था: रिकॉर्ड कार्यकाल: आमतौर पर विमानवाहक पोतों की तैनाती छह से आठ महीने की होती है, लेकिन लिंकन को विस्तारित समय तक अग्रिम मोर्चे पर बनाए रखा गया।5,000 कर्मियों का मानसिक दबाव: युद्धपोत और उसके पूरे स्ट्राइक ग्रुप में करीब 5,000 सैन्य कर्मी सवार हैं। पिछले महीने नाविकों के परिवारों और अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के कई सांसदों ने पोत पर अत्यधिक दबाव, लगातार युद्ध की तैयारियों और मानसिक स्वास्थ्य के गिरते स्तर को लेकर गंभीर चिंताएं जताई थीं। स्ट्राइक ग्रुप की संरचना: इस स्ट्राइक ग्रुप में मुख्य विमानवाहक पोत के साथ-साथ एयर विंग, स्ट्राइक ग्रुप मुख्यालय, विध्वंसक स्क्वाड्रन, एस्कॉर्ट पोत और सभी विमानन स्क्वॉड्रन शामिल हैं।

**सैन डिएगो लौट रहा है युद्धपोत :** लगातार बढ़ते विवाद और नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर उठ रहे सवालों के बीच, 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' अब मध्य पूर्व का मिशन पूरा कर उस इलाके से निकल चुका है। पोत फिलहाल कैलिफोर्निया स्थित अपने गृह अड्डे सैन डिएगो की ओर लौट रहा है।

## यूएन महासभा में 51 देश यूक्रेन के समर्थन में एकजुट, रूस से युद्धविराम की अपील



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में 51 देशों ने यूक्रेन की शांति की अपील का समर्थन किया है। यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि यूक्रेन शांति चाहता है और हम सब चाहते हैं कि रूस भी ऐसा करने को तैयार हो। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि रूस से एकजुट अपील है कि वह अपनी सैन्य कार्रवाई रोके और शांति का रास्ता चुने। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''संयुक्त राष्ट्र महासभा में 51 देश यूक्रेन के समर्थन में एकजुट हैं। मार्च 2025 से यूक्रेन पूर्ण, तुरंत और बिना किसी शर्त के युद्धविराम के लिए सहमत है। हम रूस से भी अपील करते हैं कि वह अब ऐसा ही करे। यूक्रेन शांति चाहता है। हम शांति चाहते हैं। रूस को अपनी सैन्य कार्रवाई रोकनी चाहिए, युद्धविराम स्वीकार करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक पूरी तरह न्यायपूर्ण और लंबे समय तक टिकने वाली शांति के लिए गंभीरता के साथ बातचीत में शामिल होना चाहिए।'' यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि काजा कल्लास और फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन नोएल बैरो के साथ मिलकर हमने यूक्रेन पर होने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक से पहले मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि रूस से एकजुट अपील है कि वह अपनी सैन्य कार्रवाई रोके और शांति का रास्ता चुने।

सिबिहा ने समर्थन में शामिल देशों यूरोपीय संघ, अल्बानिया, अंडोरा, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया और हर्जेगोविना, बुल्गारिया, कनाडा, कोस्टा रिका, क्रोएशिया, साइप्रस, चेकिया, डेनमार्क, एस्टोनिया, फ?िनलैंड, फ्रांस, जॉर्जिया, जर्मनी, ग्रीस, होंडुरास, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इजरायल, इटली, जापान, लातविया, लिकटेंस्टीन, लिथुआनिया, लक्ज़मबर्ग, माल्टा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्थ मैसेडोनिया, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, कोरिया गणराज्य, मोल्दोवा गणराज्य, रोमानिया, सैन मैरिनो, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूनाइटेड किंगडम की ओर से जारी संयुक्त बयान पढ़ा। बयान में कहा गया, यूक्रेन के हालात पर चर्चा के लिए जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक हो रही है। हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और शांति के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं। हम यूक्रेन के साथ एकजुट होकर खड़े हैं, जो रूस के हमले का सामना कर रहा है। हम याद दिलाते हैं कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता के साथ-साथ आत्मरक्षा के अधिकार को भी मान्यता देता है।

बयान के अनुसार, बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू हुए चार साल, छह महीने और तीस दिन हो चुके हैं और इंसानी नुकसान लगातार बढ़ रहा है। पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर रूस के बढ़ते हमलों को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में इन हमलों की वजह से हताहतों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

# एआई से सुरक्षा में सेंध: ऑस्ट्रेलियाई सरकारी वेबसाइट तक पहुंचा ओपनएआई एजेंट, पीएम अल्बनीज ने जताई नाराजगी

**मेलबोर्न, एजेंसी।** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक सरकारी वेबसाइट पर ओपनएआई की सुरक्षा में सेंध लगने की घटना से बेहद चिंतित और निराश है। क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने इस बारे में जानकारी देने में बहुत ज्यादा समय लिया। अल्बनीज ने ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी सैम ऑल्टमैन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद इस सुरक्षा चूक की जानकारी सार्वजनिक की। दोनों ही अभी संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क शहर में हैं।

**अल्बनीज ने क्या बताया :** अल्बनीज ने पत्रकारों से कहा, 'आज मैंने ऑल्टमैन से बात की और इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलिया की गहरी



चिंता जाहिर की। मैंने इस बात पर भी निराशा जताई कि कंपनी को सरकार को यह बताने में बहुत ज्यादा समय लगा कि क्या हुआ था, और जिस तरह से यह जानकारी दी गई, वह भी मंजूर करने लायक नहीं था।

**क्या है पूरा मामला :** उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को ओपनएआई के एक एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट में सेंध लगाई थी। ओपनएआई ने एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कई सरकारी विभागों से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा के दौरान, कंपनी को पता चला कि हमारे मॉडल ने ऐसे काम किए जो हमने करने के लिए नहीं कहे थे। अल्बनीज ने बताया कि ओपनएआई ने 10 सितंबर को एक सरकारी विभाग के सामान्य ईमेल पते पर ईमेल भेजकर ऑस्ट्रेलिया को इस सुरक्षा चूक के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को घोषणा की कि सुरक्षा चूक की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई गई है। अल्बनीज ने कहा कि इस जांच में यह देखा जाएगा कि क्या ओपनएआई पर कोई आरोप लगाया जा सकता है। इस जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि ओपनएआई के खुलासा करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियां इस सेंध का पता लगाने में क्यों नाकाम रहीं। अल्बनीज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि किसी भी निजी जानकारी तक पहुंच नहीं बनाई गई थी। एआई एजेंट ने मेडिकेयर के आंकड़ों वाले एक सार्वजनिक पोर्टल तक अनधिकृत पहुंच बना ली थी।

अल्बनीज ने कहा कि उन्हें लगता है कि एआई द्वारा यह जांच करने के पीछे व्यावसायिक कारण थे कि खास दवाओं पर कितना खर्च हो रहा है और खर्च कहां बदल रहा है। उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि यह पहली बार था जब किसी एआई एजेंट द्वारा ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच बनाने का मामला सामने आया।

# पीओजेके में मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ प्रदर्शन

**जिनेवा, एजेंसी।** यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर 'ब्रोकन चेयर' पर पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 63वें सेशन के दौरान किया गया, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया।

**यूकेपीएनपी ने क्यों किया प्रदर्शन :** प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए। इसके साथ ही पीओजेके में लगातार हो रहे दमन, राजनीतिक पाबंदियों और बुनियादी अधिकारों के उल्लंघन की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचा। इस प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा पीओजेके में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर 5 जून को हुई गोलीबारी थी। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई आम नागरिक मारे गए और दर्जनों अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**प्रदर्शनकारियों ने क्या मांग की :** प्रदर्शनकारियों ने घटना की निष्पक्ष जांच और नागरिकों के खिलाफ कथित तौर पर बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की। यूकेपीएनपी ने इस क्षेत्र में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिए जाने और उसे पनपने देने पर भी चिंता जताई। संगठन ने आरोप लगाया कि पीओजेके का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए एक अड्डे के तौर पर किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए, यूकेपीएनपी के प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और यूएन के मानवाधिकार तंत्र से पीओजेके के हालात पर ध्यान देने और वहां के लोगों के अधिकारों और आजादी की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

**यूकेपीएनपी के चेयरमैन ने क्या आरोप लगाए :** समाचार एजेंसी से बात करते हुए, यूकेपीएनपी के चेयरमैन सरदार शौकत अली कश्मीरी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन और विरोध-प्रदर्शनों को बेरहमी से दबाने का आरोप लगाया। चेयरमैन ने कहा 'स्थानीय लोग बुनियादी अधिकारों और निष्पक्ष प्रशासन की मांग करने के कारण सरकार के कड़े दमन का सामना कर रहे हैं। आज हम पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में काम कर रही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरोध कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पाकिस्तान सरकार उनकी तत्काल मांगों को मानने को तैयार नहीं है।' उन्होंने बुनियादी अधिकारों और स्थानीय संसाधनों पर नियंत्रण की शांतिपूर्ण मांगों को नजरअंदाज करने के लिए इस्लामाबाद की आलोचना की। उन्होंने कहा, '100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। 600 से ज्यादा लोगों को जबरदस्ती गायब कर दिया गया है। लगभग 1,500 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# अमेरिका ने जी20 के लिए पुतिन को भेजा न्योता, ट्रंप से मुलाकात की अटकलें तेज

**न्यूयार्क, एजेंसी।** सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिसंबर में होने वाले जी20 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। इससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात की संभावना बढ़ गई है, हालांकि रुबियो ने यह भी साफ किया कि दोनों नेताओं के बीच किसी नए शिखर सम्मेलन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। रुबियो ने यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली के दौरान पत्रकारों से कहा, 'हमने राष्ट्रपति पुतिन को जी20 में आमंत्रित किया है।' उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को उम्मीद है कि पुतिन निमंत्रण स्वीकार कर लेंगे, क्योंकि इस बैठक से उन्हें ट्रंप और दुनिया के अन्य नेताओं से बात करने का मौका मिलेगा। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या अमेरिका एक और ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन चाहता है तो उन्होंने जवाब दिया: इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। रुबियो ने कहा कि अगर पुतिन शामिल होते हैं और बैठक का कोई मकसद होता है, तो दोनों राष्ट्रपति मिल सकते हैं। अन्यथा जी20 में भी उन्हें बात करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन मॉस्को के साथ बातचीत के लिए तैयार रहेगा, क्योंकि वह यूक्रेन में युद्ध को खत्म करना चाहता है। रुबियो ने कहा कि ट्रंप उन नेताओं से मिलने को तैयार थे जिनसे वे असहमत थे। उन्होंने कहा कि अगर



ऐसी बातचीत से कोई नतीजा निकलना है तो उसके लिए तैयारी की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ऐसी बैठक होगी जिसका कोई नतीजा निकले, न कि सिर्फ इसलिए बैठक हो, क्योंकि नेता एक ही जगह पर हैं। रुबियो ने कहा कि ट्रंप के पद संभालने के बाद से दोनों राष्ट्रपतियों ने टेलीफोन पर भी बात की है। उन्होंने अनुमान लगाया कि उन्होंने कम से कम 12 बार बात की है, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास सटीक गिनती नहीं है। रुबियो की ये बातें ऐसे समय में सामने आईं, जब अमेरिकी अधिकारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने अनाज और ऊर्जा से जुड़े सीमित युद्धविराम में रुचि दिखाई है, हालांकि इस तक पहुंचना मुश्किल होगा। रुबियो ने कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस विचार पर चर्चा की थी। मॉस्को में स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर की बैठक में भी इस पर बात हुई थी। अगर वॉशिंगटन कोई रचनात्मक भूमिका निभा सकता है तो वह ऐसी व्यवस्था लाने में मदद करने को तैयार होगा। रुबियो ने कहा कि सीमित युद्धविराम से युद्ध खत्म नहीं होगा, लेकिन इसके व्यापक प्रभावों को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह एक व्यापक समझौते के लिए शुरुआती बिंदु हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर कोई मानता है कि यह युद्ध बातचीत के जरिए हुए समझौते से ही खत्म होगा।' ऊर्जा पर हमले एक बड़ी बाधा हैं। रुबियो ने कहा कि यूक्रेन रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमला कर रहा है, जिनसे मॉस्को को राजस्व मिलता है। उन्होंने कहा कि रूस सर्दियों के आने पर यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बना रहा है। इसलिए दोनों पक्ष ऊर्जा को अपने युद्ध के लक्ष्यों का हिस्सा मानते हैं। जी20 में अमेरिका, रूस, भारत और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके नेताओं की बैठकों में औपचारिक कार्यक्रम के अलावा बातचीत के मौके भी मिलते हैं।

रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया। इस युद्ध का असर एनर्जी और फूड मार्केट पर पड़ा है, जिससे इन सेक्टरों पर हमलों को सीमित करने की कोशिशें दोनों देशों से कहीं ज्यादा अहम हो गई हैं।

# सिर्फ नमस्कार ही नहीं, पूजापाठ की ये क्रियाएं भी दूर करती हैं कई बीमारियां

हिंदू धर्म में पूजापाठ के बाद ईश्वर के सम्मुख हाथ जोड़कर यह प्रार्थना की जाती है कि हे भगवान हमें सुख समृद्धि के साथ अच्छी सेहत भी प्रदान करें। इतना ही नहीं भारतीय परंपरा में अपने से बड़ों और मेहमानों का अभिवादन भी हाथ जोड़कर नमस्कार करके किया जाता है। जब से कोरोना वायरस ने पांव पसारे हैं, तब से सारी दुनिया हाथ मिलाने की बजाए हाथ जोड़ने पर जोर दे रही है। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप भी अपने मेहमानों का स्वागत हाथ जोड़कर कर रहे हैं, लेकिन हम आपको बता दें कि हिंदू धर्म में सिर्फ हाथ जोड़ना ही नहीं, बल्कि कुछ और भी ऐसी क्रियाएं हैं तो कई बीमारियों को दूर रखती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में-

## एक्यूप्रेशर का लाभ

हथेलियों में शरीर के अन्य अंगों की नसों के भी बिंदू होते हैं, जिन्हें एक्यूप्रेशर पाइंट कहा जाता है। ताली बजाने से इन बिंदुओं पर दबाव पड़ता है और इनसे संबंधित अंगों में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे वे बेहतर काम करने लगते हैं। ताली बजाना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।



## ऊं के उच्चारण से इन बीमारियों में लाभ

ऊं के उच्चारण से उत्पन्न होने वाली तरंगें दिमाग को शांत करने के साथ ही मन को सुकून पहुंचाती हैं। ओम का उच्चारण करने से गले में वाइब्रेशन होती है, जिससे थाइरॉयड प्रॉब्लम से बचा जा सकता है। ओम का उच्चारण करने से स्ट्रेस और घबराहट जैसी समस्या दूर होती हैं। रोज इस जाप को करने से लंग्स, बीपी, और ब्लड सर्कुलेशन इम्प्रूव होता है। इससे हार्ट भी हेल्दी रहता है।

## आरती के वक्त ताली बजाने के लाभ

ईश्वर की पूजा करते हुए ताली बजाने का चलन है। भगवान की स्तुति, भक्ति, आरती आदि धर्म-कर्म करते हुए ताली बजाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। विज्ञान के अनुसार ताली बजाना एक प्रकार का व्यायाम ही है, ताली बजाने से हमारे पूरे शरीर में खिंचाव होने लगता है और हमारे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं। कुछ ही देर में हमारे शरीर से पसीना आना शुरू हो जाता है और पूरे शरीर में एक अलग तरह की ऊर्जा पैदा हो जाती है।

## घंटी बजाने से नष्ट होते हैं वायरस

विज्ञान कहता है कि घंटी बजाने से वातावरण में कंपन्न पैदा होती है। इससे आस-पास के माहौल में स्थित जीवाणु, विषाणु मर जाते हैं। जहां सुबह शाम मंदिर की घंटी बजाई जाती है, वहां का वातावरण शुद्ध रहता है। इस ध्वनि के पीछे सेहत से जुड़ा कारण है कि यह ध्वनि हमारे मन को शांत करने में मददगार होती है, जिससे मानसिक तनाव का स्तर घटता है। जब हम इस ध्वनि से उत्पन्न कंपन्न को शांत मन से महसूस करते हैं तो हमारा बीपी नियंत्रित होता है।

# घर की ये मामूली सी दिखने वालीं वस्तुएं डालती हैं आपकी किस्मत पर बड़ा असर

वास्तु का घर की खुशहाली, परिवार की सेहत और धन संपन्नता से सीधा वास्ता है। वास्तु से जुड़ी छोटी-छोटी बातें घर पर अच्छा और बुरा प्रभाव डालती हैं। घर में इस्तेमाल में आने वाली कुछ ऐसी चीजें होती हैं जिनकी अनदेखी घर में नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करती हैं। जिनसे घर में तनाव उत्पन्न होने लगता है। लोग बीमार पड़ने लगते हैं, पैसों की कमी हो जाती है। आइए जानते हैं कौन सी हैं ये वस्तुएं-

## झाड़ू को ऐसे न रखें

घर में झाड़ू को मां लक्ष्मी का दर्जा दिया जाता है और इसका सीधा संबंध घर की आर्थिक स्थित से होता है। झाड़ू का अनादर करना, टूटी हुई झाड़ू को रखना और झाड़ू से पैर लगाना बहुत ही गलत प्रकार का व्यवहार माना जाता है। जो कि सीधे तौर पर वास्तु दोष को बताता है। झाड़ू को घर में ऐसे स्थान पर रखना चाहिए, जो सबकी नजरों से दूर रहे। सूर्यास्त के वक्त कभी भी घर में झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। ऐसा करने से दरिद्रता आती है।

## कैंची रखें ऐसे

कैंची का संबंध राहु से माना जाता है और यह घर वालों के आपसी रिश्ते प्रभावित करती है। कभी भी खाली कैंची नहीं चलानी चाहिए। ऐसा करने से आपके रिश्तों में दरार पड़ सकती है। कैंची को सदैव कपड़े में लपेटकर किसी छिपे स्थान पर रखना चाहिए। अगर कोई पड़ोसी कैंची मांगने आता है तो उसे उधार न दे, ऐसा करने से उसके साथ संबंध खराब होते हैं।

## चाकू से होता है ऐसा

चाकू घरों में अक्सर रसोई में ही रखा जाता है, किंतु ध्यान रखें कि चाकू हमेशा उल्टा करके रखें। उसके धार वाले हिस्से को नीचे की ओर रखें। इससे आप संतान पक्ष से खुश रहेंगे। ध्यान रखें कि घर में कभी भी ऐसे चाकू छुरी नहीं रखने चाहिए, जिनका आप इस्तेमाल न करते हों। ऐसा होने से आपके घर में दरिद्रता के साथ ही दांपत्य संबंधों में भी कड़वाहट आनी शुरू हो जाती है। घर में आपस में भी किसी के हाथ में चाकू सीधे नहीं पकड़ाना चाहिए।

## घर के जूते चप्पल

घर में प्रयोग होने वाले जूते चप्पलों का प्रयोग सीधे शनि महाराज से ताल्लुक रखता है। ध्यान रखें, घर में कभी भी जूते-चप्पल इधर-उधर बिखेरकर नहीं रखना चाहिए। इससे आप शनि के कोपभाजन का शिकार भी हो सकते हैं। इतना ही नहीं बाहर से आते वक्त जूते सदैव घर के बाहर उतारकर घर में प्रवेश करना चाहिए, इससे बाहर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर ही रह जाती है, लेकिन ध्यान रखें कि कभी भी मुख्य द्वार के सामने जूते नहीं उतारने चाहिए।

## पांवदान नहीं होना चाहिए ऐसा

घर के मुख्य द्वार पर पांवदान कभी भी गंदा नहीं होना चाहिए। उसे रोजाना झाड़ू लगाने के बाद झाड़कर वापस डाल देना चाहिए। उसके आस-पास कूड़ा बिल्कुल भी न जमा होने दें। रोजाना ईश्वर से अपने घर आगमन की प्रार्थना करनी चाहिए। पांवदान पर किसी तरीके स्वास्तिक या फिर अन्य कोई भी धर्म से जुड़ा चिह्न नहीं होना चाहिए।

# वक्त रहते बदल दें अपनी ये आदतें, नहीं तो बना सकती हैं कंगाल


आदतें अच्छी या बुरी कैसे भी हो सकती हैं, लेकिन कुछ आदतें व्यक्ति के जीवन को इस कदर प्रभावित करती हैं कि वह हर समय तकलीफ और समस्याओं से ही जूझता रहता है। जी हां वास्तु शास्त्र में इसका उल्लेख मिलता है, लेकिन यह भी कहा गया है कि अगर समय रहते ही इन आदतों में सुधार कर लिया जाए तो ये लाइफ को खुशियों की तमाम सौगात भी दे सकती है। ऐसी ही कुछ आदतों का हम यहां जिक्र कर रहे हैं, यदि आप भी जाने-अंजाने ऐसा करते हैं तो कोशिश करें अपनी इन खराब आदतों को बदलने की, जिससे आपका जीवन खुशहाल हो जाएगा।

## आप भी ऐसे तो नहीं करते बात

आपने अक्सर ही घर पर बड़े-बुजुर्गों को यह कहते सुना होगा कि शांति से बात करनी चाहिए। किसी से कभी भी चिल्लाकर बात नहीं करनी चाहिए, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जोर से या फिर चिल्लाकर किसी से भी बात करना क्यों गलत होता है? वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि ऐसा करने से शनि दोष का प्रभाव बढ़ता है। जीवन में सबकुछ उल्टा-पुल्टा होने लगता है। विरोधियों की संख्या बढ़ने लगती है। बेवजह की टेंशन बढ़ती है और काम भी बिगड़ने लगते हैं, लेकिन शांति और स्नेह से बात करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। यही नहीं अगर जीवन में कुछ परेशानियां भी हैं तो वह भी खत्म होने लगती हैं।

## यह आदत तो बिल्कुल ही खराब है

आपने किताबों में पढ़ा होगा या फिर घर-परिवार में बड़े-बुजुर्गों से सुना होगा कि जल्दी सोना और जल्दी उठना सेहत के लिए अच्छा होता है, लेकिन आजकल देर से सोना और देर तक सोना एक अलग तरह का स्टेट्स सिंबल माना जाने लगा है। हालांकि कई बार लोग काम अधिक होने का भी तर्क देते हैं। जिसके चलते देर रात सोना होता और देर सुबह से उठना होता है, लेकिन वास्तु शास्त्र में इस आदत को पूरी तरह से गलत बताया गया है। कहा जाता है कि इससे व्यक्ति का स्ट्रेस बढ़ता है और मानसिक तकलीफें बढ़ती हैं। कई बार सेहत में भी लगातार गिरावट होने लगती है।



## ऐसा करने से रूठ ही जाती हैं मां लक्ष्मी

आपने अक्सर ही ऐसे लोगों को देखा होगा जो अपने आस-पास देखे बिना कहीं भी थूक देते हैं। वास्तु शास्त्र में इस आदत को तुरंत ही बदल डालने के बारे में कहा गया है। इसके मुताबिक ऐसा करने वालों से मां लक्ष्मी हमेशा के लिए रूठ जाती हैं। इन्हें जीवन भर पैसों और मान-सम्मान की तंगी झेलनी पड़ती है। इससे कई बार डिप्रेशन तक का शिकार हो जाते हैं। वहीं कभी इन्हें किसी के चलते पैसा या मान-सम्मान मिल भी जाए तो वह इनकी इसी आदत के चलते ज्यादा देर तक नहीं ठहरता। इसलिए ऐसी आदत को जितनी जल्दी हो बदल देना ही उचित होता है।

## इनका भूले से भी न करें अपमान

आपने यह तो सुना ही होगा कि अपने से बड़ों का हमेशा ही सम्मान करना चाहिए। धर्मशास्त्र भी यही कहते हैं। मान्यता है कि जिस घर में बड़े-बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है उनके जीवन में कभी भी किसी भी तरह की परेशानी नहीं आती, लेकिन अगर कोई बड़े-बुजुर्गों का अपमान करता है। उनके साथ ऊंची आवाज में बात करता है। या फिर उनका ख्याल नहीं रखता।

तो ऐसे लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि की कमी बनी ही रहती है। मां लक्ष्मी ऐसे लोगों पर कभी भी कृपा नहीं करतीं, लेकिन अगर आप बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करते हैं, उनका ख्याल रखते हैं मां लक्ष्मी के साथ ही सभी देवी-देवताओं की कृपा बरसती है। जीवन में किसी भी बात की कोई कमी नहीं होती।

## ऐसा करने से घटने लगता है मान-सम्मान

वास्तु शास्त्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। कहा जाता है जितनी सफाई रखी जाए मां लक्ष्मी उतनी ही मेहरबान होती हैं, लेकिन यह केवल घर या फिर कपड़ों की नहीं, बल्कि पैरों की भी होनी चाहिए। कहते हैं कि पैर जितने साफ रखें जाएं, किस्मत उतनी ही अच्छी होती है, लेकिन अधिकतर लोग अपने चेहरे का तो ख्याल रखते हैं, लेकिन पैरों पर ध्यान नहीं जाता। वास्तु के मुताबिक अगर किसी के पैर गंदे होते हैं तो उसके मान-सम्मान में कमी होती है। मानसिक तनाव भी बढ़ता है। साथ ही एक के बाद एक समस्या लगी ही रहती है।

## दान पुण्य के ये कार्य बिगाड़ देंगे आपकी आर्थिक स्थिति

दान पुण्य के कार्यों के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का कुछ हिस्सा अवश्य निकालना चाहिए। धार्मिक उपदेशों में अक्सर ऐसी बातें कही जाती हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि अनजाने में किया गया दान आपको पुण्य देने की बजाए कंगाल बना सकता है। ज्योतिष की मशहूर लाल किताब में दान से जुड़े कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताया गया है, जिनको जानना हर व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी है।

**पीली वस्तुओं का दान:** अगर आपकी कुंडली में सूर्य मजबूत स्थिति में है तो आपको भूलकर भी सोना, गेहूं और तांबे जैसी पीली वस्तुओं का दान नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपका बलशाली सूर्य कमजोर हो सकता है। इससे कार्यक्षेत्र में परेशानी, धन का अभाव और स्वास्थ्य की हानि हो सकती है।

**चंद्रमा इस भाव में हो तो :** अगर आपकी कुंडली में चंद्रमा द्वितीय और चतुर्थ भाव में हो तो आपको भूलकर भी दूध, चांदी, मोती या फिर चावल जैसी सफेद वस्तुओं का दान नहीं करना चाहिए। यहां तक कि दोस्तों और रिश्तेदारों को उपहार के रूप में भी नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से आपके घर में तंगी पांव पसार सकती है।

**अगर मंगल हो मजबूत :** अगर आपकी राशि में मंगल मजबूत स्थिति में है तो आपको भूलकर भी दान में मीठी चीजें, शहद या फिर लाल वस्तुएं नहीं देनी चाहिए। ऐसा करने से आपके ऊपर ही विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और आपके ग्रहदोष कम होने की बजाए आपकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

**जिनका बुध मजबूत हो:** जिन जातकों की कुंडली में बुध मजबूत स्थिति में हो उन्हें, किसी भी व्यक्ति को कलम या फिर पैन उपहार के रूप में भी नहीं देना चाहिए। यहां तक कि उस व्यक्ति को हरी दाल या फिर हरे वस्त्र भी किसी को नहीं देने चाहिए। ऐसा करने से बुध उनके ऊपर उल्टा प्रभाव छोड़ सकता है।

**अगर बृहस्पति हो बलशाली:** अगर आपकी राशि के लिए देवों के गुरु बृहस्पति बलशाली हों तो आपको किसी को भी अपने हाथ सोने की वस्तुएं उपहार में नहीं देनी चाहिए। पीले कपड़े और केसर की बनी चीजें भी किसी को भूल से न दें।

**शुक्र के मजबूत होने पर:** अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में शुक्र अच्छी स्थिति में है तो उसे किसी दूसरे को रेडिमेड कपड़े, परफ्यूम या फिर आभूषण नहीं देने चाहिए। ऐसा करने से उनके दांपत्य जीवन में परेशानियां आ सकती हैं और भौतिक सुविधाओं में कमी आ सकती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2598




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 2597 का हल



## लॉफिंग जोन

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूँगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूँगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूँगा।

□ □ □

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा- यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।

गीता- क्यों क्या किया रमन ने?


शीला- कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा- अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता- तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला- दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2598



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2597



## सूडोकु -2598


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2597 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 2598



**बाएँ से दाएँ**

1.चिकित्सा,इलाज-4
5.पैतृक संपत्ति-4
8.बलवा,क्रांति-3
9.निम्न-2
11.सुअर,शूकर-3
12.चौबीसवें तीर्थंकर-4
14.केश-2
15.मुनाफा,अर्जित-3
17.मैदे की रोटी-2
19.मनोहर,आकर्षक-5
22.अनासक्ति,निर्विकारता-5
25.पानी,नीर-2
26.सूखा,दुष्काल-3
27.कांटा,कंटक-2
28.शांति,ध्वनिहीनता-4
30.तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31.लाख,गोंद-2
33.मधुक,महुआ-3
35.हृदयगति,स्पंदन-4
36.अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2.पंख,पराया-2
3.राम का एक नाम-4
4.संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5.वियोग,जुदाई-3
6.गलत का विलोम-2
7.एकांतता,अकेलापन-4
10.मरियल,निर्बल-4
13.'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16.मक्खन-3
17.रिश्ता-2
18.लाश-3
20.माला का मोती-3
21.यमराज-2
22.ललाट-2
23.ताप वर्धक-3
24.विदिर्ण-2.2
25.पानी का बहना-5
26.जुर्म,गुनाह-4
28.रसहीनता-4
29.प्रणाम,नमस्कार-3
32.लड़ी,श्रृंखला-2
34.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -2597 का हल



## राज्यपाल ने तीन विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त करने के आदेश जारी किए



एजेंसी
**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत को, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में डॉ. युद्धवीर सिंह को तथा महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में प्रो. नरसी राम विश्नोई को कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से कुलगुरु पद पर नियुक्तियां के यह आदेश जारी किये है।बागडे ने कुलगुरु पद पर यह नियुक्तियां कुलगुरु के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिए की है।

## सीएम फडणवीस बोले- सूखा पीड़ित किसानों के लिए जारी होगा शासनादेश

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमरावती जिले में कहा कि सूबे में सूखा पीड़ित किसानों के लिए कल ही शासनादेश जारी किया जाएगा। समयऔर कैलेंडर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सूखाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के बाद अमरावती विमानतल पर पत्रकारों को बताया कि किसानों को सहायता देने के लिए केंद्र सरकार की मदद का इंतजार नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार अपने स्तर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएगी। साथ ही केंद्र से सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यक पंचनामा और अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सूखे की स्थिति है, इसलिए किसानों को सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है। आने वाले समय में चारे और पानी की संभावित कमी को देखते हुए आवश्यक उपाय किए जाएंगे। खाद्यान्न सहायता के साथ किसानों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए भी प्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध कराने की योजना है। रबी मौसम में उपलब्ध पानी के आधार पर किन क्षेत्रों में फसलें ली जा सकती हैं, इसकी जांच की जाएगी।

## महाजन रेंज पहुंचे अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर, भारत-अमेरिका युद्धाभ्यास देखा

**बीकानेर।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज पहुंचकर भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास-2026' का अवलोकन किया। इस दौरान भारतीय और अमेरिकी सैनिकों ने संयुक्त प्रशिक्षण के तहत विभिन्न सैन्य क्षमताओं और परिचालन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य 'युद्ध अभ्यास' को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने लिखा कि महाजन रेंज में अमेरिकी और भारतीय सेनाओं को एक साथ प्रशिक्षण करते देखना बेहद प्रभावशाली है। यह अभ्यास दोनों देशों की रक्षा साझेदारी की मजबूती, आपसी भरोसे, तैयारी, एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने की क्षमता और साझा उद्देश्य को दर्शाता है।

## मशहूर अभिनेता मुश्ताक खान का निधन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के चर्चित चरित्र अभिनेता मुश्ताक खान के निधन की खबर से फिल्म जगत में शोक की लहर है। उनकी पीआर टीम के मुताबिक 56 वर्षीय अभिनेता पिछले करीब 15 दिनों से मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती थे। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया था, जहांशाम करीब 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बिजनेस पार्टनर शिवम ने भी उनके निधन की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि करीब पांच साल पहले मुश्ताक खान को कैंसर का पता चला था। इलाज के बाद वह स्वस्थ हो गए थे, लेकिन हाल ही में बीमारी दोबारा लौट आई, जिसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। मुश्ताक खान का अंतिम संस्कार मुंबई में किया जाएगा। उनके निधन से परिवार, करीबी लोगों और फिल्म जगत में शोक का माहौल है। मुश्ताक खान ने अपने लंबे फिल्मी सफर में अलग-अलग तरह की सहायक और हास्य भूमिकाएं निभाकर दर्शकों के बीच पहचान बनाई। बड़े पर्दे के साथ उन्होंने टेलीविजन और रंगमंच पर भी काम किया। 'हम हैं राही प्यार के', 'राजा', 'गदरः एक प्रेम कथा', 'जोड़ी नंबर 1', 'मुझसे शादी करोगी', 'वेलकम', 'वांटेड', 'ओह माय गॉड!', 'स्त्री', 'गदर 2' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्मों में वह महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाओं में दिखाई दिए।

# केरल के मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करने को लेकर पत्रकार एंटो ऑगस्टीन से पूछताछ करेगी पुलिस

**यह मामला वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केपीसीसी प्रवक्ता राजू पी. नायर की शिकायत पर दर्ज किया गया था।**

एजेंसी
**तिरुवनंतपुरम ।** एर्नाकुलम में कलामसेरी पुलिस ने रिपोर्टर टीवी के मैनेजिंग एडिटर एंटो ऑगस्टीन और उनके चैनल के एक अन्य पत्रकार क पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया है। उनसे केरल के मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने तथा विवाह संबंधी दावों को लेकर पूछताछ की जाएगी। इस मामले में पूछताछ ऐसे समय हो रही है, जब एंटो ऑगस्टीन की अग्रिम जमानत याचिका पर अदालत शनिवार को अपना फैसला सुनाने वाली है। कलामसेरी पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद ऑगस्टीन ने अग्रिम जमानत के लिए तिरुवनंतपुरम जिला अदालत का रुख किया था। यह मामला वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केपीसीसी



प्रवक्ता राजू पी. नायर की शिकायत पर दर्ज किया गया था। जांच के तहत रिपोर्टर टीवी के एक अन्य पत्रकार को भी शनिवार को पुलिस के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला उन टिप्पणियों से जुड़ा है, जो ऑगस्टीन ने करीब तीन सप्ताह पहले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से जुड़े गंभीर आरोप लगाए थे और एक विवाह से संबंधित दस्तावेजों का भी उल्लेख किया था। पुलिस के अनुसार, मामले का मुख्य आधार यह आरोप है कि ये दस्तावेज फर्जी थे और उनका इस्तेमाल मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से किया गया था। आबकारी मामले में कुछ दिन जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आए ऑगस्टीन ने मुख्यमंत्री के बारे में अपनी टिप्पणियों से जुड़े एफआईआर में पहले आरोपी बनाए गए हैं। इस मामले में कथित तौर पर शामिल दो अन्य अज्ञात लोगों का भी जिक्र किया गया है। शिकायत पहले राज्य पुलिस प्रमुख को सौंपी गई थी, जिसके बाद तिरुवनंतपुरम सिटी साइबर पुलिस ने शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज किया। बाद में मामले की जांच कलामसेरी पुलिस को सौंप दी गई। हाल ही में राजू पी. नायर भी पुलिस के समक्ष पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। नायर ने आरोप लगाया है कि सीएम वीडी सतीशन के खिलाफ लगाए गए आरोपों के पीछे एक साजिश थी। उन्होंने मांग की है कि ऑगस्टीन के पास होने का दावा किए गए दस्तावेजों को जब्त कर उनकी फॉरेंसिक जांच कराई जाए।

## चिंतन शिविर में पीएम मोदी का मंत्रियों को संदेशः योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं, डिलीवरी पर दें जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद के दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' के दौरान केंद्रीय मंत्रियों से सरकार की प्रमुख योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से 40-45 प्रमुख सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। चिंतन शिविर में इस बात पर जोर रहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी केवल कागजों या सरकारी तंत्र तक सीमित न रहे, बल्कि आम लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे। मंत्रियों से अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और लाभार्थियों तक योजनाओं की वास्तविक पहुंच की स्थिति को समझने के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री ने योजनाओं के क्रियान्वयन में 'डिलीवरी' और परिणाम को महत्वपूर्ण बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि सरकारी कार्यक्रमों का अंतिम आकलन इस आधार पर होना चाहिए कि उनका फायदा नागरिकों तक किस तरह पहुंच रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को मीडिया से बातचीत और जनता के साथ संवाद के दौरान विषयों की बेहतर समझ रखने की सलाह दी। मंत्रियों से कहा गया कि किसी मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बोलने से पहले उससे जुड़े तथ्यों, समस्याओं और सरकार के दृष्टिकोण का गहराई से अध्ययन किया जाए।

# उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष और रक्षामंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

### 'राष्ट्रधर्म' और 'पाञ्चजन्य' के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय विचारों को स्वर दिया'

एजेंसी
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को अंत्योदय और एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

उपराष्ट्ररपति ने एक्स पर कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर मैं सादर नमन करता हूं। एक दूरदर्शी विचारक, देशभक्त और 'एकात्म मानववाद' व 'अंत्योदय' के पुरोधा के रूप में, विकास के केंद्र में लोगों को रखने और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के उनके शाश्वत आदर्श, समावेशी प्रगति, सामाजिक न्याय और राष्ट्र-निर्माण की हमारी सामूहिक यात्रा को निरंतर प्रेरित करते हैं। बिरला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, चिंतनशीलता, राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के प्रति समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण रहा है। 'अंत्योदय' के माध्यम से, दीनदयाल ने विकास कार्यों में समाज के सबसे पिछड़े और वंचित व्यक्ति को प्राथमिकता देने की वकालत की। उनके विचारों का मूल सार यह था कि विकास




तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे और हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने के अवसर मिलें। स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता पर उनके विचार आज भी समकालीन भारतीय विमर्श और राष्ट्र-निर्माण की चर्चाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।राजनाथ सिंह ने कहा कि उपाध्याय का जीवन राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा, सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। 'अंत्योदय' के माध्यम से उन्होंने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास, अवसर और सम्मान पहुंचाने का मार्ग दिखाया, वहीं 'एकात्म मानववाद' के जरिए उन्होंने समावेशी, संतुलित और एकीकृत विकास का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनके विचार, जीवन और आदर्श सदैव राष्ट्र-सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने कहा कि दीनदयाल राजनीति को सत्ता पाने का साधन नहीं बल्कि राष्ट्र-सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का माध्यम मानते थे। 'राष्ट्रधर्म' और 'पाञ्चजन्य' के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय विचारों को स्वर दिया, साथ ही अनेक आंदोलनों के ज़रिए राष्ट्रीय एकता के मुद्दों को पूरी स्पष्टता के साथ उठाया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्गमंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों ने देश को एक वैकल्पिक विचारधारा प्रदान की। राष्ट्र के पुनर्निर्माण में उनकी विचारधारा ने अहम भूमिका निभाई। गरीबों के कल्याण के उद्देश्य से, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद के दर्शन और अंत्योदय की विचारधारा को साकार किया और उसे करके दिखाया। ऐसे महान दूरदर्शी को नमन। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याणमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत ही हमारी प्रेरणा है। उन्होंने राष्ट्र को एकात्म मानववाद के रूप में एक ऐसा उत्कृष्ट विचार दिया है, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नींव है। आपका आदर्श जीवन और पवित्र विचार सभी को राष्ट्रोत्थान और जन-कल्याण के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

# असम की महिलाओं को दुर्गा पूजा का तोहफा

### अगले महीने 'ओरुनोदोई' योजना के तहत मिलेंगे 1,500 रुपए

एजेंसी
**गुवाहाटी ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य की प्रमुख कल्याणकारी योजना 'ओरुनोदोई' के लाभार्थियों को अक्टूबर महीने के लिए 1,500 रुपए की बढ़ी हुई वित्तीय सहायता मिलेगी। उन्होंने इस वृद्धि को दुर्गा पूजा से पहले महिलाओं के लिए एक खास तोहफा बताया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अक्टूबर में 'ओरुनोदोई' की राशि बढ़ाकर 1,500 रुपए की जाएगी। यह अतिरिक्त सहायता हमारे परिवारों की खुशियों और त्योहारी तैयारियों में सहभागी बनने का एक प्रयास है।' मुख्यमंत्री सरमा ने अपने पोस्ट में कहा, 'दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर असम की नारी शक्ति के लिए एक विशेष उपहार है।' उन्होंने यह भी कामना की कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। ओरुनोदोई योजना असम के प्रमुख सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में से एक है, जो महिलाओं को घरेलू खर्चों में सहायता करने और वित्तीय सुरक्षा



में सुधार करने के लिए मासिक वित्तीय सहायता देती है। योजना के तहत असम में महिलाओं को मासिक 1,250 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। सरकार ने इसमें 250 रुपए का इजाफा किया है। यह बढ़ी हुई राशि सरकार के त्योहारी उपायों के तहत विशेष रूप से अक्टूबर माह के लिए लागू होगी। गुवाहाटी के लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई असम कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय पारित किया गया। इस फैसले से राज्य भर में लगभग 40 लाख 'ओरुनोदोई' लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने दुर्गा पूजा से पहले अन्य फैसलों की भी घोषणा की, जिसमें असम टी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एटीसीएल) के पात्र कर्मचारियों और चाय बागान श्रमिकों के लिए 20 प्रतिशत पूजा बोनस शामिल है। एक अन्य फैसले में, असम सरकार के कर्मचारियों के लिए 17 अक्टूबर को अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश दुर्गा पूजा के मद्देनजर घोषित किया गया है, क्योंकि 18 अक्टूबर रविवार को पड़ रहा है।

# बिहार में लड़की से छेड़छाड़ का एक और वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी
**पटना ।** बिहार के जमुई और समस्तीपुर जिलों में सामने आई लड़की के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटनाओं के बाद अब बांका जिले के मंदार हिल में एक लड़की से छेड़छाड़ और बदसलूकी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बौंसी पुलिस ने छह से सात अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, यह वीडियो सोशल मीडिया सेल को व्हाट्सऐप के जरिए मिला था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बौंसी थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा पुलिस टीम के साथ मंदार हिल पहुंचे और जगह का सत्यापन किया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पुष्टि हुई है कि वीडियो मंदार हिल पर ही रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि यह वीडियो हाल का नहीं है और आशंका है कि यह घटना इसी साल अप्रैल में हुई होगी। वीडियो में छह से सात अज्ञात युवक एक लड़की के साथ अनुचित व्यवहार करते दिख रहे हैं। पुलिस अभी तक वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान नहीं कर पाई है। जांचकर्ता स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान हो सके और घटना के बारे में पता चल सके। बौंसी थाने में थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा की लिखित शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। अज्ञात आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 75, 76 और 3(5) के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ई और 67ए के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने वीडियो को सबूत के तौर पर सुरक्षित कर लिया है और इसकी उत्पत्ति, इसमें शामिल लोगों की पहचान और इसे रिकॉर्ड तथा सर्कुलेट करने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस वीडियो या लड़की की पहचान उजागर करने वाली किसी भी सामग्री को शेयर न करें।

# कोटा में भाजपा का कब्जा : कांग्रेस की क्रास वोटिंग से अनुसुइया गोस्वामी बनीं महापौर

### सुकेत नगर पालिका में 1 वोट से जीते बीजेपी के जितेंद्र चोपड़ा

एजेंसी
**कोटा।** कोटा नगर निगम के महापौर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए नगर निगम की बागडोर संभाल ली है। भाजपा प्रत्याशी अनुसुइया गोस्वामी कोटा नगर निगम की नई महापौर निर्वाचित हुई हैं। शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा प्रत्याशी को कुल 65 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता सुमन को मात्र 35 मतों से ही संतोष करना पड़ा। 100 सदस्यीय नगर निगम बोर्ड में स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा 51 था। भाजपा के पास 57 निर्वाचित पार्षद थे और 4 में से 2 निर्दलीय पार्षदों (वंदना फौजदार और कौशल किशोर शर्मा) ने पहले ही पार्टी को समर्थन दे दिया था। वहीं, कांग्रेस के पास 39 पार्षदों का कैडर था, लेकिन परिणाम में कांग्रेस



प्रत्याशी को केवल 35 वोट मिले, जिससे कांग्रेस खेमे में 4 पार्षदों द्वारा क्रास वोटिंग किए जाने की पुष्टि हुई है। कोटा जिले की नवगठित 25 वार्डों वाली सुकेत नगर पालिका में हुए पहले अध्यक्षीय चुनाव में बेहद रोमांचक मुकाबले के बाद भाजपा के जितेंद्र चोपड़ा ने जीत हासिल की। मतदान का गणितः भाजपा के जितेंद्र चोपड़ा को कुल 13 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी उमरदीन खान को 12 वोट प्राप्त हुए। सीटों की स्थितिः सुकेत में कांग्रेस के 11, भाजपा के 10 और 4 निर्दलीय पार्षद जीतकर आए थे। भाजपा ने निर्दलीयों का समर्थन हासिल कर 1 वोट के अंतर से पालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। महापौर चुनाव के दिन राजनीतिक हलचल बेहद तेज रही। भाजपा के सभी पार्षद झालावाड़ रोड स्थित रिसोर्ट में की गई बाड़ेबंदी से एक साथ साफा व पारंपरिक पगड़ी पहनकर बसों के जरिए मतदान करने नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। मतदान से पूर्व जीत का दावा करते हुए नव-निर्वाचित महापौर अनुसुइया गोस्वामी ने कहा कि पार्टी एकजुटता के बल पर विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

मतदान के दौरान नगर निगम परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तीखा राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला। प्रशासन द्वारा सड़क पर बैरिकेडिंग लगाए जाने और कांग्रेस के नेताओं को रोकने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने जिला प्रशासन व पुलिस पर सीधे तौर पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहाः 'भाजपा बहुमत होने के बावजूद डरी हुई थी और सत्ता के बल पर पुलिस-प्रशासन के जरिए कांग्रेस पार्षदों पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। मतदान के दौरान भाजपा नेताओं को बिना रोक-टोक अंदर जाने दिया गया।

# 110वीं जयंती पर याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

### भाजपा नेताओं ने 'अंत्योदय' के संकल्प को दोहराया

एजेंसी
**रांची ।** एकात्म मानववाद के प्रणेता और अंत्योदय के प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर राजधानी रांची के दीनदयाल नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, तथा जिला अध्यक्ष वरुण साहू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कर्मठ कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और



सिद्धांतों को याद करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का संकल्प दोहराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार, जीवन दर्शन, सिद्धांत और अंत्योदय की भावना राष्ट्रसेवा के पथ पर हम सभी को सदैव प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन समाज के वंचित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा, और उनका दिखाया मार्ग आज भी जनसेवा के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शक है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें महान विचारक बताते हुए कहा कि 'एकात्म मानववाद' का उनका विचार और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का संकल्प ही भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि पंडित जी की नीतियां और उनके विचार हमें निरंतर राष्ट्रसेवा और जनसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं।संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा का साधन माना। उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार आज भी कार्यकर्ताओं को समाज के कमजोर और वंचित वर्ग तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए पदचिह्नों पर चलने और उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# पीएम मोदी के साथ महिला की एआई-मॉर्फ्ड फोटो हटाने की मांग, दिल्ली हाईकोर्ट याचिका पर सुनवाई को तैयार

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट शुक्रवार को उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है, जिसमें प्रधानमंत्री के साथ एक महिला की एआई जनरेटेड और मॉर्फ्ड फोटो को तुरंत हटाने और ब्लॉक करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास, अभिजीत दिपके, आशुतोष रांका और रत्ना सिंह पर यह फोटो शेयर करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता उमेश शर्मा ने इस मामले का जिक्र मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय के समक्ष किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस घटना को लेकर पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हाईकोर्ट ने आश्वासन दिया कि मामले की सुनवाई शुक्रवार को ही की जाएगी। महिला ने आरोप लगाया है कि सीजेपी नेताओं और उनके सहयोगियों ने बिना अनुमति उसकी फोटो हासिल की और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फेस-स्वैपिंग टूल का इस्तेमाल करके उसके चेहरे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक आपत्तिजनक फोटो पर लगा दिया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि मॉर्फ्ड फोटो को फिजिकल बैनरों पर प्रिंट करके जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शनों के दौरान दिखाया गया और अपमानजनक नारे भी लगाए गए।

याचिका में यह भी कहा गया है कि बैनरों और घटना के वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए गए और बाद में मॉर्फ्ड तस्वीरों को पोर्नोग्राफिक वेबसाइटों पर भी डाल दिया गया। याचिकाकर्ता ने इस घटना को एक दुर्भावनापूर्ण, सुनियोजित साइबर हमला, सार्वजनिक चरित्र हनन और डीपफेक बताया है। याचिका के मुताबिक यह घटना जुलाई में जंतर-मंतर पर सीजेपी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसने 23 सितंबर को पुलिस से संपर्क किया। दिल्ली पुलिस ने 24 सितंबर को साइबर पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की। याचिका में कहा गया है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद साइबर अधिकारियों ने वायरल डीपफेक कंटेंट को हटाने या ब्लॉक करने के लिए तुरंत कदम नहीं उठाए। लगातार फोटो के प्रसार के कारण याचिकाकर्ता को लगातार जान से मारने की धमकी, रेप की धमकियां और गंभीर मानसिक आघात' झेलना पड़ रहा है।

# कमलजीत-सुरुचि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता गोल्ड




**नागोया, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज कमलजीत और सुरुचि सिंह ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जोरदार वापसी करते हुए एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हुए स्वर्ण पदक जीता।

कमलजीत और सुरुचि ने फाइनल में कुल 484.6 अंक हासिल किए। दक्षिण कोरिया की सुह्योन होंग और गाउन चू की जोड़ी 478.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि ईरान ने 415.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने रजत पदक विजेता जोड़ी से 6.6 अंक की बढ़त बनाई। इससे पहले कमलजीत और सुरुचि ने क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया था।

उन्होंने पहली सीरीज में 196 अंक, दूसरी में 195 और तीसरी में 196 अंक जुटाकर कुल 587 अंक हासिल किए, जिसमें 29 इनर-10 शामिल थे। यह 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में भारत का पदक जीतने का आखिरी मौका था। कमलजीत व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में नौवें और सुरुचि 26वें स्थान पर रही थीं और दोनों व्यक्तिगत फाइनल में जगह नहीं बना सकी थीं।

भारत पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी पदक से चूक गया था। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। पहले 10 शॉट के बाद वे 202.4 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। सुरुचि ने पहली कोशिश में 10.4 और कमलजीत ने 9.7 अंक हासिल किए, जबकि दूसरी कोशिश में सुरुचि ने 10.2 और कमलजीत ने 9.8 अंक जुटाए। इसके बाद 101.3 अंक की अगली सीरीज के साथ भी भारतीय जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी।

### कमलजीत : इंजरी के बाद एथलेटिक्स छोड़ना पड़ा, शूटिंग में करियर बनाया

कमलजीत हरियाणा के रेवाड़ी के सुलखा गांव के हैं। कमलजीत एथलेटिक्स में हिस्सा लेते थे। लेकिन, वे 2019 में चोट के कारण उन्हें एथलेटिक्स छोड़ना पड़ा। ऐसे में उन्होंने शूटिंग में करियर बनाया स्ट्रगल के दौरान कमलजीत के मन में कई बार शूटिंग छोड़ने का विचार आया, लेकिन माता-पिता ने लगातार उनका साथ दिया। 2-3 साल की मेहनत के बाद उन्होंने खुद को एक अच्छे शूटर के रूप में स्थापित किया।

### सुरुचि : पहलवान की जगह शूटर बन गईं

सुरुचि इंदर सिंह हरियाणा के झज्जर की 20 साल की शूटर हैं। उन्होंने 13 साल की उम्र में शूटिंग की शुरुआत की। वे भिवानी की गुरु द्रोणाचार्य शूटिंग एकेडमी में कोच सुरेश सिंह से ट्रेनिंग लेती हैं। उन्हें परिवार पहलवान बनाना चाहता था।



### 50 मीटर राइफल 3पी टीम सिल्वर के बाद ऐश्वर्य, नीरज व्यक्तिगत मेडल से चूके

नागोया। भारतीय राइफल शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार शुक्रवार को यहां ऐची प्रीफ. जनरल शूटिंग गैलरी में पुरुषों के 50 मीटर 3-पोजीशन इवेंट के फाइनल में मेडल से चूक गए। वे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर रहे। ऐश्वर्य 327.6 के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि नीरज 299.0 के साथ आठवें स्थान पर रहे। चीन के युकुन लियू ने 360.5 के गेम्स-रिकॉर्ड स्कोर के साथ गोल्ड जीता, जबकि झांग चांगहोंग ने 360.2 के साथ सिल्वर जीता। इस्लाम सतपायेव ने 348.3 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। ऐश्वर्य शुरुआती स्टेज में रेस में बने रहे, प्रोन सीरीज के बाद छठे स्थान पर रहे, फिर दूसरी नीलिंग सीरीज के बाद 205.3 के साथ पांचवें स्थान पर पहुंचे और आखिर में ओवरऑल पांचवें स्थान पर रहे। नीरज का फाइनल ज्यादा मुश्किल साबित हुआ और वह 299 के स्कोर के साथ आठ फाइनलिस्ट में सबसे आखिर में रहे। ऐश्वर्य हांगझोऊ में हुए पिछले एशियन गेम्स में भारत के सबसे सफल शूटर्स में से एक थे। उन्होंने चार पदक जीते थे। उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन टीम इवेंट्स में गोल्ड और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत ब्रॉन्ज और 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में सिल्वर मेडल जीता था इससे पहले, ऐश्वर्य, नीरज और रुद्राक्ष की तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन टीम फाइनल में सिल्वर मेडल जीता, जिसमें उन्होंने कुल 1762-94× का स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन (1766-95×) ने गोल्ड और साउथ कोरिया (1751-87×) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# सात्विक-चिराग उलटफेर का हुए शिकार एशियाड में नहीं कर सके स्वर्ण का बचाव

**नागोया, एजेंसी।** गत चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को एशियन गेम्स 2026 में पुरुष डबल्स बैडमिंटन इवेंट के पहले ही राउंड में थाईलैंड के पीरात्चाई सुखफुन और पक्कापोन तीरात्सकुल से हारकर बाहर हो गए। दुनिया की नंबर 5 भारतीय जोड़ी इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में दुनिया की नंबर 36 थाई जोड़ी से 21-12, 19-21 और 14-21 से हार गई, जिससे उनका स्वर्ण बचाने का अभियान निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया।




### पिछड़ते चले गए सात्विक-चिराग

पिछले महीने चाइना मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद सात्विक और चिराग सकारात्मक लय के साथ एशियन गेम्स में उतरे थे। उन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीन के ही जिटिंग और रेन शियांग्यू को 70 मिनट के फाइनल में 11-21, 21-13 और 21-17 से हराया। सात्विक और चिराग थाई जोड़ी के खिलाफ शुरुआत में पूरे नियंत्रण में दिखे और पहला गेम 21-12 से जीत लिया। लेकिन सुखफुन और तीरात्साकुल ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ ली और दूसरे गेम में भारतीयों को और मेहनत करने पर मजबूर कर दिया।

थाई जोड़ी ने 17-13 से चार प्वाइंट की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए अंतर को 18-19 कर दिया। हालांकि, यह वापसी कमजोर रही क्योंकि थाई जोड़ी ने निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। सुखफुन और तीरात्साकुल ने तीसरे गेम में भी अपना मोमेंटम बनाए रखा और जल्दी ही नियंत्रण बना लिया। सात्विक और चिराग को जवाब देने में मुश्किल हुई, जबकि थाई जोड़ी ने निर्णायक गेम में 21-14 से यादगार जीत हासिल की। यह हार सात्विक और चिराग के पुरुष टीम इवेंट में भारत के कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है।

### तनिशा-ध्रुव क्वार्टर फाइनल में

मिश्रित युगल में तनिशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने लगातार दो जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। तनिशा और ध्रुव ने पहले दौर में मालदीव की निबाल अहमद और अमिनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक को 21-8, 21-7 से हराया। इसके बाद उन्होंने मलयेशिया की शेवन जेनी लाई और सून हुआट गोह की जोड़ी को एक घंटे चले कड़े मुकाबले में 22-20, 24-22 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन की यान झे फेंग और डोंगपिंग हुआंग की जोड़ी से होगा। इससे पहले महिला एकल में उन्नति हुड्डा ने भी दूसरे दौर में प्रवेश किया। उन्होंने उत्तर कोरिया की मी सोंग यू को 30 मिनट में 21-9, 21-10 से हराया।

### 2 एथलीट्स पर पैसों की बारिश; सीएम ने किया 50 लाख देने का एलान

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने एशियन गेम्स 2026 में मिक्स्ड 4 गुणा 400 मीटर रील में रजत पदक जीतने वाली टीम के दो एथलीट्स के लिए इनाम की घोषणा की है। गुरुवार को भारतीय टीम ने ऐतिहासिक रजत था। इस टीम में तमिलनाडु के थे एथलीट्स विथ्या रामराज और विशाल टी के के अलावा टीएस मनु और एमआर पोवम्मा शामिल थे। सीएम विजय ने विथ्या और विशाल को 50-50 लाख रुपये इनाम के तौर पर देने की घोषणा की है। इससे पहले सीएम विजय ने एशियन गेम्स में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी जी कमालिनी को 75 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। विजय ने फाइनल में श्रीलंका पर भारत की 147 रन की जीत के बाद तमिलनाडु की रहने वाली कमालिनी को बधाई दी थी। ताजा घोषणा के साथ, एशियन गेम्स में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रहे तमिलनाडु के दो अलग-अलग एथलीट समूहों को अब राज्य सरकार की ओर से नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### पहला वनडे...

## अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दी करारी शिकस्त, 67 रन से हराया

डरबन। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किंग्समीड में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच को 67 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। गुरुवार को टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 50 ओवरों में खेल में 8 विकेट खोकर 297 रन बनाए। इस टीम ने 29 के स्कोर तक अपने 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद मैथ्यू ब्रीत्जके ने कप्तान टेंबा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। बावुमा 48 गेंदों में 4 चौकों के साथ 30 रन बनाकर



आउट हुए, जिसके बाद ब्रीत्जके ने रयान रिकेल्टन के साथ चौथ विकेट के लिए 42 रन और डेविड मिलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़कर टीम को 168 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

रिकेल्टन 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि मिलर ने टीम के खाते में सिर्फ 9 रन जुटाए। इसके बाद ब्रीत्जके ने मार्को जानसेन के साथ छठे विकेट के लिए 81 गेंदों में 107 रन की साझेदारी की। ब्रीत्जके 14 चौकों और 2 छक्कों के साथ 112 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जानसेन ने 59 गेंदों में 75 रन कूटे। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 7 चौके शामिल रहे। विपक्षी खेमे से नाथन एलिस ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि एडम जांपा को 2 विकेट हाथ लगे। इनके अलावा, जोश हेजलवुड ने 1 विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 41.2 ओवरों में 230 के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान मिचेल मार्श ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर मेहमानों को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी ने 9.2 ओवरों में 90 रन की साझेदारी की। मार्श 36 गेंदों में 6 छक्कों और 5 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद ट्रेविस हेड ने कूपर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। हेड 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि कोनोली ने 38 रन का योगदान टीम का खाते में दिया।टीम को 134 के स्कोर पर तीसरा झटका भी लग गया था, जिसके बाद मैट रेनशॉ ने छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए ऑस्ट्रेलिया को किसी तरह 200 के पार पहुंचाया। रेनशॉ 49 गेंदों में 6 चौकों के साथ 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विपक्षी खेमे से केशव महाराज ने 20 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कार्बिन बॉश और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट हाथ लगे।दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज के शेष मुकाबले 27 और 30 सितंबर को खेले जाने हैं।

## बड़ा उलटफेरः अफगानिस्तान को नेपाल ने 5 विकेट से हराया

**ह्वनिशिन।** एशियन गेम्स 2026 में शुक्रवार को कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम की शुरुआत खराब रही और टॉप-3 बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। पारी की शुरुआत करने आए मोहम्मद अकरम 2 रन और हसन ईसाखिल बिना खाता खोले आउट हो गए। करीम जन्नत 9 रन बनाकर आउट हो गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए फैसल शिलोजादा और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए नजबुल्ला जादरान ने टीम को संभाला। दोनों ने 30-30 रन की पारी खेली और टीम को 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 102 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए नांगेयालिया खरोटी ने भी नाबाद 17 रन बनाए। नेपाल की तरफ से ललित राजवंशी ने 3 और कुशाल भुर्टेल ने 4 विकेट लिए। 103 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी नेपाल की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 12 के स्कोर पर 2 और 31 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे।



# सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

### एशियन गेम्सः मेजबान जापान को 3-1 से हराया

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पूल बी के मैच में मेजबान जापान को 3-1 से हराकर भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम ने हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। पहले क्वार्टर में लालरेम्सियामी ने ओपन प्ले से गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसके बाद दूसरे क्वार्टर के आखिर में इशिका ने गोल किया। पहले हाफ में जापान भारत के ज्यादातर अटैक को रोकने में कामयाब रहा, लेकिन भारत ने स्ट्राइकिंग सर्कल के अंदर मिले मौकों का फायदा उठाकर नियंत्रण बनाए रखा। तीसरे क्वार्टर में, भारत ने अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब नवनीत कौर ने सर्कल के अंदर बॉल ली,



दाईं ओर मुड़ीं और जापानी गोलकीपर के ऊपर से उसे दूर कोने में डाल दिया। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में जापान की कोबायाकावा शिहो ने टीम के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 3-1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत थी। हॉकी के अलावा शुक्रवार का दिन भारत के लिए शूटिंग की वजह से भी अच्छा रहा। भारत को शूटिंग में एक गोल्ड और एक रजत पदक मिले हैं। भारत के लिए सुरुचि इंदर सिंह और कमलजीत ने एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। दोनों ने मिलकर फाइनल में 484.6 का एशियाई रिकॉर्ड स्कोर बनाया। भारतीय जोड़ी ने दबाव वाले फाइनल में हिम्मत नहीं हारी और सटीकता के साथ लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्टैंडिंग में टॉप पर रही। दक्षिण कोरिया के सुह्योन होंग और गेउन चू ने 478.0 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि ईरान के वाहिद गोलखंडन और हानियेह रोस्तमियान ने 415.8 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# थाईलैंड पर भारत की शानदार जीत, फाइनल में जगह बनाई

**तोकाई।** भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने शुक्रवार को तोकाई सिटीजन जिमनैजियम में सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-28 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। आठ बार की विजेता और डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय टीम पुरुषों की स्पर्धा के नौवें फाइनल में पहुंच गई है और अपने 2023 के टाइटल को बचाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में दोनों हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 66-28 से हरा दिया। भारत ने पहले हाफ में 37 पॉइंट्स लिए, जबकि थाईलैंड सिर्फ 18 पॉइंट्स ही बना पाया। दूसरा हाफ भी भारतीय टीम के लिए अच्छा रहा, क्योंकि उसने 29 पॉइंट्स लिए, जबकि थाईलैंड ने 10 पॉइंट्स लिए।

भारतीय टीम ने पहले हाफ में 21 आउट लिए, जबकि उसने थाईलैंड के डिफेंस में भी गहरी पैठ बनाकर 12 बोनस पॉइंट्स लिए और दो ऑल आउट किए। उसके अपोनेंट्स ने पहले हाफ के शुरुआती हिस्से में उसे कड़ी टक्कर दी और 13 आउट, तीन बोनस पॉइंट्स हासिल करने में कामयाब रहे तथा एक ऑल आउट भी किया। वहीं, दूसरे हाफ में भारत ने 22 और आउट लिए और तीन बोनस पॉइंट्स हासिल किए, साथ ही दो ऑल आउट भी किए, जबकि थाईलैंड ने सात आउट पॉइंट्स, दो बोनस पॉइंट्स हासिल किए और एक टेक्निकल पॉइंट भी लिया।



भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रही है। फाइनल में टीम इंडिया का सामना ईरान या चीनी ताइपे से होगा। इससे पहले, भारतीय महिला कबड्डी टीम ने भी नेपाल पर 48-24 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाया था। टीम ने पहले हाफ में 31 पॉइंट्स हासिल किए और ब्रेक तक 31-17 की मजबूत लीड ले ली। फिर भारत ने दूसरे हाफ में 17 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को सिर्फ सात पॉइंट्स मिले। भारतीय टीम रेडिंग और डिफेंस दोनों में बेहतर थी। पहले हाफ में टीम इंडिया ने 23 आउट पॉइंट्स, चार बोनस पॉइंट्स लिए और दो ऑल आउट किए। दूसरी तरफ, नेपाल को 13 आउट पॉइंट्स और तीन बोनस पॉइंट्स मिले तथा उसने एक सुपर टैकल किया।

दूसरे हाफ में भारत ने 12 आउट पॉइंट्स और तीन बोनस पॉइंट्स लिए तथा एक ऑल आउट किया, जबकि नेपाल आखिरी 15 मिनट में सिर्फ पांच आउट पॉइंट्स और दो बोनस पॉइंट्स ही कर पाया। महिला कबड्डी टीम का फाइनल मुकाबला भी शनिवार को चीनी ताइपे या फिर ईरान से होगा।



# 'महाराजा 2' पर काम चल रहा है, विजय सेतुपति ने किया कंफर्म

## हॉलीवुड रीमेक में भी मुफ्त में काम करूंगा

साल 2024 में रिलीज विजय सेतुपति की 'महाराजा' आपको याद होगी। मूल रूप से तमिल में बनी यह नियो-नॉयर एक्शन थ्रिलर फिल्म, जहां बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी, वहीं ओटीटी पर रिलीज के बाद इसने दुनियाभर के दर्शकों को अपना कायल बना लिया। कहानी चेन्नई के एक नाई के बारे में थी, जो अपना चोरी हुआ कूड़ेदान वापस पाने के लिए पुलिस स्टेशन जाता है, लेकिन उसके इरादे कुछ और थे। विजय सेतुपति ने अब कंफर्म किया है कि 'महाराजा 2' पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर निथिलन स्वामीनाथन ने उन्हें सीक्वल की कहानी सुनाई है और उन्हें यह 'बहुत खूबसूरत' लगी। विजय का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही खबर आई कि हॉलीवुड में भी ओरिजनल 'महाराजा' का रीमेक बनने वाला है। 'बत्था' के ऑडियो लॉन्च पर विजय सेतुपति ने 'महाराजा' के हॉलीवुड रीमेक के बारे में भी बात की। कहा कि उन्होंने प्रोड्यूसर सुधन सुंदरम से कहा था कि अगर उन्हें रोल दिया जाए, तो वह इसके अमेरिकन वर्जन में मुफ्त में काम करने के लिए तैयार हैं।

### मुझे 'महाराजा 2' की कहानी सुनाई, यह बहुत खूबसूरत है

'सुपर डीलक्स' के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुके 48 साल के एक्टर ने कहा, 'निथिलन एक बेहतरीन डायरेक्टर हैं। उनकी राइटिंग सेंस बहुत अच्छी है। उन्होंने हाल ही में मुझे 'महाराजा 2' की कहानी सुनाई। यह बहुत खूबसूरत है। उनके साथ काम करना शानदार रहा। सीक्वल पर काम शुरुआती बातचीत से आगे बढ़ चुका है और पूरी कहानी तैयार है।'

### हॉलीवुड रीमेक में काम करना चाहते हैं विजय सेतुपति

विजय सेतुपति ने इसके साथ ही हॉलीवुड में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। कहा, 'मेरी लंबे समय से हॉलीवुड में काम करने में दिलचस्पी थी और मुझे इस बात की खास खुशी है कि मेरी फिल्म को इंटरनेशनल दर्शकों के लिए अडेप्ट किया जा रहा है।' इससे पहले प्रोड्यूसर सुधन सुंदरम ने कहा था कि हॉलीवुड अडेप्टेशन को एक बड़े एक्टर के साथ डेवलप किया जा रहा है और अगले साल इसका प्रोडक्शन शुरू हो सकता है।

### हॉलीवड वाली में मुफ्त में काम कर लूंगा

एक्टर ने आगे कहा, 'मुझे सुंदरम ने हाल ही बताया कि एक एजेंसी ने हॉलीवुड रीमेक के अधिकार खरीद लिए हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं फिल्म में मुफ्त में काम करूंगा। मुझे उस हॉलीवुड रीमेक में कोई रोल दिलाओ। मैं हॉलीवुड जाऊंगा!'

### 'महाराजा' हॉलीवुड रीमेक में मैथ्यू मैककोनाघी होंगी लीड हीरो!

हालांकि, चर्चा है कि 'महाराजा' के हॉलीवुड रीमेक में ऑस्कर जीत चुके एक्टर मैथ्यू मैककोनाघी लीड रोल निभा सकते हैं। हालांकि, सुंदरम ने यह भी कहा है कि कास्टिंग की पुष्टि सिर्फ वही एजेंसी कर सकती है जो प्रोजेक्ट को संभाल रही है। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि मैथ्यू मैककोनाघी उन स्टार्स में से एक हों जिनसे वे बात कर रहे हैं, लेकिन सिर्फ एजेंसी ही इसकी पुष्टि कर पाएगी।'

### 20 करोड़ में बनी 'महाराजा' ने कमाए थे 190 करोड़

साल 2024 में रिलीज ओरिजिनल 'महाराजा' को स्वामीनाथन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में विजय सेतुपति के साथ अनुराग कश्यप विलेन के रोल में थे। करीब 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 190 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था। विजय सेतुपति कहते हैं कि उन्हें फिल्म पर भरोसा था, लेकिन उन्हें इतनी बड़ी कामयाबी की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, 'हमने कभी नहीं सोचा था कि 'महाराजा' इतनी दूर तक जाएगी। फिल्म अच्छी थी, लेकिन कुछ लोगों को इस पर भरोसा नहीं था। मुझे भरोसा था, लेकिन ऐसी उम्मीद नहीं थी।'



# किरदार ऐसा हो कि दर्शक मुझे नहीं, सिर्फ उसे याद रखें

स्त्री' के जना से लेकर 'मिर्जापुर' के कंपाउंडर' तक, अभिषेक बनर्जी ने अपने किरदारों को अलग पहचान दी है। 'मिर्जापुर' के फिल्मी रूपांतरण की सफलता के बाद अब 'स्त्री 3' को लेकर भी चर्चा है।

### मिर्जापुर' की वापसी को आप किस तरह देखते हैं?

बहुत अच्छा अनुभव है। मैं हमेशा सोचता हूं कि अगर जिंदगी में हर दो तीन साल में ऐसी सफलता मिलती रहे तो जिंदगी अच्छी ही रहेगी। 2024 में एक बड़ी बॉक्स ऑफिस सफलता मिली थी और अब 2026 में 'मिर्जापुर' के जरिए फिर लोगों का प्यार मिला है। मेरी कोशिश यही रहेगी कि आगे इन सफलताओं के बीच का गैप कम हो। एक कलाकार के लिए जरूरी है कि वह हर नए प्रोजेक्ट को ऐसे शुरू करे, जैसे वह उसकी पहली बड़ी चुनौती हो। 'मिर्जापुर' से दर्शकों का जुड़ाव बहुत गहरा रहा है।

### 'कंपाउंडर' और 'जना' में आपको क्या समान लगा

दोनों बिलकुल अलग दुनिया के किरदार हैं, लेकिन एक चीज समान है दर्शकों ने उन्हें अपना लिया। मेरे लिए अभिनेता से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका किरदार होता है। जब लोग किरदार को याद रखने लगते हैं, उसके संवाद बोलने लगते हैं या उसके व्यवहार को अपनी बातचीत का हिस्सा बना लेते हैं, तो वह अलग तरह की सफलता होती है। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि अगली बार दर्शक मुझे देखकर यह न कहें कि 'ये वही पिछला किरदार कर रहा है।' मैं चाहता हूं कि उन्हें लगे कि यह कोई बिल्कुल नया व्यक्ति है।

### 'स्त्री 3' को लेकर दर्शकों में उत्सुकता है, क्या स्टेटस है?


जितना मुझे पता है, 'स्त्री 3' की तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है और कहानी पर काम हो रहा है। अभी मेकर्स स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। एक बार 'महावतार' का काम पूरा हो जाए तो, मेरी जानकारी के मुताबिक, टीम 'स्त्री 3' पर तेजी से लग सकती है। हम तो यही उम्मीद कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी 'स्त्री 3' बने और उसके बाद 'भेड़िया 2' भी आए। लेकिन 'महावतार' भी बहुत बड़ी फिल्म है, इसलिए जाहिर तौर पर उसका अपना समय जाएगा।



# गानों के जरिए कहानी कैसे आगे बढ़ती है, राजश्री में सीखा

अभिनेत्री शरवरी वाघ आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की रिलीज के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे मशहूर गाने 'दीदी तेरा देवर दीवाना' और 'मैया यशोदा' देखते हुए बड़ी हुई हैं। अभिनेत्री ने सूरज बड़जात्या की आगाम फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के टाइटल ट्रेक लॉन्च इवेंट में कहा कि निर्देशक के साथ काम करना और ऐसे गानों के पीछे की सोच को समझना एक खास अनुभवों में से एक था। शरवरी वाघ ने कहा कि वह इस अनुभव का हिस्सा बनकर खुद को बेहद आभारी और खुशकिस्मत महसूस कर रही हैं। उन्होंने शूटिंग के दौरान सूरज बड़जात्या के साथ अपनी बातचीत का एक किस्सा भी साझा किया। शरवरी ने कहा, 'जब भी हम गानों की शूटिंग करते थे, तो सूरज सर मुझे 'मैया यशोदा' और 'दीदी तेरा देवर दीवाना' जैसे गानों की शूटिंग के समय की कहानियां सुनाते थे और ये मेरा सबसे पसंदीदा समय हुआ करता था क्योंकि मैंने बचपन से ये सारे गाने देखे हैं। इन गानों के लिए दिल में बहुत प्यार है।'

शरवरी ने बताया कि सूरज बड़जात्या ने उन गानों के कुछ बिहाइंड-द-सीन्स डिटेल्स भी उनके साथ शेयर किए, जिन्हें उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस में शामिल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'सूरज सर ने मुझे कुछ अंदर की जानकारी दी और फिर मैंने उसे अप्लाई करने की कोशिश की है।' एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि गानों पर काम करने से उन्हें राजश्री के फिल्ममेकिंग स्टाइल की एक अलग समझ मिली। उन्होंने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि यह पहली बार था जब मैंने देखा कि कोरियोग्राफी के अलावा, गानों में इतनी सारी चीजों का ध्यान रखना होता है, जैसे परिवार की भावनाएं, उनके साथ जो कनेक्शन बनता है, कहानी कैसे आगे बढ़ती है। मुझे लगता है कि यह पहली बार था जब मैंने देखा कि गाने कैसे फिल्म को आगे ले जाते हैं, कैसे वे कहानी को आगे ले जाते हैं और यह मेरे लिए बहुत खास अनुभव था।' बता दें कि 'ये प्रेम मोल लिया' में शरवरी वाघ, आयुष्मान खुराना और अनुपम खेर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# नोरा फतेही ने शुरू की 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग

नोरा फतेही ने लोकप्रिय वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। सीरीज में नोरा एक बार फिर आयशा धोंडी के किरदार में नजर आएंगी। शूटिंग शुरू होने के साथ ही उन्होंने अपने शूटिंग के अनुभव की कुछ झलकियां भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के जरिए दर्शकों को सीरीज के नए सीजन की पहली झलक देखने को मिली है। नोरा के सेट पर लौटने के साथ ही सीरीज की कहानी एक बार फिर शाही परिवार और उससे जुड़े लोगों की जिंदगी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ेगी। नोरा इन दोनों अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय हैं यहीं से कहानी में परिवार, कारोबार, प्यार और रिश्तों के बीच कई तरह के उतार-चढ़ाव शुरू होते हैं। नोरा इन दिनों लगातार संगीत और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय हैं। हाल के महीनों में उनके म्यूजिक एलबम सामने आए हैं। इनमें 'चैंपियंस', 'लॉक्ड इन' और 'स्ले टू द रिदम' जैसे गीत शामिल हैं।

# रोहित रॉय के 'डस्टबिन मीडियम' बयान से आशा नेगी असहमत, टीवी को बताया अपनी सफलता की वजह



टेलीविजन की जानी-मानी एक्ट्रेस आशा नेगी ने एक्टर रोहित रॉय के उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने टीवी को 'डस्टबिन मीडियम' कहा था। आशा नेगी ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि रोहित ने किस इरादे से ऐसा कहा या किस तरह की निराशा के चलते उन्होंने ऐसा बयान दिया। दरअसल, अभिनेता रोहित रॉय ने एक इंटरव्यू के दौरान छोटे पर्दे को 'डस्टबिन मीडियम' बताया था और कहा था कि फिल्म स्टार्स में एक अलग तरह का 'स्टाइल और क्लास' होता है जो टीवी एक्टर्स में नहीं होता। आशा नेगी ने बातचीत में कहा कि टीवी ने ही उन्हें पहचान दी है और आज वह जिस मुकाम पर हैं, वह टेलीविजन की वजह से ही है। मुझे नहीं पता कि इसके पीछे उनका इरादा क्या था। लोग किस दौर से गुजरते हैं, उन्हें किस तरह की निराशा हुई है, उन्होंने जो कहा उस पर मैं टिप्पणी नहीं कर सकती। हां आज मैं जो कुछ भी हूं, वो टीवी की वजह से हूं, जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं।'

एक्ट्रेस आशा नेगी ने अंकिता लोखंडे और दिवंगत स्टार सुशांत सिंह राजपूत स्टारर शो 'पवित्र रिश्ता' के जरिए पहचान बनाई थी। आशा ने कहा, 'मेरे लिए तो टेलीविजन ने ही मुझे सब कुछ दिया है। टेलीविजन की वजह से ही मैं घर-घर में पहचानी गई और आज भी लोग मुझे 'पवित्र रिश्ता' में मेरे किरदार पूर्वी के नाम से बुलाते हैं।'

उन्होंने कहा कि वह टेलीविजन की आभारी हैं और जो कुछ उन्हें टीवी से मिला है, वह सिनेमा या ओटीटी कभी नहीं दे सकता। अभिनेत्री आशा नेगी इस समय लेटेस्ट हॉरर-कॉमेडी, एडवेंचर और मिस्ट्री वेब सीरीज 'अली बाबा और 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में अली के रोल में आशा नेगी और बाबा के रोल में विशाल वशिष्ठ हैं। यह कहानी अलीशा (जिसे अली भी कहते हैं) नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पुरातत्वविद् पिता की तलाश में अपने छोटे से गृहनगर लौटती है।



# जेलर 2 में विद्या बालन का कांता के रूप में नया दमदार अवतार

मुंबई रविवार को सन पिक्चर्स द्वारा जारी किए गए 'जेलर 2' के एक छोटे से झलक में अभिनेत्री विद्या बालन कांता के रूप में एक दमदार किरदार निभाती नजर आ रही हैं। इसी के साथ हाथों में सिगरेट और नीली साड़ी में नजर आ रहीं विद्या का यह दमदार और प्रभावशाली अंदाज देखते ही देखते चर्चा का विषय बन चुका है। अनिरुद्ध रविचंदर के बैकग्राउंड स्कोर के साथ जारी की गई इस झलक में कांथा सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए नजर आ रही हैं। उनका अंदाज, साड़ी का पल्लू संभालने का तरीका और हाथ में पकड़ी सिगरेट के साथ कश लेती विद्या बालन का यह अंदाज़ उनके मजबूत और बेबाक व्यक्तित्व को दर्शा रहा है। गौरतलब है कि नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बन रही 'जेलर 2' में रजनीकांत, टाइगर मुथुवेल पांडियन के किरदार में नजर आनेवाले हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन और योगी बाबू समेत कई पुराने कलाकारों के साथ सूरज वेंजारामूडु और एस.जे. सूर्या के साथ विद्या बालन भी फिल्म का हिस्सा हैं। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित 'जेलर 2' दुनियाभर में 15 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होने वाली है। फिलहाल विद्या बालन के कांता के रूप में उनके परिचय के साथ ही फिल्म में उनके दमदार नए अवतार ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।



# ये दोस्ती है कमाल की!

## बाघ के बच्चे के साथ अंजना



अमेरिका के एक अभयारण्य में रहने वाली चिम्पैंजी है अंजना। वह इतनी दयालु है कि उसने बहुत से जानवरों के बहुत से अनाथ बच्चों को अपनाया है। अब वह मां की तरह एक बाघ के बच्चे की देखरेख कर रही है और उसकी अठखेलियों में खुश भी हो रही है। वैसे चिम्पैंजी काफी बुद्धिमान और समझदार होते हैं और वे अपने साथ रहने वालों का भी ख्याल रखते हैं।

## थेंबा का साथी एल्बर्ट



मां के मर जाने से नन्हा थेंबा (हाथी) बहुत दुखी हुआ और कई दिनों तक इसका शोक मनाता रहा। दक्षिण अफ्रीका के एक अभयारण्य में लाए जाने के बाद भी उसने खाना-पीना छोड़ रखा था। इसी दौरान उसे एल्बर्ट नाम की भेड़ के रूप में एक अच्छा दोस्त मिला। जल्द ही दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। खेलने के साथ दोनों झपकियां भी साथ ही लेते। नए दोस्त ने इतनी खुशियां दीं कि थेंबा अपने दुख भूल गया और फिर से खाना-पीना शुरू कर दिया।

## बालू-लियो और शेर खान की तिकड़ी



शेर खान दरअसल शेर नहीं, बल्कि एक बाघ है और उसके साथ बालू नाम का भालू और लियो नाम का शेर है। इन तीनों के साथ इनके मालिक ने बुरा सलूक किया था, जिस कारण बालू को चोट भी लग गई। इस मुश्किल की घड़ी में ये एक-दूसरे का सहारा बन गये और अब अमेरिका के एक अभयारण्य में ये अपना सारा वक्त साथ ही गुजारते हैं।

# दुश्मन के भी दोस्त बनो

**अमित लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ जो अमित को नीचा देखना पड़ा और वह बदल गया।**

बहुत पहले की बात है। एक गांव था राजनगर। वहां पर करण नाम का एक लड़का रहता था। वह लड़का स्वभाव का बहुत अच्छा था। पढ़ाई में भी होशियार था। वह बहुत आज्ञाकारी और अपने मां-बाप का कहना मानता था। स्कूल में वह ज्यादातर बच्चों की तुलना में होशियार था। स्वभाव से वह विनम्र था और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता था। उसके स्कूल में चाहे उससे बड़े लड़के हों या फिर छोटे, सभी उसे पसंद करते थे। लेकिन इस कारण बहुत से लड़के करण से जलते भी थे। करण की ही क्लास में एक लड़का पढ़ता था, जिसका नाम था अमित। अमित पढ़ाई में तेज नहीं था। उसका स्कूल में खेलने में बहुत मन लगता था। वह अपने माता-पिता की बात नहीं सुनता था और उनसे रूखे तरीके से बात करता था। अपनी क्लास के लड़कों को वह चिढ़ाया करता था। यहां तक कि करण को भी वह खूब परेशान करता था। वह लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती।

अपने आठवें जन्मदिन पर करण को अपने पिता की तरफ से गिफ्ट के तौर पर एक सुंदर सा पेन मिला। करण स्कूल में नोट्स लिखने के लिए वह पेन ले जाने लगा। वह पेन दिखने में तो सुंदर था ही, लिखता भी तेज था। जब अमित ने करण का पेन देखा तो उसे बहुत जलन हुई। अमित ने नजरें तिरछी करके करण से पूछा, 'यह पेन तुम्हें कहां से मिला? क्या तुमने इसे खरीदा है?'

'नहीं, मुझे यह पेन मेरे मम्मी-पापा ने बर्थ डे गिफ्ट में दिया है।' करण ने जवाब दिया।

इस बात से अमित का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया। अपने माता-पिता से वह खुद इतना बुरा सलूक करता था कि अब तक उसे उनसे शायद ही कोई गिफ्ट मिला हो। जब लंच का वक्त हुआ, तो उसने करण का पेन चुराने का फैसला कर लिया। जब हर कोई लंच के लिए बाहर निकल गया, तो अमित ने चुपके से करण के बैग से पेन चुरा लिया। इसके बाद उसने पेन अपने बैग में छिपा लिया और लंच करने बाहर चला गया।

जब करण वापस लौटा तो उसे बैग में अपना पेन नहीं मिला। उसने अपने टीचर को इस बारे में बताया। इसके बाद पूरी क्लास में पेन खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिला। तब टीचर ने क्लास के मॉनीटर से कहा कि वह सबके बैग की तलाशी ले। जल्द ही अमित के बैग से पेन मिल गया। उसे गुस्से से देखते हुए टीचर ने पूछा, 'अमित, पेन तुम्हारे बैग से निकला है, इस बारे में तुम्हें कुछ कहना है?'

अमित की आंखों में आंसू आ गए। वह कुछ नहीं बोला।

जब करण ने अमित को रोते हुए देखा, तो उसे अमित पर दया आ गई। उसके दिल में अमित के लिए कोई गिला-शिकवा नहीं था। उसने टीचर से कहा कि उसका खोया हुआ पेन वापस मिल गया है, अब वे अमित को सजा न दें। करण के इन शब्दों ने अमित की आंखें खोल दीं। वह हमेशा करण को परेशान करता था, लेकिन करण ने हमेशा उससे अच्छा व्यवहार किया। इस समय उसे एहसास हो रहा था कि करण कितना अच्छा लड़का है। उसने तुरंत करण और क्लास टीचर से माफी मांगी। इसके बाद करण और अमित दोस्त बन गए। फिर तो अमित का व्यवहार बदल गया और सभी उसे पसंद करने लगे। करण को अपने नए दोस्त पर नाज था।






# हंसने वाला कोका

साथियों, क्या तुमने ऑस्ट्रेलिया के हंसने वाले कोका के बारे में सुना है? आजकल ऑस्ट्रेलिया में यह खूब चर्चित हो रहा है। हंसने वाले कोका का दरअसल राज यह है कि इसका मुंह इस तरह का बना होता है, मानो खुशी से हंस रहा हो। छोटे चूहे जैसा यह जानवर आजकल ऑस्ट्रेलिया में पर्यटकों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह बेहद सेल्फी फ्रेंडली जानवर है। इसके साथ सेल्फी आती भी बड़ी मस्त है। इसकी स्माइलिंग वाले जबड़े की बनावट के कारण कुछ समय पहले इसे दुनिया के सबसे खुश जानवर की उपाधि भी मिल चुकी है। कोका वैसे तो एक साथ रहना पसंद करते हैं। आमतौर पर ये पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दलदली इलाकों और जंगलों में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के रॉटनेस्ट आइलैंड पर ये खूब पाए जाते हैं।

# एक है कैट आइलैंड

तुमने वह कहानी तो सुनी ही होगी, जिसमें एक राजा ने मक्खियों को उड़ाने की नौकरी एक बंदर को दी थी। एक दिन राजा की नाक पर बैठी मक्खी को उस बंदर ने डंडे से ऐसा भगाया कि राजा की नाक ही टूट गई। उसके बाद राजा ने ऐसे दोस्तों से तौबा कर ली थी। कुछ ऐसा ही माजरा हुआ है दक्षिण जापान के एक दूर के द्वीप पर। वहां पर अधिकतर मछुआरे रहते हैं। बेचारों ने काफी समय पहले एक ऐसे दोस्त से दोस्ती कर ली, जो अब उनकी जान की मुसीबत बन गया है। दक्षिणी जापान के आओशिमा नामक द्वीप पर मछुआरों की दोस्त बनकर आई बिल्लियां अब संख्या में इतनी ज्यादा हो गई हैं कि जिधर नजर घुमाओ, बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आती हैं। ये इतनी ज्यादा हो गई हैं कि यहां हर एक आदमी पर छह बिल्लियों का अनुपात बन गया है। बेचारे इस द्वीप के रहने वाले। हर वक्त उन्हें भगाते ही रहते हैं। कुछ उन्हें खाना भी खिलाते हैं। कुछ वर्षों पहले जब यहां चूहे बहुत ज्यादा हो गए थे और वे आए दिन मछुआरों की नाव काटने लगे, तो बिल्लियों को इस द्वीप पर लाया गया। अब चूहे तो नहीं रहे, लेकिन चारों तरफ बिल्लियां ही बिल्लियां हैं। इस द्वीप पर कुछ बुजुर्ग और युवा ही रहते हैं। बाकी सभी बड़े शहर चले गए हैं। अब यहां इतनी बिल्लियां हैं कि कोई रेस्टोरेंट या खोमचा नहीं खोला जा सकता। यहां केवल इस 'कैट आइलैंड' को देखने आने वालों को लाने-ले जाने वाली मोटरबोट ही ज्यादा दिखती हैं। हालांकि कुछ लोगों को इस द्वीप पर बिल्लियों को देखने में खूब मजा आता है।





# रूबिक क्यूब्स का तोड़ा रिकॉर्ड

**अगर इंटेलिजेंट होने की बात आती है, तो रूबिक क्यूब्स में महारत की बात भी जरूर उठती है। आपको पता है कि रूबिक क्यूब्स क्या होते हैं?**

दोस्तों, तुम सभी ने आकार में चौकोर कई रंग-बिरंगे खानों वाला यह क्यूब कभी न कभी खेला जरूर होगा। उसे हल करना आमतौर पर लोगों के लिए बहुत कठिन होता है। इसीलिए उसे जो सही-सही खेल ले, वह बड़ा बुद्धिमान माना जाता है। इस क्यूब को पसंद करने वालों में बहुत से ऐसे भी हैं, जो इसे सबसे जल्दी हल करने की प्रतियोगिता भी करते हैं। उन्हें 'स्पीड क्यूबर्स' के नाम से जाना जाता है। बहुत से लोग इसके लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे कि भारत के भार्गव नरसिम्हन। वह एक जाने-माने स्पीड क्यूबर हैं। उनके नाम रूबिक क्यूब के दो नेशनल रिकॉर्ड हैं और अब खबर है कि उन्होंने 5 रूबीस क्यूब का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह उन्होंने एक मिनट के अंदर हल कर दिया। यह काम उन्होंने केवल एक हाथ से ही कर दिखाया। वैसे भार्गव केवल 22 साल के हैं और अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इनसे प्रेरणा लेकर तुम भी रूबिक क्यूब्स को जल्द से जल्द हल करने का मुकाबला रख सकते हो। तुम्हें बहुत मजा आएगा।